नई दिल्ली

**बुधवार, 29 मई 2024**

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 48
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

**मौसम**
अधि. 46
न्यून. 32

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





11 प्रीतिस्मिता ने 133 किलो वजन उठाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

## मोदी 30 मई को पंजाब के होशियारपुर में रैली करने के बाद तमिलनाडु जाएंगे

# काशी में जिस दिन पड़ेंगे वोट, ठीक उसी दिन कन्याकुमारी में घंटों तक ध्यानमग्न होंगे पीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर ध्यान करेंगे। पीएम मोदी का ये कन्याकुमारी दौरा 30 मई से 1 जून तक का होगा।

पीएम मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान करेंगे। ये मंडपम उसी स्थान पर बना है, जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान अंतिम चरण के मतदान के समय पीएम मोदी केदारनाथ गए थे। उस दौरान उन्होंने रुद्र गुफा में ध्यान किया था। वहीं, 2014 में उन्होंने शिवाजी के प्रतापगढ़ का दौरा किया था। 1 जून को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान होना है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार इससे पहले 30 मई को सुबह 11 बजे पीएम मोदी होशियारपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह तमिलनाडु जाएंगे और वहीं रात में विश्राम करेंगे।

> साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान अंतिम चरण के मतदान के समय पीएम मोदी केदारनाथ गए थे। उस दौरान उन्होंने रुद्र गुफा में ध्यान किया था।




फाइल फोटो

> कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद देशभर में भ्रमण के बाद पहुंचे थे और यहीं पर उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था

### ◆ कन्याकुमारी में हुए थे स्वामी विवेकानंद को भारत माता के दर्शन

गौरतलब है कि कन्याकुमारी वह स्थान है जहां स्वामी विवेकानंद को भारत माता के दर्शन हुए थे। इस शिला का स्वामी विवेकानंद के जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ा। जबकि, लोगों का मानना है कि जैसे सारनाथ गौतम बुद्ध के जीवन में विशेष स्थान रखता है, वैसे ही यह चट्टान स्वामी विवेकानंद के जीवन में भी वैसा ही स्थान रखती थी। स्वामी विवेकानंद देशभर में भ्रमण के बाद यहां पहुंचे और तीन दिनों तक तपस्या की और विकसित भारत का सपना देखा। उसी स्थान पर ध्यान करना स्वामी जी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को जीवन में लाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि देवी पार्वती भी उसी स्थान पर एक पैर पर बैठकर भगवान शिव की प्रतीक्षा करती रहीं थी।






**26** साल का रिकॉर्ड टूटा

**50.3** डिग्री तक पहुंचा पारा

### मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं

# नौतपे की तपन से झुलस गया हरियाणा सिरसा रहा देश का सबसे गर्म इलाका

**31 मई तक तपाएगा नौतपा**

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

हरियाणा में नौतपे के बीच गर्मी का कहर जारी है। राज्य में 26 साल बाद मई का महीना सबसे ज्यादा गर्म है। हिसार जिले के पास लगते सिरसा जिला में लगातार दूसरे दिन दिन भी अधिकतम तापमान 50.3 डिग्री तक पहुंच गया और सोमवार को यह देश का सबसे गरम इलाका रहा। इससे पहले 26 मई 1998 को हिसार का पारा 48.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। राज्य में दिन का तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री तक अधिक हो चुका है। पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में 1.6 डिग्री तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एमएल खीचड़ के अनुसार हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 31 मई तक खुश्क और गर्म रहने की संभावना है।



देश के कई हिस्सों में भी गर्मी का कहर, लोग बेहाल

### *17 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट*

*आने वाले तीन दिन में 28-31 मई तक मौसम विभाग ने 17 जिलों पर रेड अलर्ट और 5 उत्तरी जिलों पर ऑरेंज अलर्ट जारी कर किया है। अहम बात है कि हरियाणा में सभी शहरों में पारा 42 डिग्री से ऊपर चल रहा है।*

### संभल में तेज धमाके के साथ फटी आरसीसी रोड

**संभल।** गवां कस्बा में मुख्य मार्ग पर बनी आरसीसी सड़क तेज आवाज से साथ फट गई। धमाके जैसी आवाज सुन आसपास के लोग सहम गए। घरों से बाहर निकलकर देखा तो सड़क फटी मिली। कस्बा गवां में गवां-अनूपशहर मार्ग पर नखासा बाजार के नजदीक चार वर्ष पहले सीसी सड़क का निर्माण किया गया था। रविवार की दोपहर दो बजे के करीब सड़क तेज आवाज के साथ फट गई और जमीन से करीब 10 इंच ऊपर उठ गई।

### आ रहा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, 3 दिन बाद मिलेगी गर्मी से राहत

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कई राज्य इन दिनों लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग की मानें तो जून में उत्तर-पश्चिम भारत और मध्य क्षेत्र के आसपास के हिस्सों में लू का दौर जारी रहने की आशंका है। हालांकि, 29 मई से एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने वाला है, जिसकी वजह से कई राज्यों में बारिश और ओलावृष्टि की गतिविधियां देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि 3 दिन बाद बारिश होने से लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।



### अस्पतालों में मरीज बढ़े

हरियाणा में नौतपा के बाद सूर्य की तपिश और भी तल्ख हो गई है। चरखी दादरी के अस्पतालों में डायरिया और लू के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव से बचने के लिए लगातार गाइड लाइन जारी करते हुए लोगों को सलाह दी है।

यहां के सिविल अस्पताल व मातृ-शिशु अस्पताल की दैनिक ओपीडी इस समय एक हजार से पार पहुंच चुकी है। इनमें से करीब 25 प्रतिशत मरीजों में उल्टी और दस्त की शिकायत है। अस्पताल में पहुंचे मरीज कटार सिंह, सुरेश कुमार व संजीव ने बताया कि गर्मी ने पिछले रिकार्ड तोड़ दिया है। उन्होंने दूसरे लोगों को भी गर्मी से बचने की सलाह दी।

### बढ़ोतरी जारी रहने की संभावना

इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी जारी रहने की संभावना है। दिन के समय गर्म पश्चिमी हवाएं अर्थात लू चलने की संभावना है। इस दौरान तापमान बढ़ने से बीच-बीच में हल्के बादल तथा धूल भरी हवाएं चलने की संभावना है। वही, 31 में हरियाणा को राहत के आसार दिखाई दे रहे हैं। 31 में को प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से कहीं-कहीं बादलवाई और हल्की छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है।


Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### प्रज्वल को भारत लौटते ही गिरफ्तार करेंगे



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को संकेत दिया कि कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना अगर 31 मई को भारत नहीं लौटते हैं, तो उन्हें विदेश से वापस लाने की अगली प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि जेडीएस सांसद के वापस आते ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में आखिरी फैसला विशेष जांच दल को करना है।

### गुरमीत राम रहीम हत्या के केस में बरी



**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। रणजीत सिंह की हत्या के केस में कोर्ट ने उसे बरी कर दिया है। अदालत ने चार अन्य आरोपियों को भी बरी किया है। इस हत्याकांड में सीबीआई कोर्ट ने राम रहीम समेत 5 लोगों को दोषी करार दिया था। राम रहीम ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। 22 साल पहले 10 जुलाई 2002 को सिरसा डेरे के प्रबंधक रणजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने का मामला

# याचिका सूचीबद्ध करने पर सीजेआई करेंगे फैसला: उच्चतम न्यायालय



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के संबंध में कोई भी फैसला प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) लेंगे क्योंकि मुख्य मामले पर फैसला पहले से सुरक्षित है। केजरीवाल ने उनका वजन अचानक छह से सात किलोग्राम कम हो जाने के कारण कई चिकित्सकीय जांच कराने के लिए उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है। पीठ ने कहा कि चूंकि केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत देने वाली न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति दत्ता की पीठ ने मुख्य याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है, इसलिए जमानत की अवधि बढ़ाए जाने पर फैसले के लिए याचिका को सीजेआई के समक्ष रखना उचित होगा।

### पिछले सप्ताह क्यों नहीं बताया?

न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने केजरीवाल की अंतरिम याचिका को स्वयं सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया और सीएम की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए पिछले सप्ताह तब क्यों इसका उल्लेख नहीं किया गया, जब सीएम को अंतरिम जमानत देने वाली पीठ में शामिल न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता अवकाश पीठ में बैठे थे। सीएम को अंतरिम जमानत देने वाली पीठ की अध्यक्षता न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने की थी। पीठ ने कहा कि जब न्यायमूर्ति दत्ता पिछले सप्ताह अवकाश पीठ में बैठे थे, आपने तब इसका उल्लेख क्यों नहीं किया? सीजेआई को निर्णय लेने दें क्योंकि यह औचित्य का मुद्दा उठाता है। हम इसे सीजेआई को भेजेंगे। अभिषेक सिंघवी ने कहा कि चिकित्सकीय परामर्श परसों मिला था और इसलिए पिछले सप्ताह उस अवकाश पीठ के समक्ष इसका उल्लेख नहीं किया जा सका जिसमें न्यायमूर्ति दत्ता शामिल थे। उन्होंने कहा कि अगर इसे डिजिटल माध्यम से भी उस पीठ (न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति दत्ता की) के समक्ष सूचीबद्ध किया जाता है तो भी मुझे कोई आपत्ति नहीं है। केजरीवाल ने 26 मई को दायर अपनी याचिका में कहा है कि वह जेल लौटने के लिए न्यायालय द्वारा निर्धारित की गई तिथि दो जून के बजाय नौ जून को आत्मसमर्पण करना चाहते हैं। याचिका में कहा गया है कि उनका वजन छह से सात किलोग्राम कम हो गया है

▶▶ शेष पेज 5 पर

### विदाई भाषण में निवृत्तमान चीफ जस्टिस बोले

# मेरे दुश्मन बहुत सारे, परेशान करने के लिए किए गए बार-बार ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस रवि मलिमथ ने अपनी रिटायरमेंट में स्पीच दी जो काफी चर्चा में बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हमने संसद की बजाए संविधान की सेवा की। साथ ही, उन्होंने उन लोगों की कड़ी आलोचना

▶▶ शेष पेज 5 पर

### मैंने वास्तव में भारत की सेवा की

रवि मलिमथ ने कहा कि मुझे कर्नाटक से ट्रांसफर करके उत्तराखंड का चीफ जस्टिस बनाया गया, लेकिन मैं वहां पर चीफ जस्टिस नहीं बना। फिर मुझे मप्र हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस के रूप में नियुक्त किया गया। यह सभी ट्रांसफर मुझे परेशान करने के लिए किए जा रहे थे। मैंने विंध्य, हिमाचल, यमुना और गंगा की भूमि की काफी सेवा की है। मैंने वास्तव में भारत की सेवा की है और मैं इस अवसर के लिए सभी का शुक्रगुजार हूं।

### बैन के 21 साल बाद लिया फैसला

# तालिबान को आतंकी संगठनों की सूची से अब हटाएगा रूस



एजेंसी ▶▶ रूस

रूस तालिबान को प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की लिस्ट से हटाने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि कजाखिस्तान ने हाल ही में तालिबान को लेकर यह फैसला लिया है और हम भी जल्द ही इसे लागू करेंगे।

### रूस से तेल खरीदना चाहता है तालिबान

रूस ने भी तालिबान पर तमाम पाबंदियों के बावजूद उससे अपने संबंध बनाए रखे हैं। हालांकि, उन्होंने अब तक तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता नहीं दी है। रूस ने तालिबान को सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाले इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के लिए भी न्योता दिया है। यह इवेंट 5-8 जून को होगा।

▶▶ शेष पेज 5 पर

### रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष

# डॉ. समीर कामत को मिला एक वर्ष का सेवा विस्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

■ 31 मई, 2025 तक विस्तार को मंजूरी दी

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत की सेवा में उनकी सामान्य सेवानिवृत्ति आयु (31 मई, 2024) से एक वर्ष की अवधि के लिए यानी 31 मई, 2025 तक विस्तार को मंजूरी दी। उन्हें इस पद पर 25 अगस्त, 2022 को नियुक्त किया गया था। डॉ. कामत आईआईटी खड़गपुर और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए के पूर्व छात्र हैं और 1989 में डीआरडीओ में शामिल हुए थे। डीडीआरएंडडी के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष की नियुक्ति से पहले, डॉ. कामत ने (नौसेना प्रणाली और सामग्री) के महानिदेशक के रूप में कार्य किया। डॉ. कामत भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी (आईएनएई) और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया (आईईआई) के फेलो हैं। उन्हें आईआईटी खड़गपुर से 'विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार', इस्पात मंत्रालय से 'मेटलर्जिस्ट ऑफ द ईयर पुरस्कार' और डीआरडीओ से 'साइंटिस्ट ऑफ द ईयर पुरस्कार' मिल चुका है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहकर्मी-समीक्षित जर्नल में 180 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित किए हैं।



### तेजस्वी के दावे से हलचल बढ़ी

# 4 जून के बाद फिर पलट 'सकते' हैं सीएम नीतीश

एजेंसी ▶▶ पटना

पूर्व डिप्टी सीएम और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर बड़ा दावा किया है। तेजस्वी ने कहा कि उनके चाचा यानी सीएम नीतीश 4 जून के बाद कोई भी बड़ा फैसला ले सकते हैं। नीतीश अपनी पार्टी बचाने और पिछड़ों की राजनीति के लिए कोई भी कदम उठा सकते हैं। तेजस्वी के बयान के बाद बिहार में सियासी हलचल तेज हो गई है। उनके दावे से बिहार में सत्ता परिवर्तन की सुगबुगाहट भी बढ़ने लगी है। हालांकि, सीएम नीतीश कुमार कई बार कह चुके हैं कि वह भाजपा का साथ छोड़कर कहीं नहीं जाने वाले हैं।



### फिलहाल इंतजार कीजिए...

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान मंगलवार को बड़ा दावा किया। तेजस्वी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या नीतीश उनके साथ आएंगे? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि 4 जून तक इंतजार कीजिए। जब सीएम नीतीश कुमार कोई बड़ा फैसला लेंगे, तब देखेंगे।

### इंडी गठबंधन की बैठक से ममता का किनारा



**कोलकाता।** टीएमसी अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि इंडी गठबंधन की 1 जून को एक बैठक होने वाली है। मैंने उनसे कहा है कि मैं इसमें शामिल नहीं हो सकती हूं, क्योंकि उसी दिन पश्चिम बंगाल की 10 सीटों पर चुनाव है। पंजाब, बिहार और पंजाब यूपी में भी 1 जून को चुनाव हैं। पश्चिम बंगाल में एक तरफ चक्रवात है और दूसरी तरफ चुनाव है। अभी मुझे चक्रवात से राहत सब कुछ करना है।

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का प्रियंका गांधी पर पलटवार

# पुरानी गारंटियां पूरी नहीं, फिर ठगने आईं प्रियंका गठबंधन राज्यों में महिला उत्पीड़न पर चुप क्यों?

एजेंसी ▶▶ गगरेट/हरोली

हमीरपुर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने ऊना में कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी की रैली के बारे में बोलते हुए कहा कि प्रियंका गांधी यहाँ मंच से कई नई गारंटियों की घोषणा तो कर दी मगर पुरानी गारंटियां अभी तक क्यों पूरी नहीं हुई इसके बारे में क्यों जवाब नहीं देतीं? प्रियंका गांधी पुरानी गारण्टियाँ बग़ैर पूरी किए फिर हिमाचल की जनता को ठगने आ गईं। सुक्खू और राहुल गांधी झूठी गारंटियां देते देते थक गए तो अब प्रियंका गांधी

▶▶ शेष पेज 5 पर



**झूठ का सहारा ले रही कांग्रेस**

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस किसी भी तरह से सिर्फ सत्ता हथियाना चाहती है। एक बार सत्ता में आ जाने के बाद उनका जनता से कोई सरोकार नहीं रहता। हिमाचल प्रदेश पिछले 16 महीनों से इसका भुक्तभोगी है। यही प्रियंका गांधी और राहुल गांधी 16 महीने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान हिमाचल आकर बड़ी-बड़ी

▶▶ शेष पेज 5 पर

### जनकल्याणकारी योजनाओं का सर्वाधिक लाभ महिलाओं को

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सबसे बड़ा लाभ भी हमारी माताओं बहनों को हीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो चार करोड़ आवास बने हैं उनमें 50% से ऊपर का मालिकाना हक महिलाओं के पास हीं है। इसके अलावा मोदी जी ने 11 करोड़ फ्री रसोई गैस कनेक्शन देकर हमारी ग्रामीण माताओं बहनों को धुएं से आजादी दिलाई है। 13 करोड़ नल से जल कनेक्शन और 12 करोड़ शौचालय देकर मोदी जी ने माताओं बहनों का जीवन सुगम और सुरक्षित बनाया है। आज का भारत अगर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना है तो उसके पीछे हमारी महिला साइंटिस्टों की भी मेहनत है। आज दुनिया में सबसे ज्यादा वूमेन पायलट भारत में हैं। आज हमारी बेटियां एके-47 लेकर दुश्मनों को कब्रिस्तान पहुंचने का दम रखती हैं। यह सब बदलाव मोदी सरकार में हीं संभव हो पाया है।

## एम्स के ट्रामा सेंटर में चल रहा घायलों का इलाज

# डीटीसी बस ने एक अन्य बस को पीछे से टक्कर मारी, दो घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक बस ने मंगलवार को सुबह दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नौरोजी नगर में एक अन्य बस को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि आउटर रिंग रोड पर नौरोजी नगर बस स्टैंड में दो डीटीसी बसों की टक्कर के संबंध में सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस थाने को सूचना मिली। उन्होंने बताया कि एक दल को घटनास्थल पर भेजा गया और घायलों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई जब आकाश द्वारा चलाई जा रही एक डीटीसी बस नौरोजी नगर बस स्टैंड पर यात्रियों को बैठा रही थी और चांदवीर द्वारा चलाई जा रही डीटीसी की एक अन्य बस ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि पश्चिम सागरपुर के दुर्गा पार्क में रहने वाले दो व्यक्तियों मुकेश कुमार और शमशुला को मामूली चोटें आयी हैं और उनका एम्स के ट्रामा सेंटर में उपचार हो रहा है। डीसीपी ने कहा कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।




### चालकों की भर्ती में नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आए दिन होने वाली इलेक्ट्रिक बसों की दुर्घटनाओं को लेकर डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने इन बसों के ऑपरेटरों पर चालकों की भर्ती को लेकर नियमों की अनदेखी के आरोप लगाए है। संगठन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महामंत्री मनोज शर्मा ने बयान जारी कर आरोप लगाए कि इन दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण चालकों की भर्ती में लापरवाही बरतना है। उन्होंने कहा कि आए दिन इलेक्ट्रिक बसों से इस तरह के हादसे दिल्ली में देखने को मिल रहे है। शायद दिल्ली सरकार किसी बहुत बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाए कि निजी बस ऑपरेटर, चालकों की सीधी भर्ती कर लेते हैं।

## द्वारकाः तेज रफ्तार ट्रक ने 29 वर्षीय व्यक्ति को कुचला, मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के द्वारका सेक्टर 23 में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार एक ट्रक ने एक 29 वर्षीय व्यक्ति को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान आकाशदीप के रूप में हुई है। वह द्वारका में रहता था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि द्वारका सेक्टर 23 पुलिस थाने में सुबह आठ बजे इस दुर्घटना के संबंध में फोन आया था जिसके बाद एक टीम को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर एक व्यक्ति बेहोश हालत में मिला। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, आकाशदीप अपनी रॉयल इनफील्ड मोटरसाइकिल से जा रहा था, लेकिन इसी दौरान तेज रफ्तार एक ट्रक ने उसे कुचल दिया और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। अधिकारी ने कहा कि हमने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और वाहन की भी पहचान कर ली गई है। आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं।



## 2020 दंगा मामलाः उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज

**एजेंसी नई दिल्ली।** राजधानी की कोर्ट ने फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों की कथित बड़ी साजिश मामले में आरोपी, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। खालिद के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने जमानत याचिका खारिज कर दी।


**चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड**
CIN- L51909DL1984PLC019441,
पंजी. कार्यालय : 14, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली–110055
कॉर्पोरेट कार्यालय : 1512, पंद्रहवां तल, डीएलएफ गैलेरिया कमर्शियल कॉम्पलैक्स, डीएलएफ सिटी फेज–IV, गुरुग्राम, हरियाणा 122009
Email ID: info@cpil.com, cs@cpil.com

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 21414.99 | 19926.80 | 20421.89 | 85483.12 | 73020.33 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (161.76) | 126.27 | 55.74 | 143.78 | 1076.78 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) मदें और/अथवा असाधारण मदें)/जेवी का लाभ अथवा हानि | (161.76) | 126.27 | 55.74 | 143.78 | 1076.78 |
| 4. | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (151.09) | 94.44 | 36.65 | 77.50 | 800.72 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | (150.02) | 94.44 | 36.48 | 78.57 | 800.55 |
| 6. | इक्विटी शेयर कैपिटल | 369.80 | 369.80 | 369.80 | 369.80 | 369.80 |
| 7. | रिजवर्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | | - |
| 8. | अर्जन प्रति शेयर (रु. 2 प्रत्येक के) (निरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | |
| | बेसिक : | (0.82) | 0.51 | 0.20 | 0.42 | 4.33 |
| | डायल्युटेड : | (0.82) | 0.51 | 0.20 | 0.42 | 4.33 |

**टिप्पणी :**
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिये अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन) के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज वेबसाइट अर्थात (www.bseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट (www.cpil.com) पर उपलब्ध हैं।
2. पूर्ववर्ती वर्षों/तैमाहिक आंकड़े जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड/रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
3. 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु परिणाम कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा अधिसूचित अनुसार भारतीय लेखा मानकों (IND-AS) के अनुपालन में है।
4. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा की गई और 28 मई 2024 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर लिये गये।

निदेशक मंडल की ओर से
चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लि.
हस्ता/-
गजराज जैन
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00049199

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 28 मई 2024


### धन शोधन मामलाः जैन की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने धन शोधन के एक मामले में जमानत (डिफॉल्ट बेल) देने का अनुरोध करने वाली, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब देने के लिए कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे मामले पर एक स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। अदालत ने जेल प्राधिकारियों से जैन का रिकॉर्ड भी मांगा और मामले पर अगली सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तारीख तय की। जैन पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है। उन्होंने निचली अदालत के 15 मई के आदेश को चुनौती दी है जिसमें उन्हें मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।

## हत्या मामले में वांछित उत्तर प्रदेश की इनामी महिला दिल्ली से गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित 22 वर्षीय महिला को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी महिला की जानकारी देने वालों को 25,000 रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला कैली तंवर को सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के फतेहपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। वह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की निवासी है और दीपक अगरोला-कर्मवीर काला गिरोह की भी सदस्य है।

पुलिस के मुताबिक, तंवर उत्तर प्रदेश के लोनी पुलिस थाने में दर्ज हत्या के एक मामले में वांछित थी और उसको गिरफ्तार करने में मदद करने वाले को 25,000 रुपये इनाम देने का ऐलान किया गया था। पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि महिला यहां फतेहपुर के एक घर में रह रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलाके में छापा मारा और तंवर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) अमित कौशिक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तंवर को सोमवार को फतेहपुर इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। कौशिक ने कहा कि पूछताछ के दौरान महिला ने हत्या की बात कबूल कर ली। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उसने पुरानी दुश्मनी के चलते इस अपराध को अंजाम दिया था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला दीपक अगरोला-कर्मवीर काला गिरोह की सदस्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने कैली की गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। डीसीपी ने बताया कि इससे पहले तीन मई को इसी मामले में वांछित मोहम्मद फैजान को पुलिस की विशेष टीम ने एक छोटी-सी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।



### बिभव को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित एक अदालत ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपी बिभव कुमार को तीन दिन के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। बिभव कुमार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी हैं। मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर 13 मई को आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई थी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार को 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कुमार के वकील ने हिरासत में लेकर उनके मुवक्किल से पूछताछ करने की दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके पास कोई सबूत नहीं है। सोमवार को, कुमार की जमानत याचिका एक सत्र अदालत ने यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि प्रतीत होता है कि प्राथमिकी दर्ज कराने का मालीवाल का कोई पूर्व-नियोजित इरादा नहीं था और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों को 'खारिज' नहीं किया जा सकता। कुमार के खिलाफ 16 मई को भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।




**MOHIT PAPER MILLS LIMITED**
CIN : L21093DL1992PLC116600
पंजी. कार्यालय : 15ए/13, अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
वर्क्स : 9 किमी. स्टोन, नगीना रोड, बिजनौर, उत्तर प्रदेश-246701
Phone: 011- 25886798
E-mail: Investorsmohitpaper@gmail.com, Website: www.mohitpaper.in

**मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में)

| वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम का सार | समाप्त तिमाही (31-03-2024) अंकेक्षित | समाप्त तिमाही (31-12-2023) अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही (31-03-2023) अंकेक्षित | समाप्त वर्ष (31-03-2024) अंकेक्षित | समाप्त वर्ष (31-03-2023) अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 4755.03 | 5043.72 | 5884.96 | 19202.66 | 22,627.53 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 218.41 | 270.87 | 223.41 | 909.96 | 705.48 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पूर्व, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 218.41 | 270.87 | 223.41 | 909.96 | 705.48 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 69.29 | 225.63 | 184.66 | 645.35 | 491.56 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय | 69.29 | 225.63 | 184.66 | 645.35 | 491.56 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रति शेयर) | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल की सं. (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रति इक्विटी शेयर) | 140 | 140 | 140 | 140 | 140 |
| रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | 3052.36 | 0 | 2407.01 | 3052.36 | 2407.01 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व और पश्चात) (रु. 10/- प्रत्येक के) | | | | | |
| बेसिक : | 0.49 | 1.61 | 1.32 | 4.61 | 3.51 |
| डायल्युटेड : | 0.49 | 1.61 | 1.32 | 4.61 | 3.51 |

**टिप्पणी :**
1. कम्पनी के उपरोक्त परिणामों की समीक्षा कर ली गई और ऑडिट कमेटी द्वारा अनुशंसित कर दिये गये हैं तथा 28 मई 2024 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये। यह कम्पनी की वेबसाइट www.mohitpaper.in के साथ-साथ स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।
2. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 और कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) (संशोधित) नियमों, 2016, लागू योग्य तक, के नियम 3 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 (दि 'एक्ट') की धारा 133 के तहत निर्धारित IND AS हैं और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') द्वारा लागू अनुसार और जारी दिशा-निर्देशों, भारतीय लेखा मानकों ('IND AS') के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही हेतु अंकेक्षित वित्तीय आंकड़े, क्रमशः दिसम्बर 2023 को समाप्त पूर्ववर्ती तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय आंकड़े और पूर्ववर्ती वर्ष अर्थात 31 मार्च 2023 में समाप्त अनुकूल तिमाही हेतु अंकेक्षित वित्तीय आंकड़े और समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 और 31 मार्च 2023 क्रमशः हेतु अंकेक्षित वित्तीय विवरण कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षक द्वारा जारी अंकेक्षण रिपोर्ट के अधीन थे।
4. पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़े वर्तमान आंकड़े के साथ उनको तुलनायोग्य बनाने के लिये जहां आवश्यक हुआ, रिग्रुप्ड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।

कृते व मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड की ओर से
हस्ता/-
संदीप जैन
(प्रबंध निदेशक)
(डीआईएन : 00458048)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.05.2024


## मानहानि के मामले में आतिशी को किया तलब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक भाजपा नेता द्वारा दायर आपराधिक मानहानि शिकायत में तलब करने से मंगलवार को इनकार कर दिया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता ने केजरीवाल पर आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ने दावा मानहानि कारक है कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं को भाजपा में शामिल होने के लिए धन की पेशकश की गई थी। हालांकि, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तान्या बामनियाल ने आप नेता आतिशी को तलब करते हुए कहा कि 'प्रथम दृष्टया' इस विषय में उनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं। न्यायाधीश ने दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी को अदालत के समक्ष 29 जून को पेश होने का निर्देश दिया। भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर ने केजरीवाल और आतिशी के आरोपों को लेकर उनके खिलाफ एक मामला दायर किया था। दोनों नेताओं ने आप के विधायकों की खरीद-फरोख्त करने का आरोप लगाया था। न्यायाधीश ने कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों, शिकायतकर्ता के गवाहों के बयानों, रिकॉर्ड में जमा किये गए साक्ष्यों पर विचार करते हुए, प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि आरोपी संख्या - 1 (आतिशी) ने आपत्तिजनक बयान दिये थे...। उन्होंने कहा कि साथ ही, प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि आतिशी के अपमानजनक बयान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/सोशल मीडिया में पर्याप्त रूप से प्रसारित हुए...। न्यायाधीश ने कहा कि ऐसा लगता है कि आतिशी ने अपने शब्दों और उसके भावार्थों के जरिये अपमानजनक आरोप लगाये, जिसने प्रथम दृष्टया समाज के एक वर्ग के लोगों के बीच शिकायतकर्ता की प्रतिष्ठा घटाई।



### श्रद्धा हत्याकांडः दिल्ली पुलिस ने दाखिल किया पूरक आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अपनी 'लिव-इन पार्टनर' श्रद्धा वालकर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ और अधिक डिजिटल तथा फॉरेंसिक सबूतों के साथ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष करीब 3,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया। पूनावाला ने मई 2022 में राष्ट्रीय राजधानी के महरौली में वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें शहर के अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया था।


**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर-ए, जसोला, नई दिल्ली-110025
www.hindustantin.biz
Contact No. : 011-49998888, Fax : 011-49998822

**पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए**

SCRIP CODE : 530315
CIN: L27109DL1958PLC003006

(रु. लाखों में)

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

| विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 8,777.14 | 9,803.90 | 8,105.42 | 41,935.36 | 46,462.08 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 193.40 | 715.34 | 314.16 | 2,304.12 | 2,286.43 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 193.40 | 715.34 | 314.16 | 2,304.12 | 2,286.43 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 302.44 | 532.28 | 400.43 | 1,704.11 | 1,649.64 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 313.02 | 537.51 | (96.91) | 1,693.30 | 1,173.67 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 |
| पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | | | | 17,881.53 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. में) | | | | | |
| बेसिक | 3.01 | 5.17 | (0.93) | 16.28 | 11.29 |
| डायल्युटेड | 3.01 | 5.17 | (0.93) | 16.28 | 11.29 |

**टिप्पणी :**
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 28 मई 2024 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर उपलब्ध हैं।
3. IND AS 109 के अनुसार, कम्पनी अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज इसके निवेशों (एफवीटीओसीआई) का मूल्यांकन कर चुकी है। श्री उत्तम स्टील एंड पावर लिमिटेड में निवेश के उचित मूल्य को रु. 651.00 प्रति शेयर के पूर्ववर्ती दर्ज उचित मूल्य से एक वृद्धि को दर्शाते हुये, रु. 659.42 प्रति शेयर पर स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा मूल्यांकित किया गया है।
4. बोर्ड 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष हेतु रु. 10/- प्रत्येक के प्रत्यक्ष मूल्य के रु. 1.20 (12%) प्रति इक्विटी शेयर के एक अन्तिम लाभांश की अनुशंसा कर चुका है जो कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28 मई 2024

**सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन!**

संजय भाटिया
प्रबंध निदेशक


### यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार से निकाला

# दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बम होने की सूचना अफवाह निकली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार सुबह वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार 'इंडिगो' की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली, लेकिन विमान की तलाशी लिए जाने के बाद सूचना अफवाह निकली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चालक दल के सभी कर्मियों और 176 यात्रियों को विमान के आपातकालीन द्वारों से बाहर निकालकर उसमें तलाशी अभियान चलाया गया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में यह देखा जा सकता है कि पायलट आपातकालीन 'स्लाइड' का उपयोग कर विमान से बाहर आ रहा है। एक अन्य वीडियो में, एक बुजुर्ग यात्री को चालक दल के एक सदस्य की मदद से विमान से आपातकालीन द्वार के जरिये बाहर आते देखा जा सकता है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सुबह करीब पांच बजे, वाराणसी के लिए उड़ान भरने वाले इंडिगो के एक विमान के शौचालय में एक कागज मिलने की सूचना मिली। इस पर लिखा था बम-सुबह साढ़े पांच बजे। अधिकारी ने बताया कि विमान की गहन तलाशी ली गई। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बम होने की धमकी अफवाह निकली। आगे की जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जब 'इंडिगो' की उड़ान संख्या 6ई2211 को रवाना करने की तैयारी की जा रही थी तभी पायलट को एक शौचालय में कागज का एक टुकड़ा मिला, जिस पर बम होने की धमकी लिखी थी। उन्होंने बताया कि विमान चालक ने नियंत्रण कक्ष को इस बारे में सूचना दी, जिसके बाद सुरक्षा अभियान शुरू किया गया। 'इंडिगो' के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और हवाई अड्डा सुरक्षा एजेंसियों के दिशानिर्देशों के अनुसार विमान को हवाई अड्डे के एक दूरस्थ स्थान पर ले जाया गया। प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार के जरिए विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया। बयान में कहा गया है कि वाराणसी के लिए उड़ान पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर रवाना हुई। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।



## खबर संक्षेप

### बिजली की मांग हो सकती है 8 हजार मेगावाट पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम के हालात ऐसे ही रहे तो बिजली की मांग अब 8 हजार मेगावाट पार कर सकती है। मंगलवार दोपहर बाद 3.20 बजे राजधानी में बिजली की मांग 7911 मेगावाट दर्ज हुई। बिजली कंपनियों का अनुमान है कि देर रात यह आंकड़ा 8 हजार मेगावाट पार पहुंच सकता है। जबकि सोमवार को मांग का आंकड़ा 7933 मेगावाट दर्ज हुआ। वहीं दिल्ली में आल टाइम बिजली की ऐतिहासिक खपत 22 मई 2024 को 8 हजार मेगावाट दर्ज हो चुकी है। जहां एक तरफ बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है, वहीं बिजली की कटौती भी हो रही है। उत्तम नगर के दाल मिल क्षेत्र में घंटो कटौती की शिकायतें मिल रही है। जबकि द्वारका के मधु विहार, सोनिया विहार, नंगली सकरावती, छतरपुर, पालम, जनकपुरी, सीलमपुर, नंदनगरी, नेहरू विहार,गांधीनगर, गांधी विहार, खानपुर, देवली, जहांगीरपुरी, मंगोलपुरी, गोकुल पुरी, दुर्गा पुरी, ब्रिजपुरी, पटपटगंज, इब्राहिमपुर, बकौली, बख्तावरपुर, बुराड़ी जैसे कई क्षेत्र शामिल है जहां कटौती की जा रही है। लेकिन निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का दावा है कि कहीं कोई कटौती नहीं की जा रही। लोकल फाल्ट की वजह से आपूर्ति बाधित हो सकती है।

### एबीवीपी ने डीयू में मनाई सावरकर जयंती

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मंगलवार को दिल्ली के कला संकाय में विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई तो वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय की विधि संकाय के उमंग भवन में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती के उपलक्ष्य पर परिचर्चा का आयोजन भी किया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र के प्राध्यापक डॉ उमेश अशोक कदम एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री उपस्थित रहें जिन्होंने वीर सावरकर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि वीर सावरकर देश के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शुमार है, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए काले पानी की सजा काटी थी। महान स्वतंत्रता सेनानी का जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमने उनकी जयंती पर दिल्ली विश्वविद्यालय के भिन्न भिन्न जगहों पर पुष्पांजलि, संगोष्ठी व परिचर्चा का आयोजन कर उन्हें याद किया तथा उनके विचारों को छात्रों के बीच पहुंचाने का काम किया।

### लोगों से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील

# दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दे रहा हरियाणा जल आपूर्ति को किया जाएगा तर्कसंगतः आतिशी

एजेंसी, हरिभूमि ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा एक मई से दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि इसके चलते दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति को तर्कसंगत बनाने सहित कई उपाय लागू करेगी। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के कई इलाके पानी की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने लोगों से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की। मंत्री ने यह भी चेतावनी दी कि अगर लोगों ने इस अपील पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले दिनों में सरकार को पानी के अधिक इस्तेमाल पर चालान काटना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस मुद्दे पर लगातार हरियाणा से बात कर रही है और अगर अगले कुछ दिनों में इसका समाधान नहीं निकला, तो वह इस मामले को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती है। आतिशी ने कहा कि हरियाणा ने दिल्ली के हिस्से का पानी छोड़ना बंद कर दिया है। एक मई को वजीराबाद में जल स्तर 674.5 फुट था। यह औसत स्तर है, जिसे बनाए रखा जाना चाहिए। पिछले साल अप्रैल, मई और जून में न्यूनतम स्तर 674.5 बनाए रखा गया था। आंकड़े साझा करते हुए मंत्री ने कहा कि आठ मई तक वजीराबाद में जल स्तर 672 फुट रह गया और 20 मई तक यह 671 फुट था तथा मंगलवार को यह और घटकर 669.8 फुट रह गया। उन्होंने कहा, ₹जो बोरवेल पहले छह से सात घंटे काम करते थे, वे 14 घंटे तक काम कर रहे हैं। हमने पानी के टैंकरों की संख्या भी बढ़ा दी है। आज से, हम उन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति कम कर रहे हैं, जहां इसकी आपूर्ति दिन में दो बार की जाती है, वहां अब यह दिन में एक बार की जाएगी। जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों में तर्कसंगत तरीके से पानी की आपूर्ति की जाएगी। आतिशी ने लोगों से पाइप के जरिए पानी से गाड़ियां न धोने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि अगर लोग इस सार्वजनिक अपील पर ध्यान नहीं देंगे, तो हमें पानी के अत्यधिक उपयोग पर चालान काटना पड़ सकता है। पानी का दुरुपयोग बेहद गैर-जिम्मेदाराना है।




### डीजेबी कर रहा है अधिक जल शोधन का दावा

भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लू के बीच दिल्ली में पीने के पानी की किल्लत लोगों के लिए दोहरी मुसीबत साबित हो रही है। ऐसे में जहां दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी आरोप लगा रही है कि दिल्ली में पीने के पानी की कमी हरियाणा की वजह से हो रही है। क्योंकि हरियाणा यमुना में कच्चा पानी कम छोड़ रहे है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली जल बोर्ड दावा कर रहा है कि दिल्ली के सभी जल शोधन संयंत्र अपनी क्षमता से अधिक जल शोधन कर रहे है। इस बारे में डीजेबी के एक आला अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में डीजेबी का कहना है कि कुल क्षमता 956 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) के मुकाबले, वर्तमान में लगभग 979 एमजीडी पीने योग्य पानी का शोधन हो रहा है, यह कभी एक हजार एमजीडी तक पहुंच जाता है। अधिकारी का दावा है कि गंदे पानी की आपूर्ति को रोकने के लिए ताजा रिकार्ड के अनुसार 1111 पानी के नमूने उठाए गए थे जिनका अत्याधुनिक 9 संयंत्र प्रयोगशालाओं में उपचार और वितरण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण कराया गया। पेयजल की प्रभावी सेवा वितरण के लिए हरे, नारंगी और लाल क्षेत्रों को स्पष्ट रूप से चयनित करने वाली एक रिपोर्ट दैनिक आधार पर सभी संबंधित विभागों को सौंपी जाती है। बोर्ड ने यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपाय लागू किए हैं कि निवासियों को आपूर्ति किया जाने वाला पानी सुरक्षा और शुद्धता के उच्चतम मानकों को पूरा करता है। अधिकारी ने बताया कि 135 एमजीडी ट्यूबवेलों, रेनीवेल, कुओं से और शेष जल उपचार संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) का योगदान शामिल है। डीजेबी ने शहर भर में 5726 ट्यूबवेल स्थापित किए थे जो चालू हैं। ये ट्यूबवेल भूजल भंडार का उपयोग करेंगे, जिससे अतिरिक्त 135 एमजीडी पानी उपलब्ध होगा। डीजेबी अत्यधिक दोहन को रोकने और टिकाऊ उपयोग सुनिश्चित करने के लिए भूजल स्तर की भी बारीकी से निगरानी कर रहा है। अधिकारी का कहना है कि डीजेबी ने वाटर टैंकर तैनाती के निर्धारित गंतव्य बिंदुओं को 6050 से बढ़ाकर 8700 कर दिया है। वर्तमान में जल टैंकर भरने वाले हाइड्रेंट (रिफिलिंग पॉइंट )190 स्थानों पर चालू हैं। टैंकर संचालकों को सुबह छह बजे से पहले टैंकर तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं और प्रत्येक शिफ्ट में अलग-अलग ड्राइवर लगाकर उन्हें सुबह 11 बजे तक तैनात रखा जा रहा है।

## दिल्ली के कई क्षेत्रों में पारा पहुंचा 50 डिग्री करीब, तीन दिन में राहत, बूंदाबांदी के आसार








**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मंगलवार को कई क्षेत्रों में पहली बार पारा 49 डिग्री सेल्सियस पार यानी 50 डिग्री के बेहद करीब पहुंच गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार नरेला व मुंगेशपुर में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 49.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो एक नया रिकॉर्ड है। जबकि नजफगढ़ में अधिकतम तापमान 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं जाफरपुर में 48.6 डिग्री, पीतमपुरा में 48.5 डिग्री, पूसा में 48.5 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि कई क्षेत्रों में 47 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार दिल्ली का औसत तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिल्ली वालों को आज बुधवार को भी सूरज के बिगड़े तेवरों की मार भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के रूप में झेलनी पड़ेगी। लेकिन उम्मीद की जा सकती है कि गुरुवार से सूरज के तेवर कुछ नरम होंगे और राहत की उम्मीद की जा सकती है। अगले दो तीन दिन में दिल्ली पर बारिश भी मेहरबान हो सकती है। आईएमडी के अनुसार अगले दो तीन दिन में सूरज के तेवरों में नर्मी आएगी। बादलों की मेहरबानी भी हल्की बूंदाबांदी के रूप में राहत दे सकते है। अनुमान है कि 31 मई और 1 जून को दिल्ली में प्री मानसून हल्की बारिश दस्तक दे सकती है। मौसम वैज्ञानिक एस के बांका का कहना है कि दिल्ली में पारा असामान्य रूप से यानी 50 डिग्री तक पहुंचना भविष्य में आने वाली बेहद विषम परिस्थितियों का आगाज है। अगर अब भी शासन प्रशासन व आम जनता आग की भट्टी बनती दिल्ली की तरफ ध्यान नहीं देते तो कुछ नहीं कहा जा सकता। बांका का कहना है कि दिल्ली देश की राजधानी है ऐसे में यहां केंद्र व दिल्ली सरकार सहित अन्य स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी बनती है कि आग के गोले की तरफ बढ़ती राजधानी को कैसे राहत दिलाई जाए।

## पानी की कमी के लिए केजरीवाल और आतिशी हैं जिम्मेदार : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की चिलचिलाती गर्मी के बीच दिल्ली के लोगों को जिस भीषण पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, वह पूरी तरह से आम आदमी पार्टी सरकार की समर एक्शन प्लान लाने की अयोग्यता, अक्षमता का परिणाम है और इस स्थिति के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और जल मंत्री आतिशी जिम्मेदार है। दिल्ली में पानी की कमी को लेकर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि जल मंत्री आतिशी का यह बयान कि हरियाणा से दिल्ली को कम पानी मिलने से कमी उत्पन्न हो रही है, एक सफेद झूठ है और दिल्ली के लोगों के साथ छल है तो हरियाणा के लोगों की भावना से खिलवाड़ है। उन्होने कहा है कि जल संकट अब चेन्नई को भी पीछे छोड़ रहा है। सचदेवा ने कहा कि बेहतर होगा कि अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी दिल्ली के लोगों को गुमराह करने की जगह जल वितरण पॉलिसी पर काम करे।

### जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल ने एक शब्द पानी की कमी पर नहीं बोला

सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल जब जेल में थे तो आतिशी ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल ने जेल से कहा है कि पानी की कमी नहीं होने दीजिए पर अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को 17 दिन जेल से आये हो गये पर उन्होंने एक शब्द पानी की कमी पर नही बोला है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली पिछले दो सप्ताह से अपनी स्थापित जल उत्पादन क्षमता 956 एमजीडी से कहीं अधिक पानी का उत्पादन कर रही है फिर भी संकट बढ़ रहा है।

### पिछले 11 वर्षों से नहीं किया तालाब से गाद निकालने का कार्य

सचदेवा ने कहा है कि वजीराबाद जल उपचार संयंत्र, जिसकी उत्पादन क्षमता 131 एमजीडी है, 113.48 एमजीडी की क्षमता से नीचे काम कर रहा है, केवल इसलिए क्योंकि वजीराबाद बैराज से पहले इसके तालाब क्षेत्र में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बैराज के पीछे के तालाब से गाद निकालना, जो कि 2013 तक एक वार्षिक कार्य था, पिछले 11 वर्षों से नहीं किया गया है और तालाब जलाशय की क्षमता 90 प्रतिशत से अधिक कम हो गई है।

# उपराज्यपाल ने दिए निजी नर्सिंग होम्स के पंजीकरणों की एसीबी जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शनिवार रात को यमुना पार के विवेक विहार स्थित एक नवजात शिशु अस्पताल में आग की वजह से नौनिहालों की दर्दनाक मृत्यु के बाद उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के निजी नर्सिंग होमों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। एलजी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को निर्देश दिए है कि राजधानी के सभी निजी नर्सिंग होम्स के रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण और नियामक प्रबंधन) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) जांच की जाए। सक्सेना ने मुख्य सचिव को कहा कि इस मामले में सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है। राजनिवास अनुसार एलजी ने कहा कि जिन अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, उन्होंने इसमें गंभीरता नहीं दिखाई। इसलिए मुझे व्यापक जनहित के लिए कदम उठाने लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी नर्सिंग होम के पंजीकरण की व्यापक जांच होनी चाहिए जिससे यह पता लगाया जा सके कि कितने नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) के अवैध रूप से चल रहे है। वहीं जिनके पास वैध पंजीकरण है, बावजूद इसके क्या सरकार द्वारा तय नियमों का पालन कर रहे है या नहीं। उन्होंने साफ निर्देश दिए है कि अवैध रूप से चल रहे निजी नर्सिंग होम्स के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोषी अधिकारियों को भी बक्शा नहीं जाना चाहिए। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या स्वास्थ्य विभाग ने पंजीकरण या उसके नवीनीकरण की मंजूरी देने से पहले मौके पर जाकर निरीक्षण किया था। सक्सेना ने कहा कि 1,190 नर्सिंग होम हैं, जिनमें से एक चौथाई से अधिक बिना वैध पंजीकरण के चल रहे हैं।

### मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गृह सचिव को की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री की नहीं सुन रहे स्वास्थ्य सचिव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अपने स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार की शिकायत केंद्र सरकार के गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को पत्र लिखकर की है। शिकायत में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि विवेक विहार बेबी केयर सेंटर अग्निकांड को चार दिन हो गए और स्वास्थ्य सचिव गायब हैं। बार-बार फोन, मैसेज और ईमेल के बाद भी स्वास्थ्य सचिव का कोई जवाब नहीं आया है। साथ ही उपराज्यपाल पर आरोप लगाते हुए मंत्री भारद्वाज ने कहा कि मासूम बच्चों की मृत्यु पर भी एलजी राजनीति से बाज नहीं आए है। जो अफसर आदेश नहीं मानते, फ्री इलाज रोकते हैं, मुफ्त दवा रोकते हैं, जनता के काम रोकते, एलजी साहब का उन्हें संरक्षण है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य सचिव के विषय में एक शब्द भी नहीं कहा है और उनको शिकायत करने का कोई फ़ायदा नहीं, वे ऐसे अफ़सरों को संरक्षण देते हैं।

### अग्निकांड में नवजातों की जान बचाने वाले बहादुरों को भाजपा ने किया सम्मानित



हाल ही में हुए विवेक विहार अस्पताल अग्निकांड में नवजातों की जान बचाने वाले बहादुरों को भाजपा ने मंगलवार को सम्मानित किया। इनका सम्मान शाहदरा जिले स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्वी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा एवं जिला अध्यक्ष संजय गोयल ने किया। बता दें कि शनिवार 25 मई शाम को विवेक विहार स्थित न्यू बॉर्न बेबी हॉस्पिटल में आग लग जाने के कारण 7 बच्चों की मृत्यु हो गई और बाकी बचे नवजात बच्चों को स्थानीय निवासियों ने बचाया था। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि ऐसी घटनाएं दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के मुंह पर तमाचा है और केजरीवाल सरकार के सिस्टम की पोल खोल रहा है। ऐसी घटनाओं पर सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा होना चाहिए जिसमें 7 नवजात बच्चों की मौत हो जाती है। मल्होत्रा ने कहा कि उन बहादुर नागरिकों का आभारी हूं जिन्होंने 5 नवजात बच्चों को उस भीषण आग से बचाया। इस घटना में अपनी जान दांव पर लगाने वाले विनय नारंग, अरुणिमा शर्मा, शशि, अंकित गोयल, मीनाक्षी खरबंदा और अन्य सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने उन बच्चों को भीषण आग से बचाया। इस मौके पर शाहदरा जिला के अध्यक्ष संजय गोयल, भाजपा नेता यासिर जिलानी, दीपक गाबा, गीता व सुशील उपाध्याय उपस्थित रहे।

### पश्चिम विहार में आंख के अस्पताल में लगी आग पर पाया काबू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में आंखों के एक निजी अस्पताल में मंगलवार को आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोगों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 11.35 बजे घटना के संबंध में फोन पर जानकारी मिली। यह आग 'आई मंत्रा हॉस्पिटल' की दूसरी मंजिल पर लगी थी। अधिकारी ने कहा कि दमकल की छह गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए लगाया गया और दोपहर 12.30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया और संबंधित जगह को ठंडा करने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारी के मुताबिक, आग एक स्प्लिट एयर कंडीशनर की वॉल फिक्स्चर और एक लासिक लेजर मशीन में लगी थी। अधिकारी ने बताया कि आगे की जांच के लिए स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है।

### जेल जाने का समय आया तो नित नए बहाने बना रहे हैं सीएम केजरीवाल : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वापस जेल जाने का समय आ गया है तो अब वह नित्त नए बहाने बना रहे हैं। उन्होंने अब अपने खराब स्वास्थ्य का बहाना बनाकर सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए याचिका डाली थी जिसे कोर्ट ने जल्दी सुनने से इंकार कर दिया है। सचदेवा ने केजरीवाल द्वारा मेडिकल ग्राउंड पर 7 दिन की अंतरिम जमानत बढ़ाने पर कहा कि केजरीवाल के स्वास्थ्य की चिंता हमें भी है इसलिए उनके स्वास्थ्य के बारे में हमने भी कई बड़े डॉक्टरों से बातचीत की है जिन्होंने कहा है कि जो भी टेस्ट केजरीवाल कराना चाहते हैं वे सारे टेस्ट एक दिन में ही हो जाएंगे तो सवाल सिर्फ इतना है कि केजरीवाल को फिर सात दिन का समय क्यों चाहिए। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल अब अपने झूठे स्वास्थ्य की चिंता करना छोड़ दें क्योंकि दो जून को उन्हें जेल के अंदर जाना है। सचदेवा ने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल को गंभीर बीमारियां हैं जिनका वह नाम ले रहे हैं तो फिर वह पंजाब चुनाव प्रचार कैसे कर रहे है। उनको अपने स्वास्थ्य की चिंता होनी चाहिए। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल के परिवार के साथ ही हमें भी उनके स्वास्थ्य की चिंता है इसलिए वे दिल्ली आएं और मैं खुद उन्हें लेकर अस्पताल जाऊंगा और उन सभी स्वास्थ्य जांचों को करवाऊंगा जो वह चाहते हैं और उनकी रिपोर्ट शाम तक आ जाएगी।

# डीयू में 79 पाठ्यक्रमों में किए जाएंगे 71 हजार दाखिले : विकास गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- डीयू का यूजी सीएसएएस एडमिशन पोर्टल लॉन्च
- शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय ने जारी की यूजी एडमिशन पॉलिसी

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में सीयूईटी स्कोर के आधार पर स्नातक कक्षाओं में कुल 79 पाठ्यक्रमों को लिए लगभग 71 हजार सीटों पर दाखिले किए जाएंगे और 69 कॉलेजों/ विभागों के बीए प्रोग्रामों में कुल 183 कंबिनेशन उपलब्ध हैं। डीयू के रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता ने मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में स्नातक (यूजी) एडमिशन पॉलिसी लॉन्च करने के दौरान यह बातें कही। उन्होंने बताया कि सीयूईटी परिणाम घोषित होने के बाद सीएसएएस के दूसरे फेज की शुरुआत की जाएगी। वहीं, डीयू प्रवेश शुरू होने के 3 घंटों में, 5911 उम्मीदवारों ने यूजी सीएसएएस पर पंजीकरण कराया। डॉ विकास गुप्ता ने बताया कि एसओएल के लिए 3 जून से दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी जबकि "नॉन कॉलेजिएट वूमेंस एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब)" के लिए दाखिला प्रक्रिया मंगलवार से ही शुरू हो रही है। बता दें कि डीयू ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अपनी स्नातक (यूजी) एडमिशन पॉलिसी लॉन्च कर दी है। इसके साथ ही यूजी एडमिशन पोर्टल "कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस)" की लॉन्चिंग की गई और इसके साथ ही डीयू में स्नातक दाखिलों के पहले फेस की शुरुआत हो गई है। इसके साथ ही स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) और एनसीवेब के लिए भी दाखिला पॉलिसी जारी की गई। प्रेसवार्ता के दौरान डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने यूजी एडमिशन और सीएसएएस के बारे में तथा एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने एसओएल के दाखिलों के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए डीयू रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से सुपरन्यूमैरेरी कोटा के तहत सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए भी अब सभी कॉलेजों एवं विभागों की प्रत्येक कक्षा में एक-एक सीट आरक्षित रखी जाएगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष डीयू ने देश में पहली बार अनाथ विद्यार्थियों के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था की थी। प्रेसवार्ता के बाद डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी ने लैपटॉप पर बटन दबा कर सीएसएएस पोर्टल की विधिवत लांचिंग की। इस अवसर पर बुलेटिन ऑफ इन्फॉर्मेशन भी जारी किया गया। प्रेसवार्ता के दौरान डीयू दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो और डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी भी उपस्थित रहे।

रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को लेकर अब तक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) प्रोग्रामों, बीटेक और पांच वर्षीय लॉ इंटीग्रेटेड प्रोग्रामों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 25 अप्रैल से शुरू की गई थी। इन प्रोग्रामों की पहली आवंटन सूची 20 जून तक जारी हो सकती है। उन्होंने बताया कि 27 मई तक हुए पंजीकरणों के अनुसार पीजी में 80,346, बीटेक में 9052 और पांच वर्षीय लॉ इंटीग्रेटेड प्रोग्रामों में 7362 पंजीकरण हो चुके हैं।

**खबर संक्षेप**

### बॉबी कटारिया तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**गुरुग्राम।** कबूतरबाजी व मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार बॉबी कटारिया को अदालत ने तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी से 20 लाख रुपए की नकदी व चार मोबाइल फोन व वारदात से संबंधित कागजात बरामद किए। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि मामले में पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि यूट्यूबर पर बेरोजगार युवाओं को कबूतरबाजी कर मानव तस्करी करने के आरोप है। यूपी के रहने वाले दो युवकों ने थाना बजघेड़ा में शिकायत में बताया कि सोशल मीडिया पर बॉबी की ओर से विदेश में नौकरी लगवाने का विज्ञापन है।



### 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत

**फरीदाबाद।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ऋतु यादव ने कहा कि जिला सत्र एवं न्यायाधीश कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में सर्वोच्च न्यायालय की हिदायतों के अनुसार 29 जुलाई से 3 अगस्त तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालतें आयोजित है। सीजेएम ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों से संबंधित पार्टियां स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से इस संबंध में संपर्क कर सकती हैं।




### नाबालिग ने कार से मारी टक्कर, केस दर्ज

**गुरुग्राम।** डीएलएफ थाना क्षेत्र में कार चला रहे नाबालिग द्वारा एक व्यक्ति को टक्कर मारने का मामला सामने आया है। हादसे में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसके पैर का लिगामेंट टूटने की बात सामने आई है। पुलिस ने अज्ञात नाबालिग पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-27 निवासी राजेश सिंह ने बताया कि वह सोमवार की दोपहर डेढ़ बजे किसी वाहन की इंतजार में खड़े थे। इसी दौरान बलीनो कार चला रहे एक नाबालिग ने उसे सीधी टक्कर मार दी।



### कार की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत

**गुरुग्राम।** राजेन्द्रा पार्क थाना एरिया में तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और कार चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव धनवापुर निवासी रोहित ने कहा कि मंगलवार की सुबह वह और उसके पिता धर्मवीर किसी काम से सेक्टर-9 गए थे। रोहित बाइक से था, जबकि धर्मवीर स्कूटी पर थे। वापसी के दौरान धर्मवीर स्कूटी लेकर आगे चल रहे थे। एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी।



---

नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप

# महाराष्ट्र के खिलाड़ियों को परास्त कर रिधिमा व विधिका ने स्वर्ण पदक जीतकर फरीदाबाद का नाम किया रोशन

> रिधिमा और विधिका की इस सफलता से यह साबित होता है कि मेहनत और समर्पण से किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। फरीदाबाद और हरियाणा को इन दोनों युवा खिलाड़ियों पर गर्व है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद की रिधिमा कौशिक व विधिका कौशिक ने स्वर्ण पदक जीतकर फरीदाबाद का नाम रोशन प्रदेश और देश में किया है। यह जानकारी हरियाणा रेडक्रॉस के सेवानिवृत्त महासचिव डीआर शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि दोनों बेटियों ने किकबॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने जिला, राज्य और देश का नाम रोशन किया है। दोनों बेटियों नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर लाई हैं। रिधिमा व विधिका हरियाणा रेडक्रॉस के सेवानिवृत्त महासचिव डीआर शर्मा की भतीजी है।

डीआर शर्मा ने कहा कि ये युवा प्रतिभाएं देश का भविष्य हैं और इनकी सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। रिधिमा और विधिका की इस सफलता से यह साबित होता है कि मेहनत और समर्पण से किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। फरीदाबाद और हरियाणा को इन दोनों युवा खिलाड़ियों पर गर्व है।

**खास बात**

- 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में 28 किलोग्राम से कम वजन श्रेणी में विधिका ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया



**युवा प्रतिभाएं देश का भविष्य, अन्य के लिए प्रेरणास्त्रोत**

उन्होंने बताया कि 13 साल की रिधिमा ने केवल 4 साल की उम्र में किकबॉक्सिंग की शुरुआत की थी और अपनी मेहनत और लगन से विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और रजत पदक हासिल किए हैं। 13 वर्षीय रिधिमा ने महाराष्ट्र के पुणे स्थित शिव छत्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी में आयोजित नेशनल किकबॉक्सिंग चिल्ड्रन किड्स चैंपियनशिप में भाग लिया और कई पदक जीते और इसी प्रतियोगिता में 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में 28 किलोग्राम से कम वजन श्रेणी में, रिधिमा की बहन विधिका कौशिक ने भी किक लाइट और लाइट कॉन्टैक्ट इवेंट्स में स्वर्ण पदक जीते। विधिका ने किक लाइट इवेंट में महाराष्ट्र और हरियाणा के खिलाड़ियों को पराजित किया और लाइट कॉन्टैक्ट इवेंट में महाराष्ट्र और मणिपुर के खिलाडियों को हराया। इसके साथ ही उन्होंने टीम इवेंट में कांस्य पदक भी जीता, जिसमें महाराष्ट्र की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

---

स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक

एनजीटी से संबंधित लंबित कोर्ट केसों पर भी चर्चा

# अवैध खनन स्वीकार्य नहीं की जाएगी कड़ी कार्रवाई

> उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि अवैध रूप से खनन स्वीकार्य नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति गैर कानूनी तरीके से खनन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

***निर्धारित समय में सभी कार्यों पूरा करने के निर्देश***

विस्तार से प्लान तैयार कर मुख्यालय भेजे संबंधित अधिकारी

हर महीने इन प्लान पर ऑनलाइन समीक्षा करने की हिदायत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि अवैध रूप से खनन स्वीकार्य नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति गैर कानूनी तरीके से खनन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में संबंधित विषय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक से पूर्व वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पर्यवारण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने विस्तार से अवैध खनन सहित स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से जुड़े मामलो की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त विक्रम सिंह ने सभी दिशा निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि निर्धारित समयावधि में सभी कार्यो को पूरा किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरान्त उपायुक्त ने मौके पर ही खनन विभाग, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और वन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।




**अरावली क्षेत्र से जुड़े 23 बिंदुओं पर रिपोर्ट**

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खनन विभाग, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और वन विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर उसकी रिपोर्ट मुख्यालय में भेजें। उन्होंने एनजीटी और कोर्ट केसों की फाइलों को कंपाइल करने की सुनिश्चितता की आवश्यकता पर जोर दिया। अरावली क्षेत्र से जुड़े विभिन्न 23 बिंदुओं पर रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने अरावली क्षेत्र के एक्शन प्लान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित प्लानिंग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कहा कि पूरा प्लान तैयार कर डिटेल के साथ मुख्यालय भेजें। उन्होंने नई एसओपी के अनुसार पूरे प्लान को कंप्लीट करके मुख्यालय भेजने की भी सुनिश्चितता की बात कही। उन्होंने कहा कि हर महीने इन विषयों पर ऑनलाइन समीक्षा की जाएगी और हर महीने और त्रैमासिक आने वाली सभी रिपोर्ट निर्धारित समय पर भेजना सुनिश्चित करें। उपायुक्त विक्रम सिंह ने जिला वन, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ जिला के एनजीटी और कोर्ट केसों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तीनों विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके कोर्ट केसों का बेहतर क्रियान्वयन करें और निर्धारित समय पर केसों की पैरवी सुनिश्चित करें। उपायुक्त कार्यालय से जो भी सहयोग की आवश्यकता हो, उसे निश्चित तौर पर पूरा किया जाएगा। कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। बैठक में जिला वन अधिकारी डा. सुशील कुमार, जिला पॉल्यूशन बोर्ड के आरओ संदीप सिंह, जिला माइनिंग ऑफिसर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

नगर निगम के कंट्रोल सेंटर का विस्तार

# इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम जनवरी 2025 से होगा शुरू

*नगर आयुक्त ने किया निर्माणाधीन आईटीएमएस कार्यालय का निरीक्षण*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम मुख्यालय मे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कार्यालय को बनाने की तैयारी जोरों से चल रही है,ल। जिसका नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को निरीक्षण किया। कार्यालय के लिए लगभग 288 वर्ग मीटर एरिया में बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। बिल्डिंग में दो फ्लोर बनाए जाएंगे जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को व्यवस्थित करने के लिए बनाया जाएगा। पहले फ्लोर पर गाजियाबाद नगर निगम कंट्रोल सेंटर का विस्तार करते हुए नया स्वरूप दिया जाएगा। चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग लगातार निर्माण विभाग के अधिकारी भी कर रहे हैं लगभग 2 करोड़ 67 लाख से उक्त बिल्डिंग को बनाने का कार्य किया जा रहा है।

**ट्रैफिक लाइट कंट्रोल सिस्टम से होगा व्यवस्थित**

नगर आयुक्त ने बताया कि चयनित 41 चौराहों पर लगी हुई ट्रैफिक लाइट को ऑटोमेटिक कंट्रोल सिस्टम के माध्यम से व्यवस्थित किया जाएगा तथा सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से ट्रैफिक पर भी पूरी नजर रखी जाएगी। ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों का चलान भी ऑटोमेटिक करने की व्यवस्था को भी इसी कंट्रोल रूम के माध्यम से किया जाएगा। जिसके चलते इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को आधुनिक तकनीकी से युक्त बनाया जाएगा। जिसके लिए वीडियो वॉल भी लगाई जाएगी। इन सभी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए बिल्डिंग का निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है लगभग 6 माह के भीतर कार्य को पूर्ण किया जाना है। नगर आयुक्त द्वारा टीम को रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता एन के चौधरी व अधिशासी अभियन्ता फरीद अहमद जैदी भी उपस्थित रहे।

---

गाजियाबाद में करता था चेन स्नैचिंग

## दिल्ली का बदमाश गाजियाबाद में पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना साहिबाबाद पुलिस व स्वाट टीम ट्रांस हिंडन जोन ने सोमवार की रात में मुठभेड़ में एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। खासबात यह है कि यह बदमाश दिल्ली का रहने वाला है, लेकिन ट्रांस हिंडन इलाके में आकर चेन, मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देता था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि बदमाश का नाम फैजान है। थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में जीटी रोड रेलवे स्टेशन कट के पास सघन वाहन चेकिंग की जा रही थी।



---

अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज

## देसी कट्टे सहित शातिर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को अपराध शाखा टीम ने गस्त के दौरान फज्जूपुर चौक सेक्टर-78 से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना बीपीटीपी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी कट्टे को बल्लबगढ़ रेलवे स्टेशन पर किसी व्यक्ति से 2000 रूपए में वारदात के समय लोगो में भय बनाने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी पर पूर्व में 2 अवैध हथियार व 3 चोरी के थाना खेड़ी पुल व बीपीटीपी में दर्ज है।



---

फरीदाबाद मृतका का फोन बरामद

## पत्नी की हत्या करने वाले को पुलिस ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने अपनी पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी शम्भू सिंह गांव बेटोना जिला मधेपुरा बिहार का हाल त्रिखा कॉलोनी बल्लबगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम के कप्तान सिंह, मुख्य सिपाही आनन्द सिंह मुख्य सिपाही जोगिन्द्र व सिपाही नसीब ने अपने गुप्त सूत्रों से बल्लबगढ़ बस स्टैंड से काबू किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शम्भू सिंह मजदूरी का काम करता है। उसकी पत्नी घरों में साफ-सफाई का काम करती थी। आरोपी के साथ 16-17 मई की रात को पैसों को लेकर पत्नी के साथ झगडा हो गया था। जिसके संबंध में आरोपी के लड़के अभिनाष कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि वह जब 17 मई को अपने कमरे गया तो देखा उसकी माता पूनम घायल अवस्था में है। जो बेड पर लहू-लुहान पड़ी थी, पूनम ने बताया कि उसके पति शम्भू सिंह ने हथोड़ा से चोट पहुंचाई थी। जब पूनम को इलाज के लिए जीएच बल्लभगढ़ लेकर गए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



---

पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की

## लोन रिफंड के नाम पर जालसाज ने लगाई 4 लाख, 83 हजार की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में लोन रिफंड के नाम व्यक्ति से 4 लाख, 83 हजार 874 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

शिकायत में बसई गांव में रहने वाले उपेंद्र कुमाार ने कहा कि उनके पास लोन के लिए फोन आया। ब्याज ज्यादा होने के चलते उन्होंने मना कर दिया। कुछ दिन बाद फिर से फोन आया और कम ब्याज पर लोन दिलाने की बात कही। फोन करने वाले ने उपेंद्र से ओटीपी पूछ लिया। कुछ देर बाद इसी नंबर से फिर फोन आया और ब्याज ज्यादा होने के चलते उपेंद्र ने लोन लेने से मना कर दिया। इसके बाद उपेंद्र के अकाउंट में 4 लाख 83 हजार 874 रुपए आ गए। उपेंद्र ने जब उसी नंबर पर कॉल की तो वहां से जवाब मिला कि हीरो फिनकॉप कंपनी से बात कर बताते हैं। उपेंद्र के पास उसी नंबर से कॉल आई और कहा गया कि हीरो फिनकॉप कंपनी से उसके पास फोन आएगा, अगर उसे लोन नहीं चाहिए तो वह रुपए वापस कर दे। कुछ ही देर बाद फोन आया, उसने उपेंद्र को रुपए वापस करने एक अकाउंट नंबर दिया। उपेंद्र ने रुपए वापस कर दिए। लेकिन कंपनी से रुपए वापस करने के लिए फोन आया तो उसके समझ आ गया कि उसके साथ ठगी हो गई है।




---

पानी की किल्लत को लेकर विधायक व निगमायुक्त से मुलाकात

निगम प्रशासन से पानी सप्लाई के लिए 2 दिन का समय मांगा

## एनआईटी-86 के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, कई दिनों से यहां पानी को तरस गए रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भीषण गर्मी में एनआईटी-86 में बढ़ती पानी की किल्लत को लेकर विधायक नीरज शर्मा ने निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास से मुलाकात की थी। आज एनआईटी-86 में 10 दिन से पानी न आने पर विधायक नीरज शर्मा ने एफएमडीए और नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि भाजपा के लोगों द्वारा राजनीति दबाव के चलते एफएमडीए और नगर निगम के अधिकारी एनआईटी-86 की जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है और 10 दिन से इस इलाके में पानी नहीं आ रहा है। इस भीषण गर्मी में पेयजल की सबसे ज्यादा मार एनआईटी-86 के इलाके के लोगों को झेलनी पड़ रही है। यहां के लोगों को टैंकर से खरीदकर पानी की जरूरत पूरी करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिसके लिए भाजपा के लोग एफएमडीए और नगर निगम के अधिकारियों पर दबाव बनाकर पानी की सप्लाई रुकवा रहे हैं। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि इस समय रैनीवैल की कुल 8 लाइनें है और पानी की प्रोटेक्शन है 192 एमएलडी है और एनआईटी-86 को 10 एमएलडी पानी भी नहीं मिल रहा है। फरीदाबाद में साढ़े चार विधानसभा हैं और 40 एमएलडी पानी एनआईटी विधानसभा-86 का हक बनता है। विधायक नीरज शर्मा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि एनआईटी-86 की जनता को अगर दो दिन के अंदर 40 एमएलडी पानी प्रतिदिन नहीं मिला तो एनआईटी-86 की जनता कठोर कदम उठाने को मजबूर हो जाएगी। निगम प्रशासन ने विधायक से एनआईटी-86 को पूरी तरह पानी की आपूर्ति के लिए 2 दिन का समय मांगा है।



## दिसंबर तक राम मंदिर निर्माण पूरा करने का लक्ष्य

# शिखर निर्माण के साथ प्रथम तल पर होगी रामदरबार की प्रतिष्ठा दूसरे तल पर आयोजित होंगे विशेष अनुष्ठान, लेनी होगी अनुमति

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर निर्माण समिति ने 2024 के दिसंबर तक मंदिर के निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। भूतल व प्रथम तल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। दूसरे तल का निर्माण पूरा करने के बाद ही शिखर पर काम शुरू होगा।

प्रथम तल पर रामदरबार की प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके साथ ही शिखर की भी प्रतिष्ठा पूरी हो जाएगी। यह दिसंबर तक होना संभावित है। खास बात यह है कि सबसे ऊपर यानी दूसरे तल पर केवल विशेष अनुष्ठान आयोजित होंगे जो ट्रस्ट की अनुमति के बाद ही संभव हो पाएंगे। यहां सभी श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति नहीं होगी क्योंकि यह अनुष्ठान का केंद्र होगा। भवन निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने यह जानकारी दी।

- फरवरी के दूसरे पखवाड़े से आगे का काम शुरू
- परकोटे में छह मंदिर बनाए जाएंगे
- 2025 में ऑडिटोरियम, अतिथि गृह का निर्माण शुरू होगा



### रामदरबार के विग्रह का रेखाचित्र तैयार होगा

मिश्र ने बताया कि राम मंदिर के प्रथम तल में राम दरबार के विग्रह का रेखाचित्र बनाने का जिम्मा पुणे, महाराष्ट्र के प्रसिद्ध चित्रकार वासुदेव कामत को दिया गया है। उन्होंने रामलला का भी रेखाचित्र तैयार किया था। वहीं परकोटा की परिधि में छह मंदिर में सूर्यदेव, भगवान शिव, गणपति, माता दुर्गा, हनुमान, अन्नपूर्णा का मंदिर बनना है।

### सप्तर्षि मंदिर के फाउंडेशन का काम शुरू

*नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही राममंदिर में श्रद्धालुओं का दर्शन शुरू हो गया। इसकी वजह से कुछ दिन मंदिर निर्माण कार्य बाधित रहा लेकिन फरवरी के दूसरे पखवाड़े से निर्माण कार्य ने तेजी पकड़ ली है। अब दिसंबर के पहले द्वितीय तल शिखर मंदिर, परकोटा के सात मंदिर का काम पूरा हो जाएगा। सात मंदिरों में महर्षि वशिष्ठ, महर्षि अगस्त्य, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वाल्मीकि के अलावा माता शबरी, निषाद राज व देवी अहिल्या के मंदिर बनाए जाने हैं। इन मंदिरों के फाउंडेशन का निर्माण शुरू हो चुका है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास महाराज की मूर्तियों का निर्माण मकराना के संगमरमर से कराने पर मंथन चल रहा है।*

### यूपीआरएनएन कराएगा निर्माण के टेंडर

मिश्र ने बताया कि ऑडिटोरियम का कान्सेप्ट तैयार है। 4 जून को मतगणना के बाद आदर्श आचार संहिता हट जाएगी तो फिर टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ने ऑडिटोरियम निर्माण के साथ संतों के लिए अतिथि गृह व तीर्थ क्षेत्र के कार्यालय का भी निर्माण प्रस्तावित है। इसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की लखनऊ इकाई को सौंपी गई है। निर्माण कार्य के टेण्डर भी यूपीआरएन की ओर से ही निकाला जाएगा। साल 2025 में इससे संबंधित कई निर्माण होंगे।

## खबर संक्षेप

### झारखंड बोर्ड द्वारा 8वीं के परिणाम जारी

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने आठवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम आधिकारिक



वेबसाइट पर घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष झारखंड बोर्ड 8वीं की परीक्षा 561774 विद्यार्थियों ने दी थी। इसमें से 528962 विद्यार्थी यानी 94.16 फीसदी पास घोषित किए गए हैं। फेल होने वाले बच्चों के लिए जैक विशेष परीक्षा लेगा। इस वर्ष हजारीबाग जिले का रिजल्ट सबसे अच्छा रहा है। यहां 97.06 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। वहीं सबसे कम रिजल्ट जामताड़ा का रहा है जहां 90.17 फीसदी बच्चे पास हुए।

### बांदा में सड़क हादसा 3 की मौत, 6 घायल

**बांदा।** यूपी के बांदा जिले में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग



घायल हो गए। ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे आ रहा ऑटो घुस गया। उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। छह गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मध्य प्रदेश के धर्मपुर थाना क्षेत्र के अमरछी गांव निवासी एक ही परिवार के मुन्नू बीबी (70), शमीना (35), मुबस्सर (10), सिफा (14), नफीसा (48), मुनूस (55), हाजरा (45), गौस मोहम्मद (42), नूर बीबी (60) आदि सीएनजी ऑटो से नरैनी कोतवाली क्षेत्र के कबौली गांव में एक निमंत्रण में जा रहे थे।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला

# यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच, विपक्ष के सुर आज भी मंदिर विरोधी

सीएम योगी ने कहा कि आज भी कांग्रेस कह रही है कि राम मंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए था, इससे दुनिया में गलत संदेश गया है। आज भी कांग्रेस-सपा वाले राममंदिर के बारे में विरोधी सुर में ही बोलते हैं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को यूपी की 13 सीटों पर मतदान होना है। इन सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए नेताओं-दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है।

इस बीच मंगलवार की सुबह सीएम योगी ने गोरखपुर के कैम्पियरगंज में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। आज भी कांग्रेस कह रही है कि राम मंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए था, इससे दुनिया में गलत संदेश गया है। आज भी कांग्रेस-सपा वाले राममंदिर के बारे में विरोधी सुर में ही बोलते हैं। इन्हें सत्ता से दूर रखना होगा। अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण की याद दिलाते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का चरित्र रामद्रोही है। कांग्रेस ने स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह को सीएम पद से इसलिए हटाया था क्योंकि वीर बहादुर सिंह राम भक्त थे और उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाने में अपना योगदान दिया था। इसलिए उन्हें कांग्रेस ने सीएम पद से हटा दिया था।

**कांग्रेस का चरित्र रामद्रोही**

### गोरखपुर संसदीय क्षेत्र विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा

### गरीब बच्चों के लिए वरदान बने अटल आवासीय विद्यालय



### गोरखपुर में कमल खिलेगा

*सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर की जनता 1 जून को कमल चुनाव चिन्ह पर वोट देकर भाजपा को रिकॉर्ड मतों से ऐतिहासिक विजय दिलाने जा रही है। 'विकसित भारत-विकसित यूपी' के साथ ही 'विकसित गोरखपुर' के लिए यहां की जनता तीसरी बार भी मोदी के संकल्पों के साथ है। विकास के नित नए प्रतिमान गढ़ रहा गोरखपुर लोक सभा क्षेत्र हर बूथ पर 'कमल' खिलाने के लिए तैयार है।*

**गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा मुहैया करा रहे**

*योगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से यूपी में स्थापित अटल आवासीय विद्यालय गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं। गोरखपुर में स्थापित यह आवासीय विद्यालय गरीब, वंचित, अनाथ और श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 06 से 12 तक निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा मुहैया कराकर उनके जीवन को ज्ञान के आलोक से आलोकित कर रहा है। खेलों में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को भी यहां प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजना के माध्यम से यहां के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। वंचित बच्चों के भविष्य को संवारने में मददगार साबित हो रहे अटल आवासीय विद्यालय द्वारा युवाओं की एक ऐसी पौध विकसित होगी, जो पूरी दुनिया में भारतीय मूल्यों के सशक्त ध्वजवाहक बनेगी।*

### बुलेट ट्रेन की स्पीड से विकास हो

**मीरजापुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मीरजापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मीरजापुर भी विकास की दौड़ में बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रहा है। यहां विशाल जनसमूह के उत्साह से स्पष्ट है कि जनता ने 'फिर एक बार, मोदी सरकार' के मंत्र को आत्मसात कर लिया है। यहां कि जनता-जनार्दन अपने अमूल्य मत का आशीर्वाद देकर यहां भाजपा-एनडीए की पुनः प्रचंड विजय सुनिश्चित करने जा रही है।



### सम्राट चौधरी का विपक्ष पर हमला

# चुनाव के समय संविधान खत्म होने की याद आती



एजेंसी ▶▶ जहानाबाद

बिहार के डिप्टी सीएम एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने अरवल के करपी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब चुनाव होता है तो राष्ट्रीय जनता दल को आरक्षण की याद आती है। संविधान खत्म होने की याद आती है। लेकिन 2014 से लेकर केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार रही। संविधान को कोई खतरा नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार सरकार ने लोगों के लिए ढेर सारी सुविधाएं दी। सम्राट ने कहा कि सरकारी नौकरी, गैस चूल्हा, मुफ्त अनाज, किसानों के खाते में पैसा, गरीबों को 5 लाख की स्वास्थ्य गारंटी दी। कांग्रेस ने कई दशकों तक भारत पर राज किया, लेकिन गरीबों की चिंताएं नहीं की।

- कांग्रेस ने दशकों तक राज किया, लेकिन गरीबों की चिंताएं नहीं की

### भारत की सीमाएं सुरक्षित

सम्राट चौधरी ने कहा कि सबसे बड़ी बात है कि एनडीए की सरकार ने धारा 370 समाप्त की। आज कश्मीर अन्य सभी राज्यों के समान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में आतंकवाद, उग्रवाद, नक्सलवाद चरम पर रहा है। पाकिस्तानी सेना भारतीय सेनिकों के सिर काट दिया करती थी। कांग्रेस सरकार चुप बैठी रहती थी। लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। आज भारत में यह दम है कि अगर पाकिस्तान कुछ करेगा तो भारत घर में घुस के मारेगा। भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकी और उग्रवादी घटनाओं में तेजी से कमी आई है।

### जंगल राज की कहानी बहुत डरावनी

सम्राट ने जहानाबाद लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के समर्थन में प्रचार करते हुए करपी के गांधी मैदान में आयोजित सभा में कहा, जंगलराज की कहानी बहुत डरावनी है। उस दौर में रोजाना लाशों का ढेर लगता था। बाप अपने बेटे को मुखाग्नि देता था। इसके लिए जिम्मेदार लोग सीएम हाउस में जाकर लालू प्रसाद यादव से बात करते थे।

## पेज एक का शेष

### पिछले सप्ताह क्यों ...

और उनका कीटोन स्तर 'बहुत अधिक' है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है। याचिका में कहा गया है कि सीएम को 'पैट-सीटी स्कैन' सहित कुछ चिकित्सकीय जांच कराने की जरूरत है। 'पैट-सीटी स्कैन' यानी 'पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी-कंप्यूटेड टोमोग्राफी' जांच के जरिए शरीर के अंगों एवं ऊतकों की विस्तृत तस्वीरें ली जाती हैं। शीर्ष अदालत ने 10 मई को, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी, जिसके अनुसार उन्हें 2 जून को जेल लौटना है। केजरीवाल को आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि केजरीवाल 2 जून को आत्मसमर्पण करेंगे। इसके एक दिन पहले एक जून को, लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान होना है। केजरीवाल के खिलाफ मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति बनाने और उसे क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। यह नीति अब रद्द की जा चुकी है।

### मेरे दुश्मन बहुत सारे...

की जिन्होंने कोर्ट के काम में दखलअंदाजी करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि उनके करियर में हुए अलग-अलग ट्रांसफरों से काफी घबराहट होने की संभावना थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अक्टूबर 2021 में मप्र हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनने से पहले मलिमथ जुलाई 2021 से अक्टूबर 2021 तक हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस थे। उन्होंने जुलाई 2020 से जनवरी 2021 तक उत्तराखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में भी काम किया। उन्हें जनवरी 1987 में बेंगलुरु में एक वकील के रूप में नामांकित किया गया था। उन्होंने कर्नाटक हाईकोर्ट में दीवानी समेत कई मामलों की प्रैक्टिस की थी।

**कोई मेरी सेवा की बराबरी नहीं कर पाएगा:** पूर्व चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि कुछ लोग ऐसे भी थे जिन्होंने कई महीनों और सालों तक मेरे करियर पर बुरा असर डालने की कोशिश भी की थी। हालांकि, वह इस काम में नाकामयाब ही हुए। उन्होंने आगे कहा कि मैंने वह काम किया है जो देश का कोई भी चीफ जस्टिस या दूसरा जज नहीं कर पाया है। वह मेरी सेवा की बराबरी नहीं कर पाएंगे, चाहे कितनी भी कोशिश कर लें। मैं उन सभी को सलाह देता हूं कि अब वे मेरे बजाए अपनी जिंदगी पर ध्यान दें। मैं इस समय बहुत कुछ कह सकता हूं और नाम भी उजागर कर सकता हूं। मुझे यकीन है कि मेरे आलोचक भी इस समय काफी परेशान होंगे। वह बहुत घबराहट के साथ देख रहें कि मैं अपनी फेयरवेल पर क्या कह रहा हूं।

### रूस से तेल खरीदना...

अफगानिस्तान ने रूस से तेल खरीदने की भी इच्छा जताई है। पश्तो भाषा में तालिबान का अर्थ 'छात्र' होता है। इस संगठन की स्थापना साल 1994 में अफगानिस्तान के कंधार शहर में हुई थी। यह उन गुटों में से एक था जो सोवियत संघ की वापसी के बाद अफगानिसतान पर कब्जे के लिए गृह युद्ध लड़ रहा था। लावरोव ने कहा कि तालिबान असली ताकत है। हम उनसे अलग नहीं हैं। सेंट्रल एशिया में हमारे सहयोगी भी उनसे अलग नहीं हैं। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के 3 साल बाद रूस ने यह फैसला किया है। दरअसल, पिछले साल के अंत में कजाखिस्तान ने तालिबान को बैन किए गए आतंकी संगठनों की लिस्ट से हटा दिया था।

### पुरानी गारंटियां पूरी नहीं...

को हिमाचलियों को दुबारा ठगने भेजा है। हमीरपुर और हिमाचल की माताएं बहनें बड़ी आस लगा के बैठी थीं कि शायद प्रियंका गांधी 16 महीने पहले किए अपने 1500 प्रति महीने के वादे पर कुछ बोलेंगी परंतु प्रियंका गांधी ने उस ओर कुछ न बोलकर और नए-नए झूठे वादों की लिस्ट थमा दी है। 16 महीने से खुद को ठगा महसूस कर रही जनता अब आक्रोशित हो चुकी है और 1 जून को हिमाचल से कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ करने के लिए वोट करने जा रही है। अनुराग ठाकुर ने यह बातें आज गगरेट, हरोली, ऊना और कुटलैहड़ विधानसभाओं में आयोजित दर्जन भर से ज्यादा जनसभाओं व मीडिया कर्मियों से वार्तालाप के दौरान कहीं। उन्होंने अपनी जनसभाओं में मोदी सरकार व स्वयं द्वारा किए गए विकास के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और कांग्रेस की नाकामी को भी लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया।

**महिलाओं के अत्याचार पर सिलेक्टिव राजनीति कर रहीं:** अनुराग ठाकुर ने कहा कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं का नारा देने वाली प्रियंका गांधी को बंगाल की संदेशखली में माताओं बहनों पर हुआ अत्याचार नहीं दिखता है। प्रियंका को कर्नाटक में अपने ही कार्यकर्ता की बेटी का एक दरिंदे द्वारा गला रेता जाना नहीं दिखता है क्योंकि वोट बैंक पॉलिटिक्स आड़े आ जाती है। इनको अपने सहयोगियों द्वारा एक महिला सांसद का उत्पीड़न नहीं दिखता है क्योंकि वो इनके नैरेटिव में फिट नहीं बैठता। यह ऐसे नेता हैं जो महिलाओं के खिलाफ अत्याचार पर भी सिलेक्टिव राजनीति करते हैं। देश ये जान रहा है इसीलिए इन्हें बार बार नकार रहा है। प्रियंका को अब अपना नारा लड़की हूं लड़ सकती हूं से बदल कर लड़की हूं लेकिन लड़ नहीं सकतीं हूं कर लेना चाहिए।

**महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान:** अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने महिला सशक्तिकरण को एक नया आयाम दिया है। मोदी जी ने ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर देश की विधायिकाओं में माताओं बहनों के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान किया है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश में जब धूमल जी की सरकार थी तब उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं में माताओं बहनों को 50% आरक्षण दिया था। भाजपा के संगठन में भी महिलाओं के लिए 25% आरक्षण लागू है। इससे पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी नारी सशक्तिकरण पर कितना जोर देती है। आज मोदी जी ने एक गरीब आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया है। पिछले 10 वर्षों से देश की वित्त मंत्री एक महिला हीं हैं जिनके सानिध्य में मुझे भी काम करने का अवसर मिल है।

### झूठ का सहारा ले...

घोषणाएं और गारंटियां देकर गए थे मगर अभी तक उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ है। अभी लोकसभा चुनाव के समय यह लोग फिर से उसी झूठ का सहारा लेकर चुनाव प्रचार में लगे हैं। कांग्रेस और उसके नेताओं की यही विडंबना है कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी यह लोग जनता को मूर्ख समझते हैं। इन्हें लगता है कि जनता को कुछ भी बोल दो तो वह उनकी बातों में आकर उन्हें वोट दे देगी। यही कारण है कि यह लोग 2014 और 2019 की करारी हार के बाद अब 2024 में 40 से भी कम सीटों पर सिमटने वाले हैं।

### ईवीएम ले जा रही गाड़ी को रोका

# जौनपुर में 52 सपाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

एजेंसी ▶▶ जौनपुर

जौनपुर में प्रशासन ने पार्षद समेत 52 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। 25 मई को जौनपुर और मछलीशहर लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने ईवीएम ले जा रही गाड़ी को रोक लिया था और हंगामा किया था।

पुलिस के मुताबिक सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। जौनपुर और मछलीशहर लोकसभा सीट के लिए 25 को मतदान खत्म होने के बाद वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बने



मतगणना स्थल पर पोलिंग पार्टिया ईवीएम जमा करने पहुंच रही थीं। इस बीच मुंगराबादशाहपुर से रिजर्व ईवीएम लदी डीसीएम कलेक्ट्रेट के लिए चलते हुए पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रास्ते पर पहुंची। यहां जाम होने के कारण डीसीएम खड़ी थी तभी सपा के लोगों ने डीसीएम को रोककर हंगामा करना शुरू कर दिया।

### अखिलेश यादव ने कसा सियासी तंज

# भाजपा जहां अपनी सीट मान रही थी ...अब वो भी हार रही

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी जिले के मोहनसराय गंगापुर में मंगलवार को आयोजित जनसभा में अखिलेश यादव ने इंडी गठबंधन के प्रत्याशी व कांग्रेस नेता के समर्थन में संबोधित किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तक मैं उत्तर प्रदेश में एक सीट को छोड़कर सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का दावा कर रहा था, लेकिन आज मैं कह सकता हूं कि जहां भाजपा के लोग क्योटो को अपनी सीट मान रहे थे ये भी सीट वो हारने जा रहे हैं। यादव ने कहा कि न निवेश आया, न कारखाने लगे, आज 10 साल बाद जब पीछे मुड़कर देखते हैं तो ये दीवाली का रॉकेट भी नहीं बना पाए। बनारस वाले जानते होंगे वो सुतली का बम भी नहीं बना पाए, ये जो जी-20 का आयोजन हुआ था, जी-20 का मतलब है 2 गुजरात के बाकी भाजपा के जीरो।

**जी-20 का मतलब है 2 गुजरात के बाकी भाजपा**



### डबल इंजन का धुआं निकलता दिख रहा

*अखिलेश ने कहा कि हम लोग डबल ताकत हो गए हैं, वो डबल जीरो हो गए हैं। जो कहते थे कि हम डबल इंजन की सरकार हैं, उन्होंने यहां के लोगों के साथ धोखा करने का काम किया है। डबल इंजन का यहां धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। जो घबराए हुए लोग हैं, हम लोगों को शहजादा बोल रहे हैं, वो सुन लें दोनों शहजादे इस बार शह देने जा रहे हैं, मात देने का काम भी करेंगे। जिन्होंने मां गंगा की कसम खाकर कहा था मां गंगा साफ हो जाएगी, मां गंगा तो साफ नहीं हुई लेकिन जितना भी बजट आया था सब साफ हो गया।*

### हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट का आदेश

# 10 जून से पहले हलफनामा दाखिल करे ईडी

एजेंसी ▶▶ रांची

कथित जमीन घोटाले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से झटका मिलने के बाद झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पूर्व सीएम ने सोमवार को जमानत के लिए याचिका दायर की और हाईकोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की। इस मामले में मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील को 10 जून से पहले हलफनामा दाखिल करने को कहा है।

न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की बेंच के समक्ष हेमंत सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन राजनीतिक साजिश का शिकार हैं। अदालत ने ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और अगली सुनवाई 10 जून के लिए निर्धारित कर दी।

- भूमि के दस्तावेजों में हेमंत का नाम नहीं
- भूमि का मालिकाना अधिकार भी नहीं
- बयानों के समर्थन में ईडी के पास कोई दस्तावेज नहीं



### मनी लॉन्ड्रिंग का कोई अपराध नहीं बनता

*हेमंत सोरेन ने अदालत के समक्ष दलील दी कि बार्गेन इलाके में 8.5 एकड़ जमीन का मालिकाना अधिकार भी उनके पास नहीं है और न ही जमीन के किसी दस्तावेज में उनका नाम है। इसलिए उनके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कोई अपराध नहीं बनता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईडी केवल कुछ लोगों के बयानों पर भरोसा कर रहा है जिन्होंने कहा था कि भूमि का टुकड़ा उनका है, लेकिन ऐसे बयानों के समर्थन में कोई दस्तावेज नहीं था।*

### सुप्रीम कोर्ट का इनकार

अब इस मामले की विस्तृत सुनवाई 10 जून को निर्धारित की गई है। दरअसल, ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था।



# करण ने सिद्धांत और तृप्ति के साथ किया धड़क-2 का ऐलान

**मुंबई।** करण जौहर ने धर्मा प्रोडक्शन में बन रही फिल्म धड़क 2 का एलान कर दिया है। पिछले कुछ वक्त से खबरें थीं कि फिल्ममेकर सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म धड़क 2 बना रहे हैं। आज एक मोशन पोस्टर के साथ कन्फर्म हो गया है। साथ ही रिलीज़ डेट भी अनाउंस कर दी गई है। धड़क की तरह धड़क 2 भी एक अनोखी लव स्टोरी होने वाली है जिसमें एक बार फिर जाति की वजह से दो प्यार करने वालों का अंत हो जाता है। करण जौहर ने मोशन पोस्टर शेयर किया है जिसमें दीवार पर लव स्टोरी की शुरुआत और अंत दिखाई दे रहा है। कैप्शन में लिखा है 'यह कहानी है थोड़ी अलग क्योंकि एक था राजा, एक थी रानी - जात अलग थी... तम कहानी।'

लाइफ Style

# अवनीत

## दुनिया को दिखाई अपनी डायमंड की रिंग

कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अदाओं का जादू बिखेरने के बाद अवनीत कौर ने फैंस को सरप्राइज दिया है। एक्ट्रेस ने अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं जिसके बाद उनकी सगाई के कयास लगाए जा रहे हैं। बेबी पिंक कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस अपनी डायमंड की रिंग फ्लॉन्ट कर रही हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक दूसरी तस्वीर में उन्हें फूलों के साथ देखा जा सकता है। तस्वीरें सामने आने के बाद उनके फैंस सगाई की बधाई दे रहे हैं। वहीं, कुछ का कहना है कि एक्ट्रेस किसी विज्ञापन का शूट कर रही हैं। अवनीत कौर कम उम्र में पॉपुलैरिटी हासिल करने वाली शानदार एक्ट्रेस हैं। चाइल्ड आर्टिस्ट के दौर पर करियर की शुरुआत करने वाली अवनीत को नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हीरोइन के रूम में फिल्म टीकू वेड्स शेरू में देखा गया है। अब अपनी सगाई को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'अच्छी चीजों में समय लगता है। दुनिया को इस मिलन और आगे क्या होने वाला है इसके बारे में बताने का इंतजार नहीं कर पा रही हूं।' अवनीत की इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा-क्या सगाई हो गई है?। एक अन्य यूजर ने लिखा, -रिंग एड है ये, दूसरे यूजर ने लिखा-इनकी सगाई हो गई है, मुझे पता है किससे। अवनीत की इन तस्वीरों पर खूब प्यार बरसाया जा रहा है। अवनीत कौर की लव लाइफ की बात करें तो एक्ट्रेस म्यूजिक वीडियो प्रोड्यूसर राघव शर्मा को डेट कर रही हैं। दोनों पिछले तीन सालों से साथ हैं। कई मौकों पर इन्हें साथ भी देखा गया है।



हॉलीवुड मसाला



# निकी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** ओनिका तान्या मैराज-पेटी जिसे लोग निकी मिनाज भी कहते हैं। निकी त्रिनिदाद में जन्मी हैं। निकी जानी मानी रैपर और सिंगर हैं। कई लोग उन्हें रैपिंग क्वीन भी कहते हैं। निकी अपने खास एल्बम 'पिंक फ्राइडे' (2010) और 'बिलबोर्ड' को लेकर खास लाइमलाइट में आई थीं। निकी अपने खास गानों की वजह से तो सुर्खियां बटोरती ही हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं, लेकिन इस बार कुछ ऐसा हो गया है जिसकी वजह से वह बड़ी परेशान में फंस सकती हैं।



# 54 की उम्र में तलाक ले रही हैं ये टॉप सुपरस्टार

**लॉस एंजिलिस।** ऐसा लगता है कि जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक के रिश्ते में एक बार फिर से दरार आ गई है। हालिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह जोड़ा तलाक की ओर बढ़ रहा है। कथित तौर पर 'गॉन गर्ल' एक्टर पहले ही जेनिफर लोपेज का घर छोड़ चुके हैं। एक सूत्र ने बताया, 'बेन एफ्लेक का जेनिफर लोपेज के साथ ब्रेकअप हो गया है और वह अपने घर छोड़कर चले गए हैं।' एक अंदरूनी सूत्र ने कहना है कि, 'दोनों का रिश्ता खत्म हो गया है और वे तलाक की ओर बढ़ रहे हैं। और इसके लिए बेन को दोष नहीं देना चाहिए! यह भी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज जल्द ही अपना ड्रीम हाउस बेच सकते हैं।



# रश्मिका फिर हुईं डीपफेक की शिकार

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना एक बार फिर डीपफेक वीडियो का शिकार हो गई हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एआई का उपयोग करके चेहरे के साथ छेड़छाड़ की हुई है। इस वीडियो में एआई की मदद से एक मॉडल के शरीर के साथ रश्मिका का चेहरा जोड़ दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अप्रैल 2024 में कोलंबियाई मॉडल और कंटेंट क्रिएटर डेनिएला विलारियल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह स्ट्रैपलेस बिकिनी में झरने के पास पोज देती नजर आ रही हैं। कुछ दिन पहले एआई की मदद से मॉडल का चेहरा रश्मिका से बदल दिया गया और यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। डीपफेक के बढ़ते मामलों के बाद अब ऐसे मामलों पर कानून भी सख्त हो गया है।



# अक्षय समय को लेकर रहते हैं पाबंद...

**मुंबई।** अनीस बज्मी एक हिट मेकर हैं। अनीस ने अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्देशन किया है, जिसमें नो एंट्री, वेलकम और हाल ही में आई भूल भुलैया 2 शामिल हैं। अपने करियर के दौरान, अनीस ने कई सुपरस्टार्स के साथ काम किया है और अब उन्होंने उनमें से दो सुपरस्टार्स - सलमान खान और अक्षय कुमार के बारे में बात की है। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा है। शाहरुख-सलमान की जोड़ी ने नो प्रॉब्लम, सिंह इज किंग और थैंक यू जैसी फिल्मों में काम किया है। अब हाल ही में एक साक्षात्कार में, अनीस बज्मी ने अक्षय को 'समय का पाबंद' बताया और कहा, 'हम उनके साथ काम करते समय हमेशा चिंतित रहते हैं, क्योंकि अगर वह कहते हैं कि हम सुबह 7 बजे काम शुरू करेंगे, तो वह सुबह 7 बजे वहां पहुंच जाएंगे।

टीवी मसाला

# आ रही हैं आयुषी भावे अब इस नए धारावाहिक में...


**मुंबई।** पांच साल की उम्र से ही कथक सीखती रहीं अभिनेत्री आयुषी भावे ने मुंबई मनोरंजन जगत में खूब नाम कमाया है। छह साल पहले वह मुंबई और महाराष्ट्र की श्रावण क्वीन हनीं, फिर मराठी चैनल जी युवा के सेलेब्रिटी मराठी डांस सेलेब्रिटी डांस शो युवा डांसिंग क्वीन का हिस्सा रहीं आयुषी भावे जल्द ही हिंदी धारावाहिकों के दर्शकों को अपने रूप जाल में बांधने आ रही हैं। वह एक पारलौकिक कहानी का हिस्सा बनी हैं, जिसमें वह अभिनेता राजवीर सिंह और अभिनेत्री शांभवी सिंह के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं। आयुषी भावे के पिता जितेंद्र महाराष्ट्र से और उनकी मां निशा उत्तराखंड से हैं।



ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल और विल्सन कॉलेज में पढ़ाई करने वाली आयुषी ने समाज शास्त्र में एम.ए. किया है और मराठी मनोरंजन जगत में उनका काफी नाम रहा है। फिल्म 'तमाशा लाइव'में काम कर चुकी आयुषी जल्द ही एक सुपरनैचुरल थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। आयुषी भावे इस शो में बिंदु का किरदार निभाएंगी।

## अनुपमा का एपिसोड देखकर दर्शकों का चढ़ा पारा

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा का मंगलवार का एपिसोड देखने के बाद फैंस सोशल मीडिया पर काफी नाराज नजर आए। यशदीप से लेकर मेकर्स तक को ट्रोल करने में लोगों ने कसर नहीं छोड़ी। टीवी सीरियल अनुपमा के मेकर्स जिस तरह कहानी को एक झटके में पलटते हैं, उससे दर्शक कई बार हैरान रह जाते हैं। लेकिन, यही वो क्वालिटी है जिसके चलते यह शो लगातार टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ है। एक हाउसवाइफ की कहानी, जो अपनी जिंदगी में कुछ बेहतर करने की कोशिश कर रही है। किस तरह दुनिया हर बार उसकी राह में मुश्किलें खड़ी करती है और कैसे वो हर बार उठ खड़ी होती है। शो का यह ट्रैक लोगों को इतना पसंद आया है कि अनुपमा का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली घर-घर में मशहूर हो चुकी हैं। मंगलवार के एपिसोड में मेकर्स ने फिर एक बार शॉकिंग ट्विस्ट लाकर दर्शकों को हैरान कर दिया।



# 15 दिनों में बनकर तैयार हुई थी 'कौन' बॉक्स ऑफिस ने कमाए थे करोड़ों

**नई दिल्ली।** साल 1999 की बात है। राम गोपाल वर्मा ने एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म बनाई थी। उन्होंने इस फिल्म में सिर्फ तीन लोगों को कास्ट किया था- उर्मिला मातोंडकर, मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह। यह फिल्म 15 दिनों में बनकर तैयार हो गई थी और इस फिल्म को बनाने में सिर्फ सवा दो करोड़ रुपये का खर्च आया था। पहचाना? नहीं! चलिए आपको इस फिल्म का नाम और इस फिल्म के बारे में बताते हैं। राम गोपाल वर्मा की इस फिल्म का नाम 'कौन?' है। इस फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने डायरेक्ट किया था। वहीं, अनुराग कश्यप ने इस फिल्म की कहानी लिखी थी। इस फिल्म को रिलीज हुए लगभग 25 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी सिनेप्रेमियों के बीच ये हॉरर-थ्रिलर फिल्म काफी फेमस है। शायद इसी वजह से आईएमडीबी पर इस फिल्म को 10 में से 7.8 की रेटिंग मिली हुई है।



***ऐसी है फिल्म की कहानी :*** फिल्म के शुरुआत में न्यूज में दिखाया जाता है कि एक खूंखार कातिल जेल से फरार हो चुका है। उसके बाद मैम (उर्मिला मतोंडकर) के घर के दरवाजे पर कोई दस्तक देता है। वह देखती है तो उसे दो अनजान आदमी (मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह) अपने घर के दरवाजे के बाहर खड़े दिखाई देते हैं। ये लोग कौन होते हैं? क्या इन्हीं में से कोई एक खूंखार कातिल होता है? अगर 'हां' तो मैम इस कातिल से कैसे बचेगी? अगर एक कातिल है तो दूसरा व्यक्ति कौन है? बस इन्हीं सवाल के आसपास फिल्म की कहानी घूमती नजर आती है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से तकरीबन 5.62 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

# छाया कदम ने किया डांस तो लोग ट्रोल करने लगे, अब दिया जवाब

*लॉस एंजिलिस। कान्स 2024 में लापता लेडीज की एक्ट्रेस छाया कदम ने अवॉर्ड जीतने के बाद खूब एंजॉय किया. लेकिन उनके डांस को लेकर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। इसके बाद एक्ट्रेस ने इसपर रिएक्ट भी किया है। कान्स में उनकी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट को ग्रैंड प्रिक से नवाजा गया है जो कान्स का दूसरा सबसे बड़ा अवॉर्ड है। एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान छाया कदम ने कहा- 'अवॉर्ड की तो हम बात ही नहीं कर रहे हैं, 30 साल के लंबे वक्त के बाद कान्स के मेन अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होना भी बहुत बड़ी बात है। ऐसे में क्या प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जाए? हम अपनी खुशी ऐसे ही दिखाते हैं। कूद-कूदकर' इसके बाद जब छाया से पूछा गया कि सबसे पहले डांस की शुरुआत किसने की तो इसका जवाब देते हुए छाया ने कहा- मैं बहुत खुश थी. मेरे पास ये खुशी जाहिर करने के लिए कोई शब्द ही नहीं था। मैं श्योर तो नहीं हूं लेकिन शायद मैंने ही सबसे पहले डांस की शुरुआत की थी। छाया के मुताबिक सिर्फ वही लोग ये अवॉर्ड जीतने पर एंजॉय नहीं कर रहे थे, बल्कि आस-पास का माहौल भी काफी खुशनुमा था। यहां तक कि जब कैमरामैन ने फोटो खींचनी शुरू की तो उस दौरान उसने भी ये कहा कि आप लोग जैसे डांस कर रहे हैं वैसे डांस करते रहिए। एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि जब वे कार से उतरकर फिल्म के प्रीमियर पर पहुंची थीं उस दौरान मराठी गाना गुलाबी साड़ी बज रहा था।*



# पंचायत -3 के अलावा इस हफ्ते ओटीटी पर रहेगा इन फिल्मों-सीरीज का जलवा, मिलेगा मनोरंजन का फुल डोज

**मुंबई।** सिनेमाघरों में इस हफ्ते राजकुमार राव और जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' रिलीज होने वाली है। ये फिल्म 31 मई के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं, ओटीटी पर 'पंचायत 3' के साथ-साथ कई अन्य फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होंगी। आपके लिए हमने यहां इस हफ्ते ओटीटी पर आने वालीं वेब सीरीज और फिल्मों की लिस्ट दी है। यदि आप वीक डेज पर ओटीटी पर कुछ मजेदार देखना चाहते हैं तो ये लिस्ट आपके लिए मददगार साबित हो सकती है।




**पंचायत 3 :** 'पंचायत' का तीसरा सीजन ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गया है। इस बार पंचायत में कई सारी नई चीजें दिखाई गई हैं जैसे सचिव जी और रिंकी की लव स्टोरी, दामाद जी की वापसी, खूनखराबा और प्रहलाद का नया अवतार। आप वीकेंड पर या वीक डेज पर इस सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें, तीसरे सीजन के 40-40 मिनट के आठ एपिसोड हैं।




**इल्लीगल 3 :** दो सीजन के हिट होने के बाद अब मेकर्स 'इल्लीगल' का तीसरा सीजन लेकर आ रहे हैं। नेहा शर्मा और अक्षय ओबेरॉय की वेब सीरीज 'इल्लीगल-3' कल यानी 29 मई के दिन जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। 'पंचायत 3' के बाद आप ये लीगल ड्रामा देख सकते हैं।




**डेढ़ बीघा जमीन :** प्रतीक गांधी और खुशाली कुमार की फिल्म 'डेढ़ बीघा जमीन' 31 मई के दिन जियो सिनेमा पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में एक मध्यम वर्गीय आम आदमी की कहानी बताई जाएगी जो अपनी बहन के दहेज के लिए पैसे जुटाने की कोशिश कर रहा है।



**स्वातंत्र्य वीर सावरकर :** रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। ये फिल्म आज से यानी 28 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। बता दें, इस फिल्म के जरिए रणदीप हुड्डा ने अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की है और इस फिल्म में रणदीप के अलावा अंकिता लोखंडे भी हैं।

# चिरंजीवी ने 101वीं जयंती पर एनटी रामा राव को किया याद



**मुंबई।** तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी ने एनटी रामा राव की 101वीं जयंती पर उन्हें याद किया। साथ ही, सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने भारत सरकार से पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न देने की मांग भी की। अभिनेता चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। दक्षिण भारत में उन्हें मेगास्टार कहकर भी पुकारा जाता है। हाल ही में अभिनेता ने अविभाजित आंध्र प्रदेश के सीएम एनटी रामा राव को उनकी 101वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए केंद्र सरकार से एनटीआर को भारत रत्न से सम्मानित करने का अनुरोध भी किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने झारखंड के राजमहल में ली जनसभा

# कांग्रेस और इंडी गठबंधन झूठ, कपट और छल की राजनीति कर रहे, लेकिन देश की जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी: विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा इन दिनों झारखंड प्रवास पर हैं। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने सोमवार को झारखण्ड प्रवास के चौथे दिन राजमहल लोकसभा क्षेत्र के श्रीधर में जनसभा, दुमका व राजमहल में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन झूठ, कपट और छल की राजनीति कर रहे हैं। अंग्रेज देश से चले गए, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल परिवारवादी दल फूट डालो और राज करो की नीति पर आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड का भ्रष्टाचार समाप्त करने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। सोरेन परिवार की लूट से झारखण्ड को बचाने के लिए जनता भाजपा को अपना आशीर्वाद दें। शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले का झारखंड याद करिए और वर्तमान झारखंड को देखिए। 2014 से पहले समूचे झारखंड और खासकर संथाल क्षेत्र, राजमहल लोकसभा क्षेत्र में कहीं सड़कें नहीं थीं। सड़कों में गड्ढे थे या गड्ढों में सड़क, पता नहीं चलता था। 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरे झारखंड में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है।




## प्रधानमंत्री कर रहे भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं तो सभी भ्रष्टाचारी एक जुट होकर विरोध कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार के मामले में कुछ दिनों पहले एक मंत्री के करीबी के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए मिले थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि झारखंड में लोगों का पैसा किस तहस से लूटा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की कमान संभाली है तब से लूट-खसोट करने वालों को जेल की हवा खाना पड़ रही है। लूट और भ्रष्टाचार के मामले में सोरेन परिवार के मुखिया शिबू सोरेन जेल जा चुके हैं। मुख्यमंत्री रहते उनके बेटे हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। इसी बात को ध्यान रखकर मुस्लिम समाज भी भारतीय जनता पार्टी को वोट दे रहा है।

## गिनाईं मप्र भाजपा सरकार की योजनाएं

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने दुमका व राजमहल लोकसभा क्षेत्र में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज चाहे किसान सम्मान निधि हो या मध्यप्रदेश की लाडली बहना योजना सीधे रुपया खाते में जाता है। किसान सम्मान निधि के तौर पर केंद्र सरकार की तरफ से 6 और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की तरफ से भी 6 हजार रुपया दिया जाता है। मध्यप्रदेश में लाडली बहना योजना के माध्यम से हर महीने 1250 रुपए सवा करोड़ से ज्यादा बहनों के खाते में सीधे पहुंचता है। बीच में कोई दलाल नहीं रहता, कांग्रेस के जमाने में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने खुद माना था कि केंद्र से एक रुपया भेजो तो पूरा नहीं पहुंचता था।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने वीसी से मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की

# मतगणना को लेकर व्यवस्थाओं का सभी कलेक्टर समुचित प्रबंधन कर लें: राजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग राजीव कुमार ने सोमवार 27 मई को लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य निर्वाचन (मध्यप्रदेश) पदाधिकारी अनुपम राजन सहित प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी शामिल हुए।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियां व जरूरी व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंधन कर लें। मतगणना स्थल की सुरक्षा, मतगणना परिसर में प्रवेश, गर्मी को देखते हुए एम्बुलेंस, दवाइयां, फायर ब्रिगेड, मतगणना सूचनाओं का चक्रवार आदान-प्रदान, स्ट्रांग रूम से मतगणना केन्द्र तक ईवीएम को लाने, ले-जाने, पोस्टल बैलेट की गणना आदि सभी व्यवस्थाएं अपनी निगरानी में कराएं।

सभी मतगणना कर्मियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर्स को अच्छी तरह से प्रशिक्षण दें, ताकि मतों की गणना में त्रुटि की कोई गुंजाईश न रहे। मप्र के सीईओ राजन ने प्रदेश के सभी जिलों में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में आयोग को अवगत कराया।

वीसी में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार व डॉ. एसएस संधू भी उपस्थित थे।

### खास बात

- सीईसी ने कहा मतगणना केंद्रों में कराएं पानी और दवाओं, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड समेत अन्य व्यवस्था



## प्रवेश पत्र धारी को ही मिलेगी अनुमति

*मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने कहा कि मतगणना केन्द्र में प्रवेश की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। मतगणना केन्द्र में केवल प्रवेश के लिए प्राधिकार पत्रधारी अधिकारियों, कर्मचारियों, मतगणना एजेंट, पत्रकारों व सुरक्षा कर्मियों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। मतगणना केन्द्र परिसर के बाहर भीड़ के प्रबंधन के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं करें।*

## पर्याप्त मात्रा में लगाएं सीसीटीवी कैमरे

*परिसर के बाहर व अंदर पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी मतगणना के संबंध में सभी नियमों व दिशा-निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें और तदनुसार बिना किसी बाधा के मतगणना सम्पन्न कराएं। उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए मप्र के सभी 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बड़ा टीम वर्क था, जो बिना किसी बाधा के बखूबी पूरा किया गया। वीसी में एडि. सीईओ राजेश कौल, पुलिस महानिरीक्षक तथा राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अंशुमन सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे, तरूण राठी एवं उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला उपस्थित थे।*

## उत्तर से मिलेंगे मतदान के रुझान, गिनती के लिए 912 कर्मचारियों को सिखाई बारीकियां

### पहले चरण की ट्रेनिंग हुई, 31 को होगी फाइनल ट्रेनिंग



**भोपाल।** लोकसभा सीट पर वोटों की गिनती 4 जून को होगी। इसके साथ ही पुरानी जेल में बने स्ट्रांग रूम से ईवीएम निकलेंगी और फिर भाजपा, कांग्रेस समेत अन्य 22 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला हो जाएगा। मतगणना के लिए 912 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन्हें 31 मई को फाइनल ट्रेनिंग दी जाएगी। मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल और अपेक्स बैंक के समन्वय भवन में 25 मई को एक ट्रेनिंग दी जा चुकी है। जिसमें माइक्रो ऑब्जर्वर समेत 912 कर्मचारियों की ट्रेनिंग हुई। इन्हीं को 31 मई को फिर से ट्रेनिंग मिलेगी। जिससे, काउंटिंग से जुड़ी हर बारीकीं से वे रूबरू हो सके। उपजिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे ने बताया कि काउंटिंग के लिए अधिकारी और कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।

### पहले भोपाल उत्तर के वोटों की गिनती

सबसे पहले भोपाल उत्तर और सबसे आखिरी में गोविंदपुरा में डाले गए वोटों की गिनती हो सकेगी। भोपाल उत्तर में 16 राउंड, जबकि गोविंदपुरा में 20 राउंड रहेंगे। नरेला-भोपाल दक्षिण-पश्चिम के 17-17, बैरसिया-मध्य के 18-18, हुजूर के वोटों की 19 राउंड गिनती होगी।

### सीहोर के बैलेट की गिनती भोपाल में

भोपाल लोकसभा में 8वीं विस सीहोर है। जिनके वोटों की गिनती वहीं होगी और डेटा भोपाल भेजा जाएगा। इसके बाद ही आंकड़े सामने आएंगे। हालांकि, सीहोर के पोस्टल बैलेट की गिनती भोपाल में ही होगी, जिसके लिए पोस्टल बैलेट को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है।

### यह रहेगा शेड्यूल

- काउंटिंग में लगे अधिकारी-कर्मचारी सुबह 6 बजे पुरानी जेल पहुंच जाएंगे। 8 बजे आरओ की टेबल पर पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी।
- ऑब्जर्वर गिनती पर नजर रखेंगे। वे हर रिपोर्ट में काउंटिंग से जुड़ी हर बात का उल्लेख करेंगे। ईवीएम के अलावा हर पोस्टल बैलेट के लिए 9 टेबल लगाई जाएंगी।
- सबसे पहला राउंड 9 बजे तक पूरा हो सकता है। उसके बाद हर आधे घंटे में एक राउंड होगा। शाम 6 बजे तक स्थिति साफ हो जाएगी।
- काउंटिंग के लिए निर्धारित समय से 30 मिनट के बाद यानी, सुबह 8.30 बजे से ईवीएम से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी।

# मंत्री विजयवर्गीय इंदौर में 3 घंटे में लगाएंगे 51 लाख पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सोमवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इंदौर में 3 घंटे में 51 लाख पौधे लगाकर हम इतिहास रचेंगे। यही प्रकृति की सच्ची सेवा होगी। उन्होंने कहा, कुछ दशक पहले हमारी धरती हरी-भरी थी। समय पर बरसात, गर्मी और ठंड का अहसास कराती थी, पर आज वृक्षों के आभूषण से धरती मां विहीन होती जा रही है। इसके चलते जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है।



- गर्मी को देखते हुए मंत्री ने किया ऐलान

विजयवर्गीय ने इंदौरवासियों से अपील करते हुए कहा कि हरियाली खत्म होने से भीषण गर्मी और अनेक लाइलाज बीमारियां फैलने लगी हैं। यदि हम अपने जीवन की खुशियां चाहते हैं तो पौधे लगाने के लिए आगे आना ही होगा। प्रकृति की सेवा के माध्यम से हम ईश्वर की आराधना करें। उन्होंने इंदौरवासियों से इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने की अपील की है। मंत्री विजयवर्गीय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि 'आज पूरा देश जल रहा है। इंदौर भी उस जलन से बचा नहीं है। शहर में 42 डिग्री तापमान है, पर इंदौर से 7 किलोमीटर दूर पितृ पर्वत पर यह तापमान कम है, क्योंकि यहां 3 लाख पेड़ हैं। प्रदूषण भी कम है। ऑक्सीजन बहुत पवित्र है और इसलिए यहां मजा भी आता है। हनुमान जी तो हैं ही...प्रकृति भी बहुत जरूरी है।

# अपर सचिव मरकाम को मिली और दो वर्ष की प्रतिनियुक्ति

**भोपाल।** राज्य शासन ने मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थ अपर सचिव लक्ष्मण सिंह मरकाम की प्रतिनियुक्ति अवधि दो वर्ष तक और बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में भारत सरकार के रक्षा सचिव को अवगत कराया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) ने अपने आदेश में कहा कि मरकाम की प्रतिनियुक्ति अवधि 7 जून को समाप्त हो रही है। ऐसे में प्रतिनियुक्ति अवधि दो वर्ष और बढ़ाया जाए।

- सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किए आदेश

दरअसल, लक्ष्मण सिंह मरकाम को केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय से प्रतिनियुक्ति पर 7 जून 2021 को मप्र में पदस्थ किया गया था। उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर सचिव बनाया गया था।

# प्रदेश में घोटालों की लंबी सूची, नहीं आई एक भी जांच रिपोर्ट

**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने निवास में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में घोटालों की लंबी सूची है लेकिन एक भी जांच रिपोर्ट जनता के सामने नहीं आई। उन्होंने कहा कि सभी मामलों के लिए विशेष रूप से अलग से समिति गठित होनी चाहिए। मैं चाहता हूं कि सरकार निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करे। सिंघार ने कहा कि नर्सिंग घोटाले में जांच करने वाले सीबीआई अधिकारी तक शामिल मिल गए। नेता प्रतिपक्ष ने मप्र के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में डीन की नियुक्तियों और पिछले साल कायाकल्प अभियान में की गई खरीदी पर भी सवाल उठाए। सिंघार ने कहा इसके पहले कायाकल्प अभियान में करोड़ों रुपए आया था। जिलों के अस्पतालों में डिमांड नहीं थी, इसके बावजूद सबको फर्नीचर दिया गया। यह सारी फाइलें लोकायुक्त की लाइन में थीं। वहां पर आग लगने साफ है कि इन मामलों को दबाने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है।

प्रभारियों ने मुख्य संगठक को सौंपी रिपोर्ट

# चुनाव बाद हटाए जाएंगे सेवादल के निष्क्रिय पदाधिकारी: योगेश

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक योगेश यादव ने कहा है कि समस्त लोकसभा क्षेत्रों में नियुक्त प्रभारियों ने समीक्षा रिपोर्ट संगठन के पास सौंप दी है। उन्होंने कहा कि चुनाव के संदर्भ में सभी प्रभारियों के माध्यम से फीडबेक लेकर ज्ञात किया गया कि किस लोकसभा क्षेत्र में सेवादल के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

यादव से साफ किया कि जिन प्रदेश पदाधिकारियों व जिला पदाधिकारियों की चुनाव के दौरान निष्क्रिय भूमिका रही, उनको 4 जून के बाद तत्काल हटा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सेवादल की ओर से लोकसभा चुनाव हेतु चुनावी कार्य योजना तैयार कर समस्त लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा प्रभारी, विधानसभा प्रभारियों के साथ समस्त प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला मुख्य संगठकों को जिम्मेदारियां सौपी गई थी।

### रिपोर्ट में पदाधिकारियों की भूमिका का उल्लेख

*यादव ने बताया कि समीक्षा रिपोर्ट में लोकसभा प्रभारियों ने बताया कि ब्लाक एवं बूथ स्तर तक सेवादल के पदाधिकारियों की क्या भूमिका रही। कुछ लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के प्रत्याशियों ने सेवादल के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका की सराहना की। सेवादल की ओर से लोकसभा क्षेत्र, विधानसभा क्षेत्र एवं ब्लाक स्तर तक सेवादल के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपीं गई थी। इस हेतु प्रदेश कांग्रेस सेवादल कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से भी नियमित गतिविधि एवं सक्रियता के संदर्भ में अपडेट लिया जा रहा था।*

# दो बाइकों में जोरदार टक्कर, तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ दुर्ग-भिलाई

दुर्ग के नेवई थाना क्षेत्र में दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों मोटर साइकिल में सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है।

नेवई थाना क्षेत्र के उमरपोटी मार्ग में बीती रात कैंप-1 शास्त्री नगर निवासी खिलेश कुमार सिन्हा और उसका साथी दिलीप निषाद के साथ उमरपोटी से लौट रहा था। इस दौरान मरोदा का रहने वाला जीतू निषाद अपने दो साथियों के साथ मोटर साइकिल में उमरपोटी की ओर जा रहा था। दोनो मोटर साइकिल के बीच जबरदस्त टक्कर हुई जिसमे सभी लोगो गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना मिलने पर नेवई थाने के पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी को अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों ने 3 लोगो की मृत घोषित कर दिया।




## पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा शव

भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि दो बाइक आपस में टक्कर हुई है, जिसमें एक बाइक में सवार कैंप-1 शास्त्री नगर निवासी खिलेश कुमार सिन्हा व दिलीप निषाद तथा दूसरे मोटर साइकिल में सवार मरोदा निवासी जीतू कुमार निषाद की मौत हो गई है। मृतक जीतू निषाद के साथ मोटर साइकिल पर दो अन्य युवक बैठे थे जो घायल हैं तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। बहरहाल नेवई पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 नग दोपहिया वाहन किया जब्त

# मास्टर चाबी से लॉक खोलकर बाइक चोरी करने वाला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में घूम-घूमकर बाइक चोरी करने वाले आदतन चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मास्टर चाबी से बाइक का लॉक तोड़कर शातिराना दिमाग से बाइक लेकर फरार हो जाता था। आरोपी के कब्जे से 10 नग दोपहिया वाहन जब्त किया गया है। इसकी कीमती छह लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है।

रायपुर के खम्हारडीह थाना में 25 मई को चोरी के प्रकरण में पतासाजी के दौरान मुखबिर की सूचना पर संदेही करण नेताम (20साल) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अपने प्रकरण में चोरी गई एक्टीवा के अलावा रायपुर शहर के विभिन्न जगहों से सिविल लाइन, सरस्वती नगर, खम्हारडीह, रेल्वे स्टेशन के पास से अलग-अलग दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया।

## आरोपी के निशानदेशी पर जब्त किए वाहन



आरोपी की निशानदेही पर छह नग एक्टीवा, एक नग डियो, एक नग डियोरो, एक नग एचएफ डिलक्स, एक नग हीरो मेस्ट्रो कुल 10 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती 6 लाख 30 हजार रुपए जब्त किया गया है। साथ ही आरोपी के कब्जे से वाहनों के लॉक को खोलने वाले मास्टर चाबी को भी जब्त किया गया है। शहर के अन्य थानों में भी जब्त वाहनों के संबंध में अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया है।

### आरोपी पिछले छह माह से लगातार कर रहा था चोरी

आरोपी विगत छह माह से चोरी की वारदात को अंजाम देते आ रहा है, जो अपने गांव के पास सिलयारी रेल्वे स्टेशन से प्रायः ट्रेन से रायपुर आकर वाहन चोरी के वारदात को अंजाम देता आया है, जिसके खिलाफ थाना आमानाका में भी अपराध पंजीबद्ध है। ग्राम खौना डेरापारा थाना धरसींवा रायपुर निवासी आरोपी करण नेताम को गिरफ्तार किया गया है।

# ग्रामीणों की हत्या के विरोध में बस्तर बंद जताया था विरोध



**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के ग्राम पीडिया में 10 मई को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ को सर्व आदिवासी समाज की ओर से फर्जी बताने के साथ ही उस मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ ही बस्तर बंद का आह्वान किया था, जिस पर मंगलवार को दुकानदारों से लेकर व्यापारियों ने विरोध जताते हुए अपनी दुकानों को बंद रखा। इस दौरान किसी भी प्रकार से कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को भी तैनात किया गया था।

बताया जा रहा है कि बीजापुर जिले के ग्राम पीडिया में पुलिस और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हुई थी, जिस दिन यह घटना हुई, उस दिन मारागुमेड तेंदूपत्ता खरीदी फंड में ग्रामीण तेंदूपत्ता खरीदने तो कुछ बेचने के लिए गए हुए थे। अचानक से पुलिस टीम को आता देख ग्रामीण डर के चलते भाग खड़े हुए।


**बी जे डुप्लेक्स बोर्ड्स लिमिटेड**
CIN: L21090DL1995PLC066281
पंजी. कार्यालय : म. नं. 54, जी/एफ न्यू राजधानी एंक्लेव, निकट एमसीडी पार्क, नई दिल्ली-110092
Email Id: admin@anandpulp.com; Website: www.bjduplexboard.com
31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम
रु. लाखों में

| | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (33.19) | (2.90) | (74.47) | (3.81) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (33.19) | (2.90) | (74.47) | (3.81) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (33.19) | (2.90) | (74.47) | (3.81) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (33.19) | (2.90) | (74.47) | (3.81) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 49.29 | 37.66 | 49.29 | 37.66 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | 0.00 | 0.00 | (202.84) | (114.22) |
| 8 | अर्जन प्रति इक्विटी शेयर (अनिरंतर और निरंतर प्रचालनों हेतु) : | | | | |
| | (1) बेसिक | (0.67) | (0.06) | (1.51) | (0.07) |
| | (2) डायल्युटेड | (0.67) | (0.06) | (1.51) | (0.07) |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के पास दायर किये गये 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.bjduplexboard.com पर उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और मंगलवार, 28 मई 2024 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये हैं।

कृते बीजे डुप्लेक्स बोर्ड्स लिमिटेड
हस्ता/-
सत्य भूषण जैन
(पूर्णकालिक निदेशक)
डीआईएन : 00106272

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.05.2024

## चिंतन

# अत्यधिक गर्मी से बढ़ रहा स्वास्थ्य जोखिम

गर्मी नित नया रिकार्ड बना रही है। सामान्य से अधिक गर्मी धरती पर तापमान बढ़ने का संकेत दे रही है। गर्मी से केवल भारत ही पीड़ित नहीं है, बल्कि विश्व के अधिकांश क्षेत्र प्रभावित है। सुदूर उत्तर में जापान से लेकर सुदूर दक्षिण में फिलीपींस तक, गर्मी ने रोजमर्रा की जिंदगी पर कहर बरपाया है। कंबोडिया, थाईलैंड, दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका, यूरोप में गर्मी बढ़ रही है। अंटार्कटिका में ग्लेशियरों के पिघलने की घटनाएं हो रही हैं। अत्यधिक गर्मी व लू के चलते लोगों की मौतें हो रही हैं। 1880 में वैश्विक रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से 2015 और 2023 की नौ साल की अवधि में औसत तापमान सबसे अधिक था। एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका जैसे वैश्विक दक्षिण में अत्यधिक गर्मी के चलते वृद्धों पर स्वास्थ्य जोखिम अधिक रहेगा। गर्मी की लहरें वृद्धों के लिए घातक हैं। बढ़ती आबादी के साथ बढ़ते तापमान के चलते करोड़ों लोगों का जीवन जोखिम में है। ताजा अध्ययन के मुताबिक, अगर पृथ्वी बीमार हुई, तो उस पर रहने वाले जीव भी बीमार होंगे। पृथ्वी पर बढ़ते तापमान का मानव स्वास्थ्य पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। मच्छर जनित संक्रमण मलेरिया ने पिछले दशक के दौरान हर साल पांच लाख से अधिक लोगों की जान ली है। वैश्विक तापमान डेढ़ डिग्री तक कम करने को लेकर दुनिया संकल्पित है, इसके बावजूद भूराजनीति के चलते तापमान में कटौती की ओर सार्थक प्रयास बहुत धीमी है। अफ्रीका में मलेरिया के मामले बढ़ रहे हैं, फ्रांस में डेंगू के केस बढ़ रहे हैं, इटली नए किस्म के मलेरिया का नया ठिकाना बन रहा है, भारत में मलेरिया, डेंग व चिकुनगुनिया के मामले बढ़ रहे हैं। ताजा शोध से पता चलता है कि गर्म हो रही दुनिया में 20 से अधिक उष्णकटिबंधीय रोगों का खतरा बढ़ा है। शोध बताता है कि गर्मीजनित कुछेक बीमारियाँ इन्सानों के लिए अतिरिक्त पीड़ा लेकर आएंगी। इतना ही नहीं, जलवायु परिवर्तन कुछ मस्तिष्क स्थितियों के लक्षणों को बढ़ा रहा है। हमारे मस्तिष्क में अरबों न्यूरॉन्स में से प्रत्येक एक सीखने, अनुकूलन करने वाले कंप्यूटर की तरह है, जिसमें कई विद्युत सक्रिय घटक होते हैं। हमारा मस्तिष्क पहले से ही तापमान सीमा की हद के करीब काम कर रहा है, इसलिए तापमान में थोड़ी सी भी वृद्धि ब्रेन में केमिकल लोचा बढ़ा सकता है। आज पृथ्वी जिस तेजी से बीमार हो रही है, उसमें केवल अच्छा खानपान व व्यायाम अच्छे स्वास्थ्य की गारंटी नहीं हैं, ऐसा बहुत कुछ है जो मनुष्य के नियंत्रण में नहीं हैं। तीन साल से भी कम समय के भीतर, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अंतरराष्ट्रीय चिंता की दो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित की हैं: फरवरी 2020 में कोविड-19 और जुलाई 2022 में मंकीपॉक्स। अत्यधिक गर्मी के चलते पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से बर्फ के नीचे छिपे रोगाणु मुक्त हो रहे हैं। मानव पर नए नए रोगों के प्रहार हो रहे हैं, इसलिए स्वास्थ्य की एक नई विश्वव्यापी अवधारणा की तत्काल आवश्यकता है। जीवन को आश्रय देने वाले एकमात्र ग्रह पृथ्वी पर बढ़ रहे तापमान में कमी लाने के संकल्प के साथ 'एक विश्व एक स्वास्थ्य' की अवधारणा पर दुनिया को एकजुट होकर काम करना पड़ेगा। सभी देशों के नीति निर्माता वाहनों, बिजली संयंत्रों और कारखानों में जीवाश्म ईंधन से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने के लिए काम करें और हरित ऊर्जा बपनाएं। ग्लोबल वार्मिंग को तत्काल नियंत्रित करना जरूरी है।

## सारा संसार



जयपुर के करीब आभानेरी गांव में चांद बावड़ी बेहद सुंदर पर्यटक स्थल है। यहां आपको राजस्थानी वास्तुकला के 10 वीं शताब्दी के स्मारक देखने को मिल जाएंगे। चांद बावड़ी भारत के सबसे अनोखे कुओं में शामिल है।

## आम चुनाव

बाल मुकुन्द ओझा



# विश्लेषकों के दावों का दौर

देश के जाने माने चुनाव विश्लेषकों ने एक मत से यह स्वीकार किया है की आएगा तो मोदी ही। यह जरूर है कि इनके जीत के आंकड़े मोदी से मेल नहीं खाते। मोदी ने भाजपा 370 और एनडीए 400 पार का नारा बुलंद किया था। चुनाव विश्लेषकों ने 370 या 400 पार को तो नहीं माना है मगर जीत मोदी की पक्की मान रहे हैं। इन चुनाव विश्लेषकों में मोदी विरोधी माने जाने वाले योगेंद्र यादव और प्रशांत किशोर भी शामिल है। योगेन्द्र यादव ने कहा है कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए लगभग 305 सीटें जीतेगा। प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की कि भाजपा लगभग 300 सीटें जीतेगी। स्वतंत्र चुनाव विश्लेषक प्रो संजय कुमार सरीखे भी मोदी की हैट्रिक को स्वीकार कर रहे है। लोकसभा चुनाव के छह चरण पूरे हो चुके है। सभी दल बचे हुए एक चरण के मतदान की तैयारियों में लग गए। हर दल अपनी जीत का दावा ठोक रहा है। एनडीए और इंडिया के बीच नंबर युद्ध छिड़ गया है। दोनों और से जीत के बढ़ चढ़ कर दावे प्रतिदावे किये जा रहे है। एक तरफ राजग और भाजपा 400 पार का दावा कर रहे हैं। वहीं इंडिया गठबंधन अपनी जीत का दावा कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने ओडिशा की एक रैली में बताया कि अब तक हुए चुनाव में ही पीएम मोदी 310 सीटों के आंकड़े को पार कर चुके हैं। आने वाले फेज में ये आकड़ा 400 के पार पहुंच जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने 300 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का विश्वास व्यक्त किया है। इस समय समूची दुनिया की निगाह भारत के लोकसभा चुनाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हैट्रिक पर केंद्रित हो रही है। चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए की कमान संभाल रखी है। चुनाव की विधिवत घोषणा से पूर्व ही उन्होंने देशभर का दौरा शुरू कर दिया था। वे देश के विभिन्न भागों में एक दिन में तीन से चार रैलियां और रोड शो में शामिल हो रहे है। उनका चुनावी जज्बा एक नौजवान की तरह कायम है। 74 साल की उम्र में भी मोदी थके से नहीं लग रहे है और सम्पूर्ण ऊर्जा और उत्साह के साथ लोगों तक अपनी बात पहुंचा रहे है। आज यह कहने में किसी को कोई गुरेज नहीं है कि अकेला मोदी सब पर भारी साबित हो रहा है। राजनीतिक समीक्षकों का कहना है मोदी ने अपनी ही पार्टी के सर्वाधिक मजबूत और कद्दावर नेता वाजपेयी और आडवाणी को लोकप्रियता के पैमाने पर पीछे छोड़ दिया है। 2014 में भाजपा को देश की सत्ता शक्ति के शिखर पर पहुंचाने के बाद मोदी का जादू अनवरत रूप से लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है और लोकप्रियता में पक्ष या विपक्ष का कोई भी नेता उनके आसपास भी नहीं है। मोदी ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाकर विपक्ष को कटघरे में खड़ा कर दिया है। भारतीय राजनीति के लिहाज से 2024 का लोकसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। इस चुनाव पर दुनियाभर की निगाहें टिकी है। देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद होने के साथ ही चुनाव प्रचार में तेजी देखने को मिल रही है। पक्ष और विपक्ष में घमासान छिड़ गया है। यह कहा जा रहा है वर्तमान चुनाव में अकेला मोदी सब पर भारी हो रहा है। जून 2013 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से मोदी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार घोषित किया गया। जहां कई लोगों ने पहले ही उन्हें प्रधानमंत्री मान लिया था। नरेंद्र मोदी ने 2014 में और फिर 2019 में भारतीय जनता पार्टी की प्रभावशाली जीत का नेतृत्व किया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



द.अफ्रीका में आज चुनाव

विवेक शुक्ला

# मंडेला की एएनसी पर संकट

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी।

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतीय मूल के कुछ राजनेता दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव लड़ भी रहे हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। एस. सिंह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक एलायंस के उम्मीदवार हैं। इनके अलावा भी कुछ निर्दलीय के रूप में क्वाजुलु-नटाल प्रांत से चुनाव लड़ रहे हैं। क्वाजुलु-नटाल प्रांत के प्रमुख शहर डरबन में भारतीयों की आबादी खासी है। इसे मिनी दिल्ली या मुंबई भी कहा जाता है। यह डरबन शहर ही है जहां महात्मा गांधी 1893 में भारत से आए थे। बाद में गांधी जी ने पास के शहर फ़ीनिक्स में अपना आश्रम बनाया था, उसे कुछ साल पहले हुई हिंसा में बुरी तरह से तबाह कर दिया गया था। डीएलसी ने चुनावों में भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। वहां के भारतवंशी भी बेरोजगारी के शिकार हैं। माइनॉरिटी फ्रंट पार्टी की शमीन ठाकुर-राजबंसी दक्षिण अफ्रीका के क्वाज़ुलु-नटाल प्रांत की विधानसभा की सदस्य हैं। वह भी अपने देश के भारतवंशियों के हक में सक्रिय रहती हैं। भारतीय मूल के तीन व्यक्ति, फसीहा हसन, मागेशवरी गोवेन्दर और शाएक इमरान सुब्रथी नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन कांग्रेस पार्टी (एएनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। राजधानी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग का होना इस बात की गवाही है कि सारा भारत मंडेला की कुर्बानियों से प्रेरित होता है। मंडेला 1995 में भी भारत आए थे। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कॉन्फ्लिक्ट रेजोल्यूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सद्भाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में भी अफ्रीकन अध्ययन केन्द्र है।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के



शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। बताते चलें कि वे 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते हुए करप्शन के अनगिनत केस लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' ( अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक एएनसी से अवाम की नाराजगी की वजह जुमा के कुशासन के कारण ही हुई थी।

बेशक एक दौर में एएनसी के प्रति दक्षिण अफ्रीका के अवाम के मन में गहरा प्रेम था मंडेला के कारण। एएनसी को पिछले 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था। उस समय भी उसे देश की 60 फीसद जनता का भी समर्थन नहीं मिला था। तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे।

दक्षिण अफ्रीका हत्याओं के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है; देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल हो जाता है। जनता पुलिस की काहिली से बहुत नाराज है। बेरोजगारी, बिजली की बार-बार कटौती, पानी के संकट के स्थायी हल ना खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार से एएनसी को नुकसान ही हुआ है। दक्षिण अफ्रीका की जनता राष्ट्रपति रामाफोसा में मंडेला का अक्स देखती थी, पर वे भी जनता के मसलों को हल करने में नाकाम ही रहे। उन्होंने कुछ समय पहले एक भाषण में स्वीकार किया था, 'भ्रष्टाचार ने हमारे लोकतंत्र को घायल कर दिया है और लोगों का हमारे संस्थानों में विश्वास हिला दिया है। अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। सबसे बड़ा नुकसान स्वयं लोकतंत्र में विश्वास के लिए होगा।'

दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए), का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए, डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ एक गठबंधन ब्लॉक बनाया है। कहने वाले कह रहे हैं कि डीए सत्ता पर काबिज हो सकती है। अगर सर्वेक्षणों पर विश्वास किया जाए, तो एएनसी को जरूरत पड़ने पर इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) या डीए के साथ गठबंधन बनाने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। डीए के नेता स्टीनहुइसन ने अपनी ओर से, एएनसी के साथ गठबंधन में जाने से इनकार नहीं किया है। यानी एएनसी और डीए भी मिलकर सरकार बना सकते हैं। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है जिसका नेतृत्व एएनसी के पूर्व युवा नेता जूलियस मालेमा करते हैं।

खैर, भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को और मित्र देश दक्षिण अफ्रीका में 2 जून को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद दोनों देशों में नई सरकारें बनेंगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार भारतवंशियों के हितों के हल तलाश करेगी। भारतीयों के बिना अधूरा है दक्षिण अफ्रीका। वहां के शिखर क्रिकेटर हाशिम आमला और केशव महाराज भारतीय मूल के ही हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित

दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे।

## गलत काम पूरे जीवन की तपस्या कर देता है बर्बाद



संकलित

प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मुफ्त की रेवड़ियां बांटना बंद करें सियासी दल

राजनीतिक पार्टियां मुफ्त की रेवड़ियां बाटना बंद करें। जो भी राजनीतिक पार्टी चुनाव के समय मुफ्त लाभ देने की घोषणा करती है, यदि वह चुनाव के बाद सत्तारूढ़ होती है तो जो उन्होंने मुफ्त में देने की कोई घोषणा की होती है, उस मुफ्त का लाभ सरकारी खजाने से न देकर अपने पार्टी फंड से देने की कोशिश करे, सरकारी खजाने में जो फंड आता है, वह लोगों के खून-पसीने की कमाई टैक्स के रूप में सरकारी खजाने में जमा होता है। उस फंड का सदुपयोग देश के विकास में होना चाहिए। राजनीतिक पार्टियों की यह मुफ्त की घोषणा लोगों को अपाहिज बना रही है। आज शिक्षा व स्वास्थ्य का लाभ सभी वर्गों के लिए निशुल्क होना चाहिए।

*– प्रदीप चंद्राकर, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# स्पेन फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा



यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि उनके देश का मंत्रिमंडल मंगलवार को बैठक में फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा। आयरलैंड और नॉर्वे भी बाद में फलस्तीन राष्ट्र को आधिकारिक तौर पर मान्यता देंगे। दर्जनों देशों ने फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है। सांचेज ने मैड्रिड में प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा, 'यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य है और यह लक्ष्य इजराइल और फलस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है।' सांचेज के इस भाषण का टेलीविजन पर प्रसारण किया गया। समाजवादी नेता सांचेज ने पिछले सप्ताह संसद के समक्ष अपने देश के फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम और मान्यता के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से यूरोपीय और पश्चिम एशियाई देशों का दौरा किया था। यूरोपीय संघ के सदस्य आयरलैंड और स्पेन द्वारा फलस्तीन राष्ट्र को राजनयिक मान्यता देने की पूर्व संध्या पर यूरोपीय संघ और इजराइल के आपसी संबंध सोमवार को रसातल में पहुंच गए।

## ऑफ बीट


# अगर पृथ्वी बीमार हुई, तो आप भी बीमार हो जाएंगे



एक अधिक गर्म दुनिया के अधिक बीमार दुनिया होने की संभावना है। पृथ्वी पर बढ़ते तापमान का मानव स्वास्थ्य पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है, जैसे लू की लहरें जो हमारे शरीर विज्ञान की सहनशीलता से अधिक गर्म होती हैं। हालाँकि, विरासत में मिली स्थिर जलवायु से हटने के प्रभाव भी अपने आप में आश्चर्यजनक होंगे। उनमें से कुछ मौजूदा बीमारियाँ हो सकती हैं जो नई जगहों पर दिखाई दे रही हैं या अधिक तीव्रता से फैल रही हैं। और कुछ, विशेषज्ञों को डर है, पूरी तरह से नई बीमारियाँ हो सकती हैं। मच्छर जनित संक्रमण मलेरिया ने पिछले दशक के दौरान हर साल पांच लाख से अधिक लोगों की जान ले ली। इनमें से अधिकतर पीड़ित बच्चे थे और लगभग सभी (2022 में 95 प्रतिशत) अफ्रीका में थे। बीमारी के स्रोत के रूप में, संक्रामक मच्छरों को कम से कम तीन चीजों की आवश्यकता होती है: गर्म तापमान, आर्द्र हवा और प्रजनन के लिए पोखर। तो वैश्विक तापमान से क्या फर्क पड़ेगा? परजीवी दूसरी जगहों तक जा सकते हैं। जल और स्वास्थ्य विशेषज्ञ मार्क स्मिथ और क्रिस थॉमस (लिंकन विश्वविद्यालय) कहते हैं, 'जलवायु और मलेरिया संचरण के बीच संबंध जटिल है और लगभग तीन दशकों से गहन अध्ययन का विषय रहा है।'

## ट्रेंड

### जनादेश पारदर्शी सरकार के साथ



एक ओर 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले करने वाले इंडी गठबंधन के नेता हैं, दूसरी तरफ 23 साल के राजनीतिक जीवन में जिन पर एक पैसे का आरोप नहीं है, ऐसे मोदी जी हैं। उत्तर प्रदेश की जनता का जनादेश ईमानदार और पारदर्शी सरकार के साथ रहने वाला है।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### खेल की भी जरूरत



मेरे दोस्त राष्ट्रपति थॉमस बाख को ओलंपिक में आपकी साझेदारी के लिए और डब्ल्यूएचए 77 के उद्घाटन में हमारे साथ शामिल होने के लिए धन्यवाद। आपने सही कहा- सभी को स्वस्थ रखने के लिए, हमें सभी के लिए खेल की भी आवश्यकता है।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### अफ़सरों का तबादला क्यों



अभी जब चुनाव चल रहा है तो मोदी जी अफ़सरों का तबादला कर रहें है, किसी को विस्तार दे रहें है। जब आदर्श आचार संहिता है तो मोदी जी अफ़सरों के आदेश क्यों निकाल रहें हैं? क्या मोदी जी जाने से पहले, चुनाव के दौरान अफ़सरों का तबादला कर, उन पर कृपादृष्टि कर रहें हैं?

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### गंगाजल से घर धोया



यूपी के पांच साल सीएम रहे अखिलेश यादव ने घर ख़ाली किया तो भाजपा ने गंगाजल से घर धोया। पत्नी के साथ कन्नौज के मंदिर में पूजा किया तो भाजपाइयों ने मंदिर को गंगाजल से धोया। पीडीए से नफ़रत करती है बीजेपी।

-संजय सिंह, आप सांसद

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## बारासात और दुमका में मोदी का विपक्षी गठबंधन पर हमला

# अब क्या जजों के पीछे गुंडे छोड़ देगी टीएमसी, उधर- राहुल बोले परमात्मा ने मोदी को अंबानी और अडाणी की मदद के लिए भेजा

*लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों के नेताओं के द्वारा चुनाव प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है। पीएम मोदी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में प्रचार को धार दी। शाह और नड्डा ने भी प्रचार किया। इंडी गठबंधन की ओर से राहुल और खरगे ने प्रचार किया*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ बारासात/ दुमका

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों के नेताओं के द्वारा चुनाव प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है। पीएम मोदी पश्चिम बंगाल के बारासात में कहा कि टीएमसी और इंडी गठबंधन को आपके विकास से कोई मतलब नहीं है। टीएमसी ने ओबीसी को जो धोखा दिया उसकी कलई कोर्ट ने खोल दी है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैर कानूनी है।

टीएमसी ने लाखों ओबीसी नौजवानों का जो हक मिला था उनको संविधान ने दिया था, वो हक रातोंरात ये वोट जिहाद वालों की मदद के लिए इन्होंने लूट लिया है। मैं तो हैरान हूं कि यहां के जजों की नीयत पर सवाल उठाए जा रहे हैं, न्याय व्यवस्था और न्यायपालिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। अब क्या जजों के पीछे भी गुंडे छोड़ दोगे क्या? पूरा देश देख रहा है कि कैसे टीएमसी बंगाल में न्यायपालिका का गला घोंट रही हैं।



### टीएमसी और लेफ्ट एक ही सिक्के के दो पहलू

मोदी ने कहा, बंगाल में ज्यादातर फैक्ट्रियां बंद हैं, नौजवान पलायन के लिए मजबूर हैं। ये बंगाल की दुर्दशा, ये बर्बादी किसने किया? पहले बंगाल को कांग्रेस ने लूटा, फिर लेफ्ट ने लूटा और अब टीएमसी दोनों हाथों से लूट रही है। कांग्रेस, सीपीएम, टीएमसी, तीनों ही पश्चिम बंगाल की गुनहगार हैं। पर्दे के पीछे टीएमसी और लेफ्ट एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आज हर कोने से एक ही आवाज आ रही है, फिर एक बार मोदी सरकार।

### सीएए को लेकर फैलाया जा रहा झूठ

पीएम मोदी ने कहा कि 'मां-माटी-मानुष की बात करने वाली टीएमसी ने मां को भय दिया है, माटी का अपमान किया है यहां तक की महिला एमएलए जो गुंडागर्दी के खिलाफ बोलती हैं उनको भी टारगेट किया है। साथियों तुष्टीकरण की राजनीति के कारण, टीएमसी ने सीएए के खिलाफ भी झूठ फैलाया है, पहले रोकने की कोशिश, लेकिन मोदी डरा नहीं, रुका नहीं, मैंने लाया और लागू किया। आज पूरा देश देख रहा है सैकड़ों शरणार्थियों को नागरिकता मिल चुकी हैं। उन्हें नागरिकता देकर उन्हें सम्मान दिया गया है।

### जिसने खाया उससे निकालूंगा, अब भ्रष्टाचारी 100 बार सोचेंगे

*मोदी देश को और पश्चिम बंगाल को एक और बड़ी गारंटी दे रहा है। मोदी की गारंटी है कि जिसने खाया है उससे बाहर निकालूंगा और जिसका खाया उसको मैं लौटाऊंगा। ये मोदी की गारंटी है। टीएमसी के नेताओं के पास भी ये जो नोटों के पहाड़ निकले हैं, एक-एक रुपए का हिसाब होगा। अब इंडी गठबंधन वाले गरीब और मध्यम वर्ग की कमाई का एक्स रे करने की बात करते हैं। अब मोदी इन भ्रष्टाचारियों की, कालेधन की, गंदी कमाई का एक्सरे निकालेगा। ऐसा एक्स रे इनकी आने वाली पीढ़ियां भी भ्रष्टाचार करने से पहले 100 बार सोचेंगी। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद देश में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी, ये मोदी की गारंटी है। भ्रष्टाचार पर हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति चालू रहेगी।*

### धर्म के आधार पर आरक्षण देकर कई पीढ़ियों को बर्बाद करेंगे

पीएम मोदी ने कहा 'जो खुद को दलितों, आदिवासियों का हितैषी बताते हैं, असल में वे उनके दुश्मन हैं। उनके घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की झलक है। क्या आप वोटबैंक की राजनीति के लिए आने वाली पीढ़ियों को भी बर्बाद करना चाहते हैं?

### झारखंड में नोटों के पहाड़ निकल रहे

पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड की चर्चा नोटों के पहाड़ के लिए हो रही है। कहीं नोटों का पहाड़ 19 करोड़, कहीं 35 करोड़ का तो कहीं 300 करोड़ का। कांग्रेस गरीबों के नाम पर पैसे लूटने में 24 गुणा 7 काम में लगी रहती थी। मैंने आकर वो सब बंद कर दिया।

#### उत्तर प्रदेश में राहुल ने भाजपा पर साधा निशाना

## अंबानी-अडाणी का करोड़ों रुपए का कर्ज कर दिया माफ



**देवरिया।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यूपी के देवरिया में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बाकी सभी लोग बायोलॉजिकल हैं लेकिन पीएम मोदी बायोलॉजिकल नहीं हैं। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी के परमात्मा ने उन्हें अंबानी और अडाणी की मदद करने के लिए भेजा है। उन्होंने कहा कि 16 लाख करोड़ रुपये कर्जा माफ कर दो अडाणी का और उसे रेलवे दे दो। लेकिन परमात्मा ने उन्हें किसानों और मजदूरों की मदद करने के लिए नहीं भेजा है।

### लू से परेशान होकर पानी पीकर बोतल सिर पर उड़ेल ली

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के रुद्रपुर में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश के बाद रैली को संबोधित कर रहे राहुल गांधी मंच पर लू से इतना परेशान हो गए कि भाषण देते-देते सामने रखी बोतल से एक घूंट पानी पिया, फिर पूरी बोतल अपने सिर पर उड़ेल ली। यह भी कहा कि काफी गर्मी है।

**अमृतसर में बोले खरगे**

### एमएसपी की गारंटी पक्की, किसानों को जीएसटी से मिलेगी मुक्ति



*ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमृतसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि पंजाब का युवा निराश है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जीएसटी और नोटबंदी ने इंडस्ट्री का बुरा हाल कर दिया है और इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर जीएसटी को सरल किया जाएगा और लघु उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। हमारी सरकार बनने पर हम किसानों को एमएसपी की गारंटी भी देंगे और किसान फ्रेंडली बीमा योजना भी देंगे। हमारे चुनाव मेनिफेस्टो में पांच न्याय और 25 गारंटियां हर वर्ग की जरूरत को पूरा करेगी।*

### कांग्रेस में शामिल होंगे रघुराम ?



***नई दिल्ली।*** *भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के राजनीति में जाने को लेकर लंबे समय से कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि खुद रघुराम राजन ने कभी भी इसकी पुष्टि नहीं की। सत्ताधारी भाजपा की नीतियों की आलोचना कर चुके रघुराम को कई बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ चर्चा करते देखा गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या रघुराम कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे? एक बार फिर खुद रघुराम ने इस सवाल का जवाब दिया है।*

#### जाजपुर में गरजे गृहमंत्री शाह



### ओडिशा में भाजपा की बनेगी डबल इंजन की सरकार

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने जाजपुर जिले के चांदबाली में भाजपा की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 4 जून को नवीन बाबू ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बन जाएंगे। 25 वर्ष बाद ओडिशा में ओड़िआ बोलने एवं लिखने वाला मुख्यमंत्री बनेगा। ओडिशा में भी मोदी की सरकार बनने जा रही है। शाह ने कहा कि ओडिशा में भाजपा लोकसभा की 17 सीट तथा विधानसभा की 75 सीट जीतकर पहली बार ओडिशा में डबल इंजन वाली भाजपा की सरकार बनाएगी। भगवान जगन्नाथ का भक्त मुख्यमंत्री होगा। शाह ने जनता से सवाल करते हुए कहा कि ओडिशा का शासन चुने हुए मुख्यमंत्री को चलाना चाहिए या तमिल बाबू को चलाना चाहिए। यह चुनाव ओडिशा की अस्मिता का चुनाव है।

#### किन्नौर में नड्डा ने विपक्षी गठबंधन को घेरा



### इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा, वे बेल पर या जेल में

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किन्नौर जिले के शोल्टू में जनसभा में कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये सब भ्रष्टाचारी हैं। राहुल, सोनिया गांधी, अरविंद केजरीवाल बेल पर हैं। घमंडिया इंडी गठबंधन के नेता या तो बेल पर हैं या जेल में हैं। तीसरी बार मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगी। मोदी सरकार ने हिमाचल के गांवों को जोड़ने के लिए 17 हजार किमी लंबी सड़कें बनाईं। मोदी सरकार ने गरीबों के लिए 4 करोड़ घर दिए। 5 साल में तीन करोड़ और घर बनेंगे। बिजली का बिल जीरो किया जाएगा। मोदी सरकार ने 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए।

---

## खबर संक्षेप

### बाइक-जीप की टक्कर तीन युवकों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में सोमवार रात एक सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई



जबकि दो अन्य झुलस गए। यह हादसा एक बाइक व जीप की टक्कर के कारण हुआ। फलासिया थाना क्षेत्र के उदयपुर-आबू रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक उस जीप से जा टकराई जिसमें बाराती सवार थे। बाइक पर सवार तीन दोस्त युवक पास ही कहीं जा रहे थे। इनकी पहचान हो चुकी है।

### 150 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, 3 की मौत


**अल्मोड़ा।** यहां के स्याल्दे विकासखंड में भिकियासैंण-देघाट सड़क पर चौनिया बैंड के



पास एक कार 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इसमें डॉक्टर पति, स्टाफ नर्स पत्नी, आठ साल की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 साल का बेटा घायल हो गया। रुड़की से देघाट सीएचसी में तैनात डॉक्टर पत्नी और बच्चों को छोड़ने जा रहा था, तभी घटना घटी।

### रिटा. आईएएस की पत्नी के मर्डर केस में खुलासा

**लखनऊ।** रिटायर्ड आईएएस अफसर की पत्नी के मर्डर केस मामले का पुलिस ने खुलासा किया



है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र नाथ दुबे के दोनों ड्राइवर समेत 3 लोगों ने घर में लूट के बाद हत्या को अंजाम दिया था। इस पूरे कांड में अधिकारी के दोनों ड्राइवर रवि और अखिलेश के साथ तीसरा साथी रंजीत शामिल था।

#### प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट में किया बड़ा दावा

# केजरीवाल और शराब घोटाले के आरोपी के मैसेज के सबूत मौजूद

*दिल्ली के सीएम और वकील चौहान के बीच संबंधों का किया दावा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और शराब नीति मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी वकील विनोद चौहान के बीच संबंधों को लेकर ईडी ने कई दावे किए हैं। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आप और केजरीवाल के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर सुनवाई शुरू की है।

इसमें डायरेक्ट मैसेज पर बात होने का भी जिक्र है। दावा किया गया है कि चौहान की केजरीवाल के साथ जजों से बात करने के मामले में भी बात हुई थी। चौहान को गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान आप के चुनाव अभियान के लिए साउथ ग्रुप से नकद रिश्वत ट्रांसफर करने के आरोप में ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने कोर्ट के समक्ष आरोप लगाया कि चौहान से 1.06 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे।



### ईडी ने क्या कहा?

ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल गोवा के 5 सितारा होटल में ठहरे थे जिसका भुगतान एक अन्य आरोपी ने किया था। ईडी ने यह भी दावा किया की विनोद चौहान के साथ डायरेक्ट मैसेज की बातचीत के सबूत भी मौजूद हैं। ईडी ने कहा कि यह बातचीत दिखाती है कि वह चौहान की पोस्टिंग को लेकर जजों से मीटिंग करने की बात कर रहे हैं तो उनके आरोपी के साथ कैसे संबंध हैं?

### चौहान रकम का सोर्स नहीं बता रहे

ईडी के वकील ने कहा कि विनोद चौहान इस पैसे का सोर्स नहीं बता सके थे। फिलहाल वह जेल में हैं। केजरीवाल को भी इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वे सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अंतरिम जमानत पर बाहर हैं।

### पंजाब के व्यापारियों से भी ली थी रिश्वत

इसमें आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल अपराध की आय से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे, जिसमें 2022 में गोवा विधानसभा चुनावों के लिए आप के अभियान के लिए इसका इस्तेमाल करना भी शामिल था। ईडी ने अदालत के समक्ष दावा किया है कि पंजाब उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली में शराब कारोबार में अपने निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए उस राज्य के व्यापारियों से रिश्वत ली थी।

### ईडी की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया (जिसमें दावा किया गया था कि उसके पास मामले में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं)। ईडी ने आरोपपत्र में आप को भी आरोपी के रूप में नामित किया है। जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने वाला पहला राजनीतिक दल है। संघीय मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी ने अदालत को बताया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल और पार्टी कथित घोटाले से जुड़े हुए थे। ईडी ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल घोटाले के 'किंगपिन और मुख्य साजिशकर्ता' हैं, जिसमें अन्य आप नेता भी शामिल हैं।

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनफिट नर्सिंग कॉलेजों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के दिए निर्देश

# मप्र के 31 जिलों के 66 नर्सिंग कॉलेज होंगे 'बंद'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज के मापदंडों की पूर्ति में अनफिट पाए गए कॉलेजों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह भी निर्देश दिए कि नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी प्रभावित नहीं हों और परीक्षा दे सकें । आयुक्त चिकित्सा शिक्षा ने सभी कलेक्टर को अनफिट पाए गए नर्सिंग कॉलेज की सूची भेजी गई है। उनसे उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। इंदौर सहित कई ज़िलों में अनफिट पाए गए नर्सिंग कॉलेज में कार्रवाई कर उन्हें बंद किया गया है। सबसे पहले यह कार्रवाई इंदौर जिले में की गई। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 31 ज़िलों के 66 नर्सिंग कॉलेज को अनफिट पाया गया है।

### कई कॉलेज तो कागजों में ही थे पर अफसर दे देते थे क्लीन चिट

सीबीआई अफसरों को रिश्वत लेते गिरफ्तार करने के बाद हुई सीबीआई की जांच में पाया गया कि जिन नर्सिंग कॉलेजों को सीबीआई ने मान्यता दी थी, वे असल में केवल कागजों पर मौजूद थे। इसके बावजूद, इन कॉलेजों को संचालन की अनुमति दी गई थी। इस घोटाले के चलते 4 साल से नर्सिंग छात्रों की परीक्षाएं नहीं हो पाई हैं, उच्च न्यायालय ने इस मामले में सख्त टिप्पणियां करते हुए परीक्षाएं आयोजित कराने का आदेश दिया है। गिरफ्तार सभी 13 आरोपियों को 29 मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

#### पटना में छात्र नेता की हत्या

## छात्रों में उबाल, अशोक राजपथ और करगिल चौक पर आगजनी

एजेंसी ▶▶ पटना





छात्र नेता और लॉ के छात्र हर्ष राज की हत्या के विरोध में मंगलवार को भारी संख्या में छात्रों ने पटना की सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने टायर जलाकर विरोध जताया।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कुलपति को तुरंत बदलने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। सुबह से ही छात्र सड़क पर उतर आए और अशोक राजपथ को जाम कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस दौरान जाम और भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांधी मैदान के समीप कारगिल चौक पर टायर जलाकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इससे अफरा तफरी रही। हंगामा करने वाले कुछ छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस छात्रों को आश्वासन देते रहे कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस स्थिति को नियंत्रण करने में जुटी हुई है।

#### सावाना सीड्स के एशिया प्रशांत व्यापार प्रमुख एवं सीईओ ने कहा

*भारत के 12 से अधिक राज्यों के धान उत्पादक किसानों की बढ़ेगी आय, पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ खेती को मिलेगा बढ़ावा: अजय राणा*

# धान की खेती करने वाले किसानों के लिए वरदान है 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2035 तक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त 114 मिलियन टन चावल की आवश्यकता होगी। जबकि, धान की खेती में विस्तार के लिए भूमि और जल संसाधन हासिल करना टेढ़ी खीर है। धान की खेती के पारंपरिक तरीकों में पानी पर निरंतर दबाव और उच्च लागत को देखते हुए यह जरूरी है कि अधिक-से-अधिक किसान सस्ती एवं अधिक टिकाऊ डीएसआर विधि के साथ जलवायु-अनुकूल कृषि प्रथाओं का उपयोग करें। हालांकि, ऐसे किसान खरपतवार प्रबंधन और कम उत्पादकता की चुनौतियों से जूझते हैं।

यही वजह है कि हमें इस क्षेत्र में नये समाधान के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। यह कहना है सावाना सीड्स के एशिया प्रशांत व्यापार प्रमुख एवं सीईओ अजय राणा का। प्रौद्योगिकी-आधारित अग्रणी चावल कंपनी सवाना सीड्स ने अपनी तरह का पहला 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन पेश किया है, जिसे विशेष रूप से धान के किसानों द्वारा डीएसआर प्रणाली को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। धान के बीज की खेतों में सीधी बुआई करने यानी डीएसआर (डायरेक्ट सीडिग



ऑफ राइस) तकनीक का उपयोग करने वाले किसानों को अब उन्हें धान की फसल के साथ उगने वाले अनावश्यक खरपतवार और जंगली धान के पौधों की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। राणा ने बताया कि एक नया प्रौद्योगिकी समाधान 'फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन' धान के बीज की सीधी बुआई करने वाले लाखों किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए तैयार है। 'फुलपेज' तकनीक एक समग्र और भविष्यवादी दृष्टिकोण का मिश्रण है, बल्कि किसानों के लिए प्रति एकड़ लागत में 6000 से 8000 रुपए की बचत भी करता है। उन्होंने कहा कि यह श्रम लागत कम करने के साथ-साथ ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी करीब 25 फीसदी तक करने में सक्षम है। यह नया प्रौद्योगिकी समाधान पानी बचा कर भूजल की खपत को कम करेगा और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देगा। यह पूरी तरह से भारत सरकार के नेट जीरो उत्सर्जन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के दृष्टिकोण के अनुकूल है।

राणा ने बताया कि यह अत्याधुनिक समाधान व्यापक चार-आयामी लाभ प्रदान करता है। अपने स्क्वाड बीज उपचार के साथ 'फुलपेज' क्रॉपिंग सॉल्यूशन फसल उत्पादन में वृद्धि करने के लिए स्मार्ट जेनेटिक्स को एकीकृत करता है, एक समान अंकुरण प्रदान करता है, मजबूत प्रारंभिक विकास के साथ पौधे की शक्ति को बढ़ावा देता है। 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन फसल में हर्बिसाइड फाइटोटॉक्सिसिटी के जोखिम को समाप्त करता है, व्यापक स्पेक्ट्रम खरपतवार नियंत्रण और फसल सुरक्षा की पेशकश करके निर्बाध विकास और अधिकतम उपज क्षमता सुनिश्चित करता है।

## 'इंडसइंड बैंक-पूनावाला फिनकॉर्प इलाईट रुपे प्लैटिनम क्रेडिटकार्ड' का अनावरण

पुणे। पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड ने इंडसइंड बैंक के साथ मिलकर अपने ग्राहकों के लिए 'इंडसइंड बैंक पूनावाला फिनकॉर्प इलाईट रुपे प्लैटिनमक्रेडिट कार्ड' लॉन्च करने की आज घोषणा की। यह दो वित्तीय संस्थानों का को-ब्रांडेडकार्ड है। यह प्लैटिनम कार्ड विशेष रूप से ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को फिर से परिभाषितकरने और बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनीअपने मूल्यवान ग्राहकों की तेजी से बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुरूप वित्तीयसमाधान प्रदान करने की अपनी वर्तमान प्रतिबद्धता को पूरा करने पर केंद्रित है।

# चांदी 3,100 रुपए उछाल के साथ 95,950 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

## चांदी लगातार दूसरे दिन तेजी से दो सप्ताह के उच्चस्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ 95,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 130 रुपये मजबूत हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार दूसरे दिन चांदी में मजबूती आई। इसकी कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 95,950 रुपये प्रति किग्रा हो गई। सोमवार को चांदी 92,850 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोना 130 रुपये मजबूत होकर 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,346 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है।

### विदेशी बाजार में भी चांदी में उछाल

विदेशी बाजारों में चांदी भी बढ़कर 31.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की कीमतें बढ़कर 31 डॉलर के स्तर को पार कर गईं, जो नरमी के दौर के अंत का संकेत है। इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोना 169 रुपये घटकर 71,840 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।



### सोने व चांदी का जून अनुबंध निचले स्तर पर पहुंचा

सोने का सबसे अधिक कारोबार वाला जून अनुबंध दिन के कारोबार में 71,762 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, जुलाई डिलिवरी वाला चांदी का अनुबंध भी 294 रुपये या 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 94,314 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था।

### व्यापारी अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़े का कर रहे इंतजार

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'कमजोर अमेरिकी डॉलर की मदद से मंगलवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोना मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।' उन्होंने कहा, व्यापारी अब महत्वपूर्ण अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो इस बात पर प्रकाश डाल सकता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व कितनी जल्दी ब्याज दरों में कमी कर सकता है।

## एयरवेज व मारन के 1323 करोड़ के दावे को निराधार बताया

# केएएल एयरवेज, मारक के किए दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं : स्पाइसजेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के दावे निराधार हैं और इनका कोई कानूनी औचित्य नहीं है। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा था कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे। साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे। स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह केएएल एयरवेज और मारन द्वारा 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने के दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। विमानन कंपनी ने कहा, 'इन दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। वे मध्यस्थ न्यायाधिकरण और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज किए गए दावों को दोहरा रहे हैं।'

- दोनों ने स्पाइसजेट व प्रमुख सिंह से हर्जाना मांगा

### 17 मई को एकल पीठ ने आदेश रद्द किया

*स्पाइसजेट ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपीलीय क्षेत्राधिकार के समक्ष किसी भी अपील को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया था और परिणामस्वरूप मामले का निपटारा हो गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 17 मई को एकल न्यायाधीश की पीठ के आदेश को रद्द कर दिया था।*




### 1300 करोड़ से अधिक मुआवजे की मांग

स्पाइसजेट ने कहा, केएएल एयरवेज और मारन ने शुरुआत में मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग की। इस दावे की गहन जांच की गई और बाद में उच्चतम न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक पीठ ने इसे खारिज कर दिया। इसके बाद केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ में अपील की और मुआवजे में समान राशि की मांग की, जिसे अदालत ने फिर से खारिज कर दिया।

### न्यायाधिकरण ने निर्णय बरकरार रखा था

आदेश में मध्यस्थता न्यायाधिकरण के उस निर्णय को बरकरार रखा गया था, जिसमें स्पाइसजेट और उसके प्रवर्तक अजय सिंह को ब्याज के साथ 579 करोड़ रुपये मारन को वापस करने के लिए कहा गया था। पीठ ने 31 जुलाई 2023 को पारित एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली सिंह और स्पाइसजेट की अपील को स्वीकार कर लिया और मध्यस्थता न्यायाधिकरण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नए सिरे से विचार करने के लिए मामले को संबंधित अदालत में वापस भेज दिया था।

### दोनों पक्ष का मानना निर्णय में काफी खामियां है

*इस बीच मारन और उनकी कंपनी केएएल एयरवेज ने अपने कानूनी सलाहकार से परामर्श के बाद फैसले को चुनौती देने का निर्णय किया। केएएल एयरवेज और मारन का मानना है कि उपरोक्त निर्णय में कई खामियां हैं और इसकी आगे जांच की आवश्यकता है।*

### हर्जाने का निर्धारण ब्रिटेन की एफटीआई ने किया

*केएएल एयरवेज ने सोमवार को बयान में कहा कि वे 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना भी मांग रहे हैं। इसका निर्धारण ब्रिटेन की एफटीआई कंसल्टिंग एलएलपी ने किया है। यह अनुबंध के उल्लंघन से होने वाले नुकसान का आकलन करने के लिए चर्चित कंपनी है। वहीं स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि अदालत के फैसले के बाद अब वह 450 करोड़ रुपये वापस मांगेगी।*

### संसाधन की कमी के कारण बंद हुई एयरलाइन

*मामला 2015 शुरुआत का है जब सिंह (जो पहले एयरलाइन के मालिक थे) ने संसाधन की कमी के कारण महीनों तक बंद रहने के बाद इसे मारन से वापस खरीद लिया था। समझौते के तहत मारन और केएएल एयरवेज ने स्पाइसजेट को वारंट और तरजीही शेयर जारी करने के लिए 679 करोड़ रुपये का भुगतान करने का दावा किया था।*

## परमेश्वर फुंकवाल ने पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला



**भुवनेश्वर।** परमेश्वर फुंकवाल, आईआरएमएस ने पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। फुंकवाल आईआईटी, कानपुर के पूर्व छात्र रहे हैं और भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) के 1988 बैच के अधिकारी हैं। दशकों के उल्लेखनीय करियर के दौरान उन्होंने डीआरएम, राजकोट, एडीआरएम, अहमदाबाद, अध्यक्ष, आरआरबी और कार्यकारी निदेशक, आरडीएसओ जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा दी है। पूर्व तट रेलवे में अपनी नियुक्ति से पहले वे पश्चिम रेलवे, मुंबई में प्रधान मुख्य अभियंता के रूप में पदस्थापित थे।



## एलन कोटा में मिलेगी सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को निः शुल्क कोचिंग

**कोटा।** शिक्षा के क्षेत्र में निर्धन व प्रतिभावान विद्यार्थियों के सपने पूरे करने के लिए गठित एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से शिक्षा संबल योजना शुरू की गई है, इसके तहत उत्तर भारत के सरकारी विद्यालयों व विद्या भारती संस्थान के हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को एलन कोटा कैम्पस में निःशुल्क कोचिंग, आवास एवं भोजन की व्यवस्था दी जाएगी। इसकी घोषणा एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में की

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट



**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 220 अंक के नुकसान में रहा। निवेशकों ने लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले बिजली, तेल एवं पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली की। लाभ और नुकसान के बीच घूमते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 220.05 अंक की गिरावट के साथ 75,170.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। इसके बावजूद अंत में यह 44.30 अंक गिरावट के साथ 22,888.15 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि चुनावों के नतीजों से पहले अनिश्चितता के बीच शेयर बाजारों में गिरावट पर लिवाली और चढ़ने पर बिकवाली का दौर चल रहा है। सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को कारोबार के दौरान रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे थे। हालांकि, बाद में निवेशकों की मुनाफावसूली से दोनों मानक सूचकांक नुकसान में बंद हुए थे। **इन शेयरों में रही घट-बढ़:** सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।


## गुमशुदा की तलाश


अनिल उर्फ रामू

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **अनिल उर्फ रामू पुत्र, पन्ना लाल, पता** मकान नं. 567, ताजपुर पहाड़ी सोसायटी कैम्प बदरपुर, नई दिल्ली, जो दिनांक 26.05.2024 समय 05:40 बजे थाना बदरपुर, दक्षिण–पूर्व ज़िला, दिल्ली से गुमशुदा है। इस संदर्भ में **डीडी सं. 80ए दिनांक 26.05.2024** थाना बदरपुर, दक्षिण–पूर्व ज़िला, दिल्ली में दर्ज है।

गुमशुदा व्यक्ति का ब्यौरा इस प्रकार है :

**नाम :** अनिल उर्फ रामू, **पिता का नाम :** पन्ना लाल, **उम्र :** 27 साल, **कद :** 5 फुट 4 इंच, **चेहरा :** गोल, **रंग :** सांवला, **शरीर :** सामान्य, **पहनावा :** जिसने हरे कलर का सर्ट और काले रंग का पैजामा और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना : बदरपुर, नई दिल्ली
फोन: 011-29894753
8750870933

DP/6286/SE/2024





नई दिल्ली। वी. श्रीनिवास, सचिव, डीएआरपीजी, भारत सरकार से ''सीएसआर 'चैंपियन अवॉर्ड'' प्राप्त करते हुए पीएफसी की सीएमडी परमिन्दर चोपड़ा।

## कैडेटों ने वाकनाघाट में एचआईवी/एड्स की रोकथाम और जागरूकता के लिए एक अभियान चलाया




**सोलन।** 26 मई 2024 को जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाकनाघाट के कैडेटों ने वाकनाघाट में एचआईवी/एड्स की रोकथाम और जागरूकता के लिए एक अभियान चलाया। दिन की शुरुआत सुबह 8:30 बजे हुई जहां कैडेट अपनी जागरूकता रैली के शुरुआती बिंदु के रूप में शहर के चौराहे पर एकत्र हुए। इस आयोजन का उद्देश्य जनता, विशेषकर युवाओं को जोखिमों, रोकथाम के तरीकों और एचआईवी/एड्स से जुड़े कलंक को मिटाने के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। 1 एचपी बीएन एनसीसी सोलन के कैडेटों द्वारा आयोजित एचआईवी/एड्स रोकथाम और जागरूकता रैली एक गतिशील और प्रभावशाली कार्यक्रम था जिसमें समुदाय को शिक्षित करने और संलग्न करने के लिए डिजाइन की गई कई प्रमुख गतिविधियाँ शामिल थीं। रैली रविवार की सुबह धूप में विश्वविद्यालय के पास टाउन स्क्वायर से शुरू हुई और विश्वविद्यालय गेट पर समाप्त हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम और समर्थन पर शक्तिशाली संदेश वाले बैनर और तख्तियां ले रखी थीं। रास्ते में, कैडेटों ने नुक्कड़ नाटक किए और मिथकों को दूर करने, संचरण के तरीकों की व्याख्या करने और निवारक उपायों को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक संबोधन दिए। एचआईवी परीक्षण और देखभाल पर आवश्यक विवरण प्रदान करते हुए, जनता को सूचनात्मक पर्चे वितरित किए गए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जॉन मैथ्यू, पुत्रः स्व. एमेका, पताः म.नं. एफ–138, पहली मंजिल, जवाहर पार्क, नई दिल्ली** ने **FIR No. 438/2021, U/s 14 Foreigners Act, पुलिस थाना नेब सराय, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जॉन मैथ्यू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जॉन मैथ्यू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 438/2021, U/s 14 Foreigners Act, पुलिस थाना नेब सराय, नई दिल्ली** के अभियुक्त **जॉन मैथ्यू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि सिंह
महानगर दंडाधिकारी–03
दक्षिण जिला, कोर्ट नं. 212
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/5806/SD/2024



## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान

बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट
ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

### जॉब

(फ्रॉड कॉल से सावधान)
RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS SENDING JOB) करके लड़के- लडकियां, गृहणियां, घरबैठे कमाएं (21500- 48500) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS / WHATSAPP करें :- 07827428113, 07679699330

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO 99 EPC-D-99/PD&C DATED 27.12.2024 | शुद्धिपत्र सं. 7 / बोलियों को ऑनलाइन जमा करने की तिथि में विस्तार 03.06.2024 तक 17:00 बजे तक और 27.05.2024. | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | QDP NO 1448 NIT NO 1328 DATED 15.03.2024 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 04.06.2024 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | QDP NO 1446 NIT NO 1327 DATED 14.03.2024 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.06.2024 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | 105/PD&C DATED 12.03.2024 | शुद्धिपत्र-2 / ऑनलाइन बोली की निर्धारित तिथि का विस्तार 07.06.2024 तक 17:00 बजे तक और 23.05.2024. | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/80/26405/I/88/7 दि. 28.05.24


## राशिफल

**मेष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** – परिवार के संग किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है, खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धनलाभ हो सकता है, परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** – संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है। कला व संगीत में रुचि बढ़ेगी, वस्त्रों पर खर्चा बढ़ेगा।

**सिंह** – मन में निराशा व असंतोष के भाव रहेंगे, आत्म विश्वास में कमी रहेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कन्या** – कारोबार के विस्तार की योजना साकार होगी, भाइयों का सहयोग मिलेगा लेकिन परिश्रम की अधिकता रहेगी। अनियोजित खर्चे बढ़ेंगे।

**तुला** – घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, परिश्रम की अधिकता रहेगी। लाभ में वृद्धि की संभावना है।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है। आय में वृद्धि होगी लेकिन स्थान परिवर्तन की संभावनाएं बन रही हैं।

**मकर** – चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन की संभावना बन रही है, किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। वस्त्रादि उपहार स्वरूप प्राप्त हो सकते हैं। बातचीत में संयत रहें, खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5525




**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

### शब्द पहेली- 5524 का हल





# टीम इंडिया का हैड कोच बनने मोदी, शाह, धोनी और सचिन के नाम से पहुंचे फर्जी आवेदन

## हेड कोच के लिए आईं सैकड़ों फर्जी एप्लिकेशन ने बढ़ाई बीसीसीआई की परेशानी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टीम इंडिया के अगले हेड कोच के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख सोमवार 27 मई थी। बीसीसीआई को इस प्रोफाइल पोस्ट के लिए 3 हजार से ज्यादा आवेदन मिले हैं। बीसीसीआई ने इसके लिए अपनी वेबसाइट पर गूगल फॉर्म शेयर किया था, इसके जरिए ही भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच के लिए आवेदन भरना था।

इसीका फायदा उठाते हुए फर्जी आवेदनों की बाढ़ आ गई। किसी ने सचिन तेंदुलकर तो किसी ने नरेंद्र मोदी व अमित शाह तक के नाम से फर्जी आवेदन कर दिया। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने अपने एप्लीकेशन भेजने के स्क्रीनशॉट साझा करना शुरू कर दिया।

### दिग्गज हस्तियों के नाम से फर्जी आवेदन

अब, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीसीसीआई को कई फर्जी आवेदकों की जांच करनी पड़ रही है जिन्होंने नौकरी के लिए दिग्गजों के नामों का इस्तेमाल किया है। टीम इंडिया के हेड कोच पद के लिए फर्जी आवेदन करने वालों ने सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह तक के नाम का इस्तेमाल किया।

### गूगल फार्म के जरिए करना था आवेदन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीम इंडिया के हेड कोच के आवेदन में मोदी, शाह और सचिन जैसे नाम भी आए हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस बार 3 हजार से ज्यादा एप्लीकेशन आए हैं। दरअसल, इस बार आवेदन गूगल फॉर्म के जरिए करना था। ऐसे में जो भी नाम आवेदन के लिए आए हैं उसमें कुछ नाम फेक भी हो सकते हैं। इससे बीसीसीआई का सिरदर्द बढ़ गया है और अब उसे ऐसे नाम छांटने होंगे जो फर्जी हैं।





### गंभीर रेस में सबसे आगे हैं

*बीसीसीआई की लिस्ट में गौतम गंभीर, वीवीएस लक्ष्मण, जस्टिन लैंगर, रिकी पोंटिंग, स्टीफन फ्लेमिंग प्रमुख हैं। बता दें कि इस बीच, आईपीएल 2024 फाइनल के बाद जय शाह और गंभीर की लंबी बातचीत हुई है। इसके बाद से ये कयास लग रहे हैं कि गौतम गंभीर टीम इंडिया के अगले हेड कोच हो सकते हैं। हालांकि, गंभीर ने इस पद के लिए आवेदन किया है या नहीं, ये अब तक साफ नहीं। हालांकि, हाल ही में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने उन रिपोर्ट का खंडन किया था, जिसमें दावा किया गया था कि बीसीसीआई की पोटिंग से हेड कोच के लिए चर्चा हुई थी।*

### पिछली बार भी हेड कोच के लिए आए थे फर्जी आवेदन

बीसीसीआई के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया हकि पिछले साल भी, बीसीसीआई को ऐसी प्रतिक्रिया मिली थी जहां काफी फर्जी आवेदन आए थे। इस बार भी कहानी वैसी ही है। बीसीसीआई को गूगल फॉर्म पर आवेदन आमंत्रित करने का कारण यह है कि एक शीट में आवेदकों के नामों की जांच करना आसान है।

### द्रविड़ नहीं बनेंगे दोबारा हेड कोच

ज्ञात हो कि वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दोबारा आवेदन न करने का फैसला किया है क्योंकि वह अब अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। उनका कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद खत्म हो जाएगा। हालांकि शीर्ष पद के लिए वास्तविक आवेदकों के नाम पर कोई आधिकारिक बयान नहीं है, कई हाई-प्रोफाइल पूर्व क्रिकेटरों को इस भूमिका से जोड़ा गया है।

## खबर संक्षेप



### प्रज्ञानानंदा ने आर्मागेडोन में अलीरेजा को हराया

**स्टेवेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत सभी बाजियां बराबरी पर छूटीं और नतीजों के लिए छह आर्मागेडोन बाजियों का सहारा लेना पड़ा।

### भारत ने द.एशियाई टीम खिताब बरकरार रखा

**नई दिल्ली।** भारत की लड़कियों की अंडर-19 टीम ने कैंडी में मेजबान श्रीलंका को फाइनल में 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना



खिताब बरकरार रखा। भारत ने इससे पहले नेपाल को सेमीफाइनल में 3-0 से हराया। सोमवार को हुए फाइनल में भारत की सयाली वानी ने बिमांदी बंडारा को 11-6, 12-10, 11-8, प्रिथा वर्तिकर ने तमादी कविंदया को 7-11, 11-3, 11-7, 6-11, 11-8 जबकि तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरानी को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर खिताब जीता। अंडर-15 लड़कियों के फाइनल में भी भारतीय टीम ने श्रीलंका को 3-0 से शिकस्त दी जबकि अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भी सार्थक आर्या ने श्रीलंका के खिलाफ अपने दोनों मैच जीतकर भारत की 3-1 से जीत सुनिश्चित की।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर



**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष जोड़ी को मंगलवार को यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के शुरुआती दौर में डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड के खिलाफ अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस महीने की शुरुआत में थाईलैंड ओपन सुपर 500 का खिताब जीता था। भारतीय जोड़ी हालांकि विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज जोड़ी के खिलाफ 47 मिनट के संघर्ष में 20-22 18-21 से हार गयी। पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय जैसे शीर्ष भारतीय शटलर बुधवार को अपना अभियान शुरू करेंगे।

### टी-20 वर्ल्डकप : भारत-पाक के बीच पहली भिड़ंत 9 जून को न्यूयार्क में

# अमेरिका-वेस्टइंडीज के 9 मैदानों में खिताब के लिए भिड़ेंगी 20 टीमें

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत मेजबान अमेरिका क्रिकेट टीम और कनाडा क्रिकेट टीम के बीच 1 जून को होने वाले मुकाबले से हो जाएगी। यह पहला ऐसा संस्करण होने जा रहा है, जिसमें 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें से 8 टीमें सहयोगी देशों की हैं। इंग्लैंड क्रिकेट टीम गत विजेता के रूप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। पहले चरण के बाद सभी ग्रुप में से शीर्ष-2 टीमें सुपर-8 में पहुंचेंगी, जहां उन्हें 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जायेगा। फिर दोनों ग्रुप की शीर्ष 2-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। बतादें कि इस टी-20 विश्व कप की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका संयुक्त रूप से कर रहे हैं। यह अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला आईसीसी का बड़ा टूर्नामेंट होने जा रहा है। इसमें 30 टीमें अपना दमखम दिखाएंगी। न्यूयॉर्क का नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 9 जून को भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले की मेजबानी करेगा।




### दोनों देशों के 9 मैदानों पर खेले जाएंगे मैच

टी-20 विश्व कप इस बार वेस्टइंडीज और अमेरिका संयुक्त मेजबानी में होने जा रहा है। इस बार 9 मैदानों प्रोविडेंस, न्यूयॉर्क, लॉडरहिल, नॉर्थ साउंड, ग्रोस आइलेट, किंग्सटाउन, तारौबा, डलास और ब्रिजटाउन में मैच खेले जाएंगे। यह अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला आईसीसी का बड़ा टूर्नामेंट होने जा रहा है।

### भारत सहित इन देशों की टीमें दिखाएंगी दमखम

इस टी20 वर्ल्ड कप में भारत सहित इंग्लैंड, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड और श्रीलंका ने 2022 के टी-20 विश्व कप के शीर्ष 8 में जगह बनाकर अपनी जगह पक्की कर ली थी। इसके अलावा टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने भी टिकट हासिल किया।

### क्वालीफायर से ये टीमें आईं

यूरोपीय क्वालीफायरः आयरलैंड और स्कॉटलैंड। पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायरः पापुआ न्यू गिनी। अमेरिका क्वालिफायरः कनाडा। एशियाई क्वालीफायरः नेपाल और ओमान। अफ्रीकी क्वालीफायरः नामीबिया और युगांडा। मेजबानः वेस्टइंडीज और अमेरिका।

### 9 मैदानों पर खेले जाएंगे कुल 55 मैच

टी20 विश्व कप टूर्नामेंट में 55 मैच होंगे, जिनमें से 16 मैच लॉडरहिल, डलास और न्यूयॉर्क में होंगे। इसके अलावा 6 अलग-अलग कैरेबियाई द्वीपों पर बाकी के मैच आयोजित किए जाएंगे। न्यूयॉर्क का नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 9 जून को भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले की मेजबानी करेगा। बारबाडोस 29 जून को फाइनल की मेजबानी करेगा। टी-20 विश्व कप 2024 का पहला सेमीफाइनल मैच 26 जून को त्रिनिदाद को और 27 जून को दूसरा सेमीफाइनल गुयाना में खेला जाएगा।

### टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया

इस बार टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है।
ग्रुप-ए : भारत, पाकिस्तान, कनाडा, अमेरिका, आयरलैंड।
ग्रुप-बीः इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्कॉटलैंड, नामीबिया, ओमान।
ग्रुप-सी : न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, पापुआ न्यू गिनी, युगांडा।
ग्रुप-डी : श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड, नेपाल।
पहले चरण के बाद सभी ग्रुप में से शीर्ष-2 टीमें सुपर-8 में पहुंचेंगी, जहां उन्हें 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जायेगा। फिर दोनों ग्रुप की शीर्ष 2-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी।

## बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले होगी ऑस्ट्रेलिया 'ए'-भारत 'ए' में भिड़ंत



एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

भारत 'ए' इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने हैं।

इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा, ''नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी। रोच ने कहा, ''उसका (श्रृंखला का) महिला वनडे के साथ-साथ चलना और उससे पहले ऑस्ट्रेलिया 'ए' बनाम भारत 'ए' के दो महत्वपूर्ण मैच होना हमारे प्रशंसकों के लिए बहुत अच्छा होगा।''

### भारतीय पुरुष टीम का ऐसा है शेड्यूल

भारतीय टीम 17 नवंबर से वाका मैदान पर आपस में टीम बनाकर तीन दिवसीय मैच खेलेगी। भारत ने 2020-21 में अपने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर भी ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ मैच खेले थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरुआती टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में होने वाला है। यह 1991-92 सत्र के बाद पहली बार होगा जब इस प्रतिष्ठित श्रृंखला को पांच टेस्ट तक बढ़ाया गया है।

### महिला टीम का वनडे 8 दिसंबर को

भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी लगभग उसी समय ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। दोनों टीमों के बीच आठ दिसंबर को होने वाला दूसरा एकदिवसीय मैच दूसरे टेस्ट की तारीखों से टकरा सकता है।

## आईसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को दिया 'लिस्ट-ए' का दर्जा

एजेंसी ▸▸| सैन फ्रांसिस्को

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी ने अमेरिका में टी20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट एमएलसी को आधिकारिक 'लिस्ट-ए' का दर्जा प्रदान किया है। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।

आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया।

### विश्व कप के बाद एमएलसी का आयोजन

अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, ''अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। अमेरिका के स्थानीय खिलाड़ियों को लाभ एमएलसी को आधिकारिक दर्जा मिलने का मतलब है कि यह अमेरिका के स्थानीय खिलाड़ियों और खेल के उभरते सितारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान का अवसर प्रदान करेगा।

## एनआरएआई ने म्यूनिख विश्व कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित की

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने म्यूनिख में 31 मई से 8 जून तक होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए मंगलवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत विश्व कप में उन सभी 10 स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा जो ओलंपिक में शामिल हैं। हाल में ओलंपिक चैंपियन ट्रायल्स में भाग लेने वाले निशानेबाजों ने एनआरएआई से विश्व कप में खेलने से छूट देने का आग्रह किया था लेकिन राष्ट्रीय महासंघ ने उन्हें बाद में मना दिया। एनआरएआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंहदेव ने टीम की रवानगी से पहले कहा,''कुछ निशानेबाजों के मन में कार्यक्रम को लेकर सवाल थे लेकिन हमने उन सभी से बात की तथा उन्हें विश्व कप और उसके बाद फ्रांस में लगने वाले शिविर के महत्व के बारे में समझाया।'' भारतीय टीम विश्व कप में भाग लेने के बाद फ्रांस में शिविर में हिस्सा लेगी और फिर स्वदेश में दो सप्ताह का ब्रेक लेगी। टीम ओलंपिक खेलों के लिए पेरिस रवाना होने से पहले भोपाल में आयोजित किए जाने वाले शिविर में भाग लेगी।

## रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग सत्र में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया

**रियाद।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे।

इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया।




### नेमार की गैरमौजूदगी में भी टीम सफल

टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

### बचपन में पिता को खोने वाली वेटलिफ्टर ने पेरू में रचा इतिहास

# प्रीतिस्मिता ने 133 किलो वजन उठाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल की 15 वर्षीय वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई ने पेरू की राजधानी लीमा में इतिहास रच दिया। विश्व युवा वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। प्रीतिस्मिता ने 40 किलो भारवर्ग में कुल 133 (57+76) किलो वजन उठाया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 76 किलो वजन उठाकर 75 किलो का विश्व कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया। ओडिशा की ही ज्योशना साबर ने इसी भारवर्ग में कुल 125 किलो वजन के साथ रजत पदक जीता। विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली पहली युवा मीराबाई चानू के बाद दूसरी और युवा वर्ग में विश्व कीर्तिमान बनाने वाली प्रीतिस्मिता देश की पहली वेटलिफ्टर हैं। चानू सीनियर वर्ग में क्लीन एंड जर्क का विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं।



### बचपन में पिता को खोया मां ने संघर्षों से पाला

प्रीतिस्मिता सिर्फ दो साल की थीं, जब उनके सिर से पिता का साया उठ गया। मां के ऊपर मुसीबतों को पहाड़ टूट पड़ा। उन्होंने दोनों बेटियों को संघर्षों के साथ पिता बनकर पाला और ढेंकनाल के केंद्रीय विद्यालय में दाखिला कराया। यहीं कोच गोपाल कृष्ण दास ने दोनों बहनों को स्कूल मीट में दौड़ते देखा तो उन्हें वेटलिफ्टर बनाने का फैसला किया। दोनों ने ही चार वर्ष के अंदर परिणाम देने शुरू कर दिए।

### बहन भी हैं राष्ट्रीय पदक विजेता

गोपाल बताते हैं कि वह केंद्रीय विद्यालय की स्कूल मीट में गए थे। यहां दो बहनें बड़ी विदुस्मिता और छोटी प्रीतिस्मिता 100, 400 मी. दौड़ में पहले और दूसरे स्थान पर आ रहीं थीं। उसी समय उन्हें लगा दोनों को लिफ्टर बनाया जा सकता है। तब उन्होंने उनकी मां जमुना देवी से बात की। वह तैयार नहीं हुई कि वजन उठाने वाले खेल में उनकी बेटियों आएं। काफी समझाने के बाद वह तैयार हो गईं। विदुस्मिता भी राष्ट्रीय यूथ वेटलिफ्टिंग, खेलो इंडिया में पदक जीत चुकी हैं।

### पहले दिन भारत के खाते में 4 पदक

लीमा (पेरू) में चल रही चैंपियनशिप के पहले दिन भारत को चार पदक मिले। 40 भारवर्ग में प्रीतिस्मिता और ज्योशना के अलावा 45 भारवर्ग में पायल ने 147 (65+82) किलो वजन उठाकर रजत जीता। लड़कों के 49 भारवर्ग में बाबूराम हेंब्रोम ने कुल 193 (86-107) किलो वजन के साथ कांस्य जीता।

## निशांत ने ओटगोंबाटार को दो मिनट में हराया, जामवाल हारे

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोंबाटार बियाम्बा अर्डेनेटो को महज दो मिनट में हराकर दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अबिनाश जामवाल हारकर बाहर हो गए।

पिछले क्वालीफायर में मामूली अंतर से ओलंपिक कोटे से चूके देव ने पहले ही मिनट में अपने प्रतिद्वंद्वी पर घूंसों की बौछार कर दी। पहले दौर में 58 सेकेंड का खेल बाकी रहने पर ही रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। इससे पहले जामवाल को 63.5 किलो के मुकाबले में कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी ने हराया। जामवाल ने तीसरे और आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करके अंकों के आधार पर बराबरी कर ली थी। नियमों के तहत इसके बाद जजों से प्रदर्शन के फिर आकलन के लिये कहा गया। सभी ने फोरी के पक्ष में वोट किया जो 5.0 से जीत गया।






### शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी के मैदान छोड़ने से दिलचस्प हुआ चुनाव

# चंडीगढ़: लोस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच वर्चस्व की जंग

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर एक जून को मतदान होगा। इस बार इस सीट पर बदले सियासी समीकरणों के बीच भाजपा और कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय दलों ने ही अपने प्रत्याशी बदल दिये हैं। भाजपा ने यहां लगातार दो बार से चुनाव जीतने वाली किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को प्रत्याशी बनाया है।

जबकि इंडी गठबंधन की ओर से यहां चुनाव लड़ रही कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल के बजाए मनीष तिवारी पर दांव खेला है। जबकि शिरोमिण अकाली दल के घोषित प्रत्याशी हरदीप सिंह बुटरेला के अपनी पार्टी से ऐनवक्त पर इस्तीफा देकर टिकट वापस करने की वजह से चंडीगढ़ सीट के लोकसभा चुनाव के सियासी समीकरण दिलचस्प बनते नजर आ रहे हैं, जहां अब भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर है, लेकिन यहां पैराशूट से उतारे प्रत्याशी को लेकर कांग्रेस पार्टी में भीतराघात पनपने से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ सकती है। हालांकि यह तो चुनावी नजीजो से ही तय होगा कि इस सीट की चुनावी जंग जीतकर किसी दल का प्रत्याशी लोकसभा पहुंचेगा?

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ एक केंद्र शासित प्रदेश है। भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काटकर भाजपा ने यहां स्थानीय दिग्गज नेता संजय टंडन पर दांव खेला है। जबकि इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने पिछले दो चुनाव में हार चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल का टिकट काटकर दिग्गज नेता एवं पंजाब की आनंदपुर साहिब के मौजूदा सांसद मनीष तिवारी को यहां प्रत्याशी बनाया है। पवन बंसल का टिकट काटने से यहां स्थानीय कांग्रेस संगठन में भीतर घात बढ़ता नजर आ रहा है। कांग्रेस की इस सीट के लिए तैयार की गई यह चुनावी रणनीति घाटे का सौदा हो सकता है।

दूसरी ओर इस सीट पर पिछले चुनाव में भाजपा की सहयोगी रही शिरोमणि अकाली दल के प्रत्याशी हरदीप सिंह बुटरेला ने चुनाव मैदान छोड़कर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, जिसका फायदा भाजपा को मिलने की संभावना बताई जा रही है। बुटरेला चंडीगढ़ नगर निगम के पार्षद भी हैं। इस सीट पर बसपा ने भी महिला प्रत्याशी रीतू सिंह पर दांव खेला है, जो भाजपा व कांग्रेस के मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की फिराक में है। यहां चुनाव मैदान में कूदे 19 प्रत्याशियों में एक दर्जन प्रत्याशी निर्दलीय रुप से चुनाव लड़ रहे हैं।

## क्या है चुनावी इतिहास

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के इतिहास में कहावत है कि इस सीट से जिस दल का प्रत्याशी निर्वाचित होता है, तो केंद्र में उसी दल की सरकार बनती है। ऐसी कहावत के बीच 18वीं लोकसभा चुनाव हो रहा है। लोकसभा के रुप में अस्तित्व में आए चंडीगढ़ सीट पर साल 1967 के पहले चुनाव में यहां भारतीय जनसंघ ने चुनाव जीता था, जिसके बाद 1971 में यहां कांग्रेस और 1977 में जनता पार्टी ने जीत हासिल की थी। 1980 और 1984 के चुनाव में यहां लगातार कांग्रेस के जगन्नाथ कौशल विजयी होकर लोकसभा पहुंचे, लेकिन 1989 में फिर यहां कांग्रेस की वापसी कराने में पवन बंसल सफल रहे, लेकिन 1996 और 1998 के चुनाव में यहां भाजपा के सत्यपाल जैन ने भगवा फहराया। इसके बाद 1999 से 2009 के तीन चुनाव में कांग्रेस के पवन कुमार बंसल लोकसभा पहुंचे और यूपीए सरकार में मंत्री भी बने। जबकि मोदी लहर में 2014 और 2019 का चुनाव भाजपा की किरण खेर ने जीतकर कांग्रेस को पीछे धकेल दिया, लेकिन इस बार भाजपा और कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी बदलकर चुनावी समीकरण को नया मोड़ दे दिया है।


मनीष तिवारी


संजय टंडन

### मतदाताओं का चक्रव्यूह

केंद्र शासित चंडीगढ़ की एक मात्र लोकसभा सीट पर एक जून को होने वाले मतदान के लिए कुल 6,47,291 मतदाता हैं। जिनमें 3,35,060 पुरुष, 3,12,198 महिला और 33 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। इनके अलावा 85 साल से अधिक आयु वर्ग के 11,547 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3,735 है। चंडीगढ लोकसभा सीट के लिए इस बार 18-19 आयुवर्ग के 15,006 नए युवा मतदाता पहली बार अपना वोट डालेंगे। 2019 के चुनाव में यहां 3,04,507 महिलाओं समेत कुल 6,46,708 थे। इस प्रकार पिछले पांच साल में केवल 583 मतदाताओं का इजाफा देखा गया है। नई मतदाता सूची में जहां पुरुष मतदाताओं की संख्या में 7141 की कमी आई, तो वहीं महिला मतदाताओं में 7691 की बढ़ोतरी भी हुई।

### युवा मतदाता होंगे निर्णायक

केंद्र शासित राज्य की चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर 18 से 39 वर्ष आयु वर्ग के मतदाता किसी भी सांसद का चुनाव करने के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं, जिनकी 3,02,851 यानी 47 फीसदी है। इनमें 15006 की उम्र 18-19 तथा 1,40,212 मतदाताओं की उम्र 18 से 29 तक की है। खास बात ये भी है कि इस सीट पर 70-79 आयु वर्ग के 29960 मतदाताओं में 15152 महिला मतदाताओं की संख्या 14808 पुरुष वोटरों से ज्यादा है।

### इन्होंने डाला अपना वोट

चुनाव आयोग ने इस बार बुजुर्गों और दिव्यांगों को फॉर्म 12डी के माध्यम से घर से मतदान का विकल्प दिया था, जिसके तहत 633 पात्र मतदाताओं ने आवेदन किया था, जिनका मतदानकर्मियों ने उनके घर जाकर उनका मतदान कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

### जातीय समीकरण

यदि चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण पर गौर की जाए, तो यहां की 97 फीसदी जनसंख्या शहरी है और तीन फीसदी ग्रामीण आबादी है। इनमें करीब 80 फीसदी आबादी हिंदू और करीब 20 फीसदी सिख समुदाय की आबादी हैं। हिंदू आबादी में 18.9 फीसदी अनुसूचित जाति के मतदाता भी शामिल है। जबकि मुस्लिम और ईसाई जनसंख्या 5 फीसदी के आसपास है।

### कौन है भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन लंबे समय तक चंडीगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं और उन्हीं के इस कार्यकाल में भाजपा ने पिछले दोनों लोकसभा चुनाव और नगर निगम चुनाव में जीत हासिल की थी। टंडन भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दिग्गज नेता एवं पूर्व राज्यपाल बलराम टंडन के सुपुत्र हैं। भाजपा प्रत्याशी पेशे से चार्टेड अकाउंटेंट हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी किरण खेर की जीत में उनकी सक्रीयता का बड़ा योगदान माना गया है। कांग्रेस के प्रत्याशी मनीष तिवारी 15वीं लोकसभा में लुधियाना से सांसद निर्वाचित हुए थे, तो साल 2019 में वे आनंदपुर साहिब से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। वे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के पैनल में भी रहे हैं।

### भारत इस कठिन समय में अपने मित्र देशों के साथ एकजुटता से खड़ा

# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से तबाही भारत 10 लाख डॉलर की देगा सहायता



*पापुआ न्यू गिनी में 24 मई को एक बड़ा भूस्खलन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोग दब गए। इस घटना के बाद भारत सरकार ने राहत और पुनर्निर्माण प्रयासों का समर्थन करने के लिए दस लाख डॉलर की तत्काल राहत सहायता प्रदान करने का ऐलान किया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पापुआ न्यू गिनी में 24 मई को भूस्खलन के कारण करीब दो हजार लोगों के मलबे में दबकर मरने की आशंका है। राष्ट्रीय आपदा केंद्र ने संयुक्त राष्ट्र को लिखे पत्र में यह जानकारी दी है। यह संख्या पहले के अनुमानों से बहुत अधिक है। इस बीच भारत भारी भूस्खलन की मार झेल रहे पापुआ न्यू गिनी की मदद के लिए आगे आया है।

### भारत सरकार ने जताया दुख

इससे पहले विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन की दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार और लोगों के साथ भारत की संवेदनाएं हैं। भारत इस कठिन समय में अपने मित्र देशों के साथ एकजुटता से खड़ा है। भारत सरकार ने द्वीपीय देश में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर की तत्काल राहत सहायता की घोषणा की है।

### पीएम मोदी ने प्राकृतिक आपदा पर गहरी संवेदना व्यक्त की

पापुआ न्यू गिनी फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तहत एक करीबी दोस्त और भागीदार है। वहां के मैत्रीपूर्ण लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के रूप में यह सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं पीएम मोदी ने प्राकृतिक आपदा पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और कठिन समय में प्रशांत द्वीप देश को हर संभव समर्थन और सहायता देने का वादा किया है।

### आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन कार्यक्रम

विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत के इंडो-पैसिफिक महासागरों की पहल (आईपीओआई) का एक महत्वपूर्ण स्तंभ नवंबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन है। भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए प्रतिबद्ध है और एक जिम्मेदार और दृढ़ प्रतिक्रियाकर्ता बना हुआ है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में पापुआ न्यू गिनी के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा, "हालिया भूस्खलन के बाद पापुआ न्यू गिनी में हुई जनहानि से बहुत दुखी हूं।" उन्होंने कहा, "हम वहां की सरकार और लोगों के साथ हैं। भारत इस मुश्किल घड़ी में अपने मित्रों के साथ एकजुटता से खड़ा है।"

### पहले भी आपदा में भारत मजबूती से साथ देता रहा

बता दें कि 24 मई को पापुआ न्यू गिनी के एंगा प्रांत में एक बड़ा भूस्खलन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोग दब गए और बड़ी तबाही तथा जानमाल का नुकसान हुआ। भारत प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई कठिनाई और तबाही के समय पापुआ न्यू गिनी के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। 2018 में भूकंप और 2019 और 2023 में ज्वालामुखी विस्फोट के बाद भारत सहायता के लिए आगे आया है।

### जम्मू कश्मीरः दो हाइब्रिड आतंकी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद




**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में आंतकी हमले में शामिल दो हाइब्रिड आतंकवादियों को पकड़ने में पुलिस और सुरक्षबलों को सफलता मिली है। आतंकियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

■ **वसीम अहमद शाह, अदनान अहमद बेघ दोनो आतंकवादी अनंतनाग के रहने वाले हैं**

अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए हाइब्रिड आतंकियों की पहचान वसीम अहमद शाह और अदनान अहमद बेघ के रूप में हुई है। दोनों अनंतनाग के रहने वाले हैं। उनके कब्जे से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और आठ राउंड, एक ग्रेनेड और 120 एके राउंड बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि पहलगाम में 18 मई को आंतकियों ने राजस्थान से घूमने पहुंचे पर्यटक युगल को गोलियों से निशाना बना कर उन्हें घायल कर दिया था। वारदात को अंजाम देकर आतंकी मौके से भाग निकले थे।

### एशिया का दूसरा सबसे गर्म दिन दर्ज

# पाकिस्तान के मोहनजोदड़ो में पारा 52 डिग्री के पार



एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान में भीषण गर्मी की वजह से हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। यहां सिंध प्रांत के मोहनजोदड़ो में पारा 52 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। इसी के साथ यह इस साल पाकिस्तान का सबसे गर्म दिन बन गया। हीटवेव के बीच यहां कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई है। सिंधु घाटी सभ्यता के समय 2500 बीसी में बने इस शहर में हीटवेव की वजह से दुकानें बंद कर दी गई हैं। जो दुकाने खुली हैं, वहां गर्मी के चलते ग्राहक नहीं पहुंच रहे हैं। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि अगले कुछ दिन तक पाकिस्तान में अधिकतम तापमान नॉर्मल टेम्परेचर से 3-4 डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया जाएगा। मोहनजोदड़ो में पाकिस्तान के इतिहास का तीसरा सबसे गर्म दिन

मोहनजोदड़ो में आमतौर पर ज्यादा गर्मी, हल्की सर्दी और कम बारिश होती है। मंगलवार को यहां पारा 52 डिग्री के पार चला गया। यह पाकिस्तान के इतिहास में अब तक का तीसरा सबसे गर्म दिन बन गया। इससे पहले पाकिस्तान में साल 2017 में सबसे ज्यादा 54 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया जा चुका है। वहीं पूरे एशिया में यह दूसरा सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले दिनों में मोहनजोदड़ो में हीटवेव कम होगी।

### हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य को लेकर ऐहतियात बरतने के निर्देश दिए

# उत्तराखंड : चारधाम यात्रा में अब तक 62 तीर्थयात्रियों की मौत, केदारनाथ में सर्वाधिक

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने के 19 दिन में 62 तीर्थयात्रियों ने दम तोड़ दिया है। इसमें सबसे ज्यादा 30 तीर्थयात्रियों की मौत केदारनाथ में हुई है। तीर्थयात्रियों की मौत हार्टअटैक और पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों के वायु कोशिकाओं में तरल पदार्थ की मात्रा अधिक होने) के कारण हुई है। चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित है।



**धाम : मृतकों की संख्या**

- केदारनाथ : 30
- बदरीनाथ : 16
- यमुनोत्री : 13
- गंगोत्री : 03
- कुल- 62

### अधिकतर हृदय गति रुकने से हुई हैं मौत

जानकारी के अनुसार अब 12,27,545 तीर्थयात्री चारधाम यात्रा पर आ चुके हैं। इसमें से 62 तीर्थयात्रियों की मौत विभिन्न कारणों से हो चुकी है। ज्यादातर की मौत हृदय गति रुकने से हुई है। चारधाम यात्रा को लेकर रुद्रप्रयाग जनपद के प्रभारी सचिव और स्वास्थ्य सचिव डॉ आर. राजेश ने बताया कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की नियमित स्क्रीनिंग की जा रही है। स्वास्थ्य जांच में जिन श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य ठीक नहीं है उन्हें डॉक्टर यात्रा न करने की सलाह दे रहे हैं। इसके बाद भी कोई यात्रा पर जा रहा है तो उनसे लिखित में फार्म भरवाने की कार्रवाई की जा रही है।

### 50 हजार करोड़ रुपए की इस डील से भारत को 26 राफेल एम फाइटर जेट मिलेंगे

# फ्रांस के साथ भारत की डील से कांपेंगे चीन-पाकिस्तान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार और फ्रांस के बीच राफेल मरीन फाइटर जेट की डील होने वाली है। फ्रांस के अधिकारी भारत आ चुके हैं।

50 हजार करोड़ रुपए की इस डील से भारत को 26 राफेल एम फाइटर जेट मिलेंगे। जानकारी के अनुसार यह बातचीत 30 मई 2024 को होने की संभावना है। फ्रांस की तरफ से आए अधिकारी भारतीय रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से मिलेंगे।

### तीनों से राफेल की तुलना इस प्रकार

*तीनों से राफेल की तुलना समझिए. जे-10 जेट 55.5 फीट लंबा, जे-15 जेट 73.1 फीट और सुखोई-30 जेट 72 फीट लंबा है। जबकि राफेल-एम 50.1 फीट लंबा है। चीन का जे-10 फाइटर जेट को एक पायलट, जे-15 को 1 या 2 और सुखोई-30 को 2 पायलट मिलकर उड़ाते हैं। राफेल को 1 या 2 पायलट उड़ाते हैं। जे-10 का कुल वजन 14 हजार केजी है। जबकि जे-15 का 27 हजार केजी और सुखोई-30 का 24,900 केजी है। जबकि, राफेल का सिर्फ 15 हजार केजी है। यानी हल्का है।*



### नेगोसिएशन शुरू होंगे

*डील पक्की होने के बाद फ्रांस 26 राफेल एम फाइटर जेट भारत को देगा। फ्रांस ने इसके लिए जारी टेंडर के हिसाब से पिछले साल दिसंबर में ही अप्लाई किया था। इस फाइटर जेट के आने के बाद भारतीय विमानवाहक युद्धपोतों पर तैनात एमआईजी 29 के फाइटर जेट्स को सपोर्ट मिलेगा। उन पर मौजूद प्रेशर कम होगा। भारत इस डील में फ्रांस से 22 सिंगल सीटर फाइटर जेट और चार डबल सीटर फाइटर जेट खरीदेगा। डबल सीटर फाइटर जेट ट्रेनिंग के लिए काम आएंगे।*

### भारत और चीन के अलावा किसी के पास नहीं

राफेल-एम एक मल्टीरोल फाइटर जेट है। दक्षिण एशिया की बात करें तो भारत और चीन के अलावा किसी अन्य देश के पास एयरक्राफ्ट कैरियर नहीं है। चीन के एयरक्राफ्ट कैरियर पर तीन तरह के मल्टीरोल फाइटर जेट तैनात है। पहला जे-10, दूसरा जे-15 और तीसरा सुखोई-30 है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109